नई दिल्ली
गुरुवार, 2 मई 2024
वैशाख मास कृष्ण पक्ष, नवमी वर्ष : 28, अंक : 21
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

**मौसम**
अधि. 40
न्यून. 27

# हरिभूमि
दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

## जीएसटी कलेक्शन ने सारे रिकॉर्ड तोड़े अप्रैल में 2.10 लाख करोड़ रुपए पहुंचा

**नई दिल्ली।** देश में गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स (जीएसटी) कलेक्शन के आंकड़े ने सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं और यह अब तक के सर्वाधिक उच्च स्तर पर आ गया है। अप्रैल 2024



में जीएसटी कलेक्शन 2.10 लाख करोड़ रुपए पर आया है। जीएसटी कलेक्शन ने इस बार छप्परफाड़ राजस्व हासिल किया है और सरकार का खजाना भर दिया है। पहली बार किसी महीने में जीएसटी राजस्व 2 लाख करोड़ रुपए के पार चला गया है। अप्रैल 2024 में जीएसटी संग्रह 2.10 लाख करोड़ रुपए रहा है जो ऐतिहासिक कलेक्शन है।




हाल में भाजपा नेता बने अक्षय कांति बम से 'हरिभूमि और आईएनएच' न्यूज चैनल के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी का 'चुनावी संवाद'

# 'बम' का कोई अपहरण नहीं हुआ, इंदौर रामराज्य व सनातन को आगे ले जाने को तैयार है, इसलिए मैंने यह कदम उठाया

## टीवी पर 'सबसे पहले' बम का धमाकेदार इंटरव्यू

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

मप्र की आर्थिक राजधानी के रूप में पहचान रखने वाले शहर इंदौर से कांग्रेस पार्टी ने ऐसे प्रत्याशी को लोकसभा चुनाव में उतारा था, जो भाजपा के खिलाफ किसी बम से कम नहीं था, लेकिन नाम वापसी के आखिरी दिन जब कांग्रेस के बतौर लोकसभा प्रत्याशी अक्षय कांति बम ने अपना फॉर्म वापस लेकर धमाका किया तो समूची कांग्रेस हिल गई। इसके बाद वे भाजपा का हिस्सा भी बन गए। यह कांग्रेस पार्टी के लिए लोकसभा प्रत्याशी के रूप में दूसरा नुकसान हुआ है। इसमें पहला नाम इंडी गठबंधन की सहयोगी पार्टी समाजवादी को दी गई खजुराहो सीट से मीरा यादव का था। उन्होंने फॉर्म ही त्रुटिपूर्ण भरा, जिससे वह निरस्त हो गया था। इसी कड़ी में दूसरा नाम इंदौर लोकसभा का जुड़ गया है। अक्षय बम मानते हैं कि 'बम' का कोई सीता हरण जैसा अपहरण नहीं हुआ, यह आरोप जीतू पटवारी का गलत है। वे 'हरिभूमि' और 'आईएनएच' न्यूज चैनल के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी से 'चुनावी संवाद' कार्यक्रम में अपनी बात रख रहे थे।

inh न्यूज विशेष



**ये भी बोले ?**

1 मैं गर्व के साथ कह सकता हूं कि आज अगर इंदौर शहर का विकास किसी ने किया तो उनका नाम कैलाश विजयवर्गीय है। उनसे मैं प्रभावित हुआ। उन्होंने मुझे यहां तक पहुंचाने में सहयोग किया है।

2 मैं कांग्रेस पार्टी में रहते हुए 6 घंटे काम करता था और आज मैं भाजपा में 18 घंटे तक काम कर रहा हूं, यह भाजपा और कांग्रेस में अंतर है।

### उनसे सीधी बात

**सवालः** कांग्रेस पार्टी ने सोचा था कि आप भाजपा के खिलाफ बम फोड़ेंगे, लेकिन वह बम कांग्रेस पर ही फूट गया, ऐसा क्या हुआ?

**जवाबः** मेरे पुराने कामकाज को देखते हुए पार्टी ने एक महीने पहले टिकट फाइनल कर दिया था। मैंने फॉर्म भी भरा था। मेरा ऐसा मानना है कि लोकसभा का चुनाव नेता के साथ-साथ पार्टी और संगठन चुनाव लड़ता है। इसमें बड़ी भूमिका कार्यकर्ता और पार्टी से जुड़ी संस्थाओं की होती है। सब जानते हैं कि इस समय अलग विषम परिस्थितियां हैं। फॉर्म भरने के बाद से लगातार मैं लोकसभा के 2600 बूथों में से अधिकांश बूथों पर गया, तो मैंने एक बात देखी कि लोग क्या चाहते हैं? आज लोग देश में रामराज्य चाहते हैं। सनातन को आगे ले जाना चाहते हैं। लोग अपनी आर्थिक तरक्की के साथ-साथ देश विश्वगुरु बने, यह देखना चाहते हैं। इसके लिए पीएम नरेंद्र मोदी काम कर रहे हैं। इंदौर भी उनके साथ जाने को तैयार है। इसलिए, मैंने यह कदम उठाया है।

**सवालः** आप किसको देखकर भाजपा में आए। जीतू पटवारी से नाराज होकर या कैलाश विजयवर्गीय के चमत्कार से आए?

**जवाबः** आज संपूर्ण देश में राम भगवान के मंदिर बनने की खुशी है। इससे लोगों को लगने लगा कि देश में जल्द रामराज्य आएगा और इसके लिए संकल्पित भाव से पीएम मोदी काम कर रहे हैं, तो स्वाभाविक है कि उनसे प्रभावित हुआ। पीएम मोदी लोगों को धर्म से जोड़ रहे हैं। मैं कॉलेज चलाता हूं तो मैंने देखा कि पहले बच्चों में भगवान के प्रति नकारात्मक भाव रहता था। उनमें कर्मवीर बनने की सोच होती थी, लेकिन आज वह कर्मवीर बनने के बजाए उनमें भगवान के प्रति झुकाव देखा जा रहा है। मैं गर्व के साथ कह सकता हूं कि आज अगर इंदौर शहर का विकास किसी ने किया तो उनका नाम कैलाश विजयवर्गीय है। उनसे मैं प्रभावित हुआ। उन्होंने मुझे यहां तक पहुंचाने में सहयोग किया है।

**सवालः** जीतू पटवारी से आपके अच्छे संबंध थे, लेकिन अब लोग उनसे पूछ रहे हैं कि आप से अपना घर नहीं संभल रहा। अब आप पटवारी और बम का भविष्य क्या देख रहे हैं?

**जवाबः** जरूर, उनको मेरे इस कदम से कहीं न कहीं तकलीफ तो हुई होगी, लेकिन मैं हारता तो उन्हें ज्यादा तकलीफ होती। संबंध तो मेरे जीतू पटवारी से अच्छे थे और हमेशा रहेंगे। किसी से मेरी व्यक्तिगत दुश्मनी नहीं है। मैं इंदौर के लोगों की आवाज बनना चाहता हूं, इसलिए भी यह कदम उठाया। राजनैतिक भविष्य का मतलब यह कभी नहीं होता कि चुनाव लड़ना, जीतना या फिर कोई पद पाना। महत्वपूर्ण यह होता है कि दुखी, शोषितों की आवाज उठाना। ▸▸ शेष पेज 5 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सवाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

**खबर संक्षेप**

### पीएम 13 को वाराणसी से भरेंगे नामांकन

**वाराणसी।** पीएम नरेंद्र मोदी वाराणसी लोकसभा सीट से 13 मई को अपना नामांकन दाखिल करेंगे।



सातवें चरण के लिए सात मई से नामांकन शुरू हो रहा है। 11 मई को शनिवार है। 12 मई को रविवार होने के चलते नामांकन नहीं होगा। वहीं, 14 मई अंतिम दिन है। ऐसे में 13 मई सोमवार को प्रधानमंत्री का नामांकन दाखिल करेंगे। इस मौके पर काशीवासी मौजूद रहेंगे।

### एलपीजी सिलेंडर सस्ता 19 रुपए कम हुए दाम

**नई दिल्ली।** तेल कंपनियों ने कमर्शियल एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमतों में बदलाव किया है।



19 किलोग्राम वाले कमर्शियल एलपीजी गैस सिलेंडर के दाम बुधवार से 19 रुपए कम हो गए हैं। दिल्ली में 19 किलो वाले कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर 1,745.50 रुपए का हो गया है। कंपनियों ने चुनाव के बीच में ये फैसला लिया है।

### ऋषभ पंत ने घटाया 16 किग्रा तक वजन

**नई दिल्ली।** आईपीएल में वापसी करने के बाद ऋषभ पंत की भारतीय टीम में भी वापसी हुई है।



टी20 वर्ल्ड कप के लिए ऋषभ पंत को फिट होने के लिए काफी त्याग करना पड़ा। उन्हीं में से एक हैं उनका वजन घटना। पंत ने कार एक्सीडेंट के बाद अपने पसंदीदा खाद्य पदार्थों को खाना छोड़ दिया और 16 किलो तक वजन घटाया।

दिल्ली के करीब 100 स्कूलों में बम की धमकी का पाकिस्तान कनेक्शन!

# जांच एजेंसियों को शक... आईएसआई के इशारे पर आईएस मॉड्यूल ने रची साजिश

*इसकी खबर मिलते ही स्कूलों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। छात्रों को तुरंत क्लास से बाहर निकाल लिया गया। स्कूलों ने अभिभावकों से अपने बच्चों को घर वापस ले जाने का मैसेज किया।*

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

दिल्ली और आसपास के इलाकों के 100 से ज्यादा स्कूलों में बम की धमकी के मामले की जांच कर रही एजेंसियों को यह शक है कि देश के अंदर अस्थिरता लाने के लिए पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के इशारे पर यह साजिश आईएसआईएस मॉड्यूल ने रची हैं। मामले की जांच जारी है। खुफिया सूत्रों के मुताबिक चुनाव के दौरान आईएसआई लगातार हिंदुस्तान में अस्थिरता लाने या फिर डर के हालात पैदा करना चाहता था। इसके लिए ▸▸ शेष पेज 5 पर ▸▸ पढ़ें पेज 02 भी

**बम की सूचना मिलते ही पुलिस और बम निरोधक दस्ते ने स्कूलों की जांच की**

सुबह 4 बजकर 15 मिनट पर सभी स्कूलों को आया ई-मेल

किसी भी स्कूल में कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला



**एलजी बोले-उपद्रवियों और दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा**

दिल्ली के एलजी वीके सक्सेना ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया मैं अभिभावकों से अनुरोध करता हूं कि वे घबराएं नहीं। स्कूलों और बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में प्रशासन का सहयोग करें। उपद्रवियों और दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। वहीं दिल्ली सरकार में मंत्री आतिशी ने भी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया कि कुछ स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। छात्रों को स्कूल से बाहर निकाल लिया गया है और दिल्ली पुलिस द्वारा स्कूल परिसरों की तलाशी ली जा रही है।

**विदेशी सर्वर से मही भाषा में भेजा गया मेल...**

### हमारे हाथों के लोहे तुम्हारे चीथड़े उड़ा देंगे

*विदेश के सर्वर से भेजने के कारण मेल आईडी (एसएडब्ल्यूएआरआईएमएस) के आईपी एड्रेस का पुलिस पता नहीं लगा पाती है इसलिए मेल भेजने वाले पकड़े नहीं जाते हैं। दिल्ली पुलिस ने धमकी भरे ईमेल को फर्जी बताया है। पुलिस ने कहा कि ऐसा लगता है कि किसी ने दहशत पैदा करने के लिए ऐसा किया है। मेल में लिखा है- विरासत में मिले कुछ लोगों को इस्लाम के दुश्मनों के निवास स्थान में युद्ध के क्षेत्र में शहीद होना होगा। उनके लिए महान शक्तियों के साथ लोहा भेजा है। हमारे हाथों में जो लोहा है वह हमारे दिलों को गले लगाता है। हम उसे हवा के माध्यम से भेजेंगे और तुम्हारे घृणित शरीरों को फाड़ देंगे। हम अल्लाह की इजाजत से तुम्हारे गले और मुंह फाड़ देंगे, हम तुम्हें आग की लपटों में भेज देंगे, जिसमें तुम पिघल जाओगे।*

### पैनल गठन सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जज की निगरानी में किया जाए

# जो लोग इस वैक्सीन के कारण अक्षम हो गए या जिनकी मौत हो गई... उन्हें 'मुआवजा' दिया जाए

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

कोविशील्ड का मामला अब सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। कोविशील्ड वैक्सीन को लेकर वकील विशाल तिवारी ने सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दाखिल की है।

इस याचिका में एक्स डायरेक्टर की अध्यक्षता में कोविशील्ड वैक्सीन के दुष्प्रभाव और जोखिम की जांच के लिए चिकित्सा विशेषज्ञ पैनल का गठन करने की मांग की गई है। साथ ही कहा गया है कि ये सब सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जज की निगरानी में किया जाना चाहिए। इस याचिका में कोविशील्ड वैक्सीन के दुष्प्रभावों और इसके जोखिम कारकों की जांच करने और वैक्सीन से हुए नुकसान का निर्धारण करने के लिए केंद्र को निर्देश जारी करने की भी मांग की गई है। इतना ही नहीं इस याचिका में ये भी साफ ▸▸ शेष पेज 5 पर

कोविशील्ड पर सुप्रीम कोर्ट में याचिका : एक्स डायरेक्टर की अध्यक्षता में वैक्सीन के दुष्प्रभाव और जोखिम की जांच के लिए चिकित्सा विशेषज्ञ पैनल के गठन की मांग



### एस्ट्राजेनेका ने मानी थी साइड इफेक्ट की बात

*कोविड-19 रोधी वैक्सीन कोविशील्ड बनाने वाली कंपनी एस्ट्राजेनेका ने स्वीकार किया था कि जिन लोगों ने कोरोना के दौरान कोविशील्ड वैक्सीन ली है उनमें रेयर साइड इफेक्ट हो सकते हैं। वैक्सीन निर्माता ने अदालती दस्तावेजों में कहा था कि कोविशील्ड, दुर्लभ मामलों में एक ऐसी स्थिति का कारण बन सकती है, जिससे खून के थक्के जम सकते हैं और प्लेटलेट की संख्या कम हो सकती है।*

आर्थिक तंगी 'यहां तक' ले आई...

# डॉक्टर ने चार परिजनों को मार डाला... फिर खुद फांसी लगाई

आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा में घर में मिले डॉक्टर समेत परिवार के 5 लोगों के शव




एजेंसी ▸▸ विजयवाड़ा

पुलिस के अनुसार एक डॉक्टर ने अपने परिवार के चार सदस्यों को मार डाला। उसके बाद खुद फंदे से लटक कर जान दे दी। बताया जाता है कि मरने वाला डॉक्टर आर्थिक संकट से गुजर रहा था। घर में पांच लोगों के शव बरामद हुए हैं।

विजयवाड़ा ईस्ट के डीसीपी अधिराज ▸▸ शेष पेज 5 पर

**पड़ोसी को दे दी थी कार की चाबी**

डीसीपी ने बताया कि पुलिस को यह भी जानकारी मिली है कि घटना वाली रात सोमवार को डॉक्टर डी श्रीनिवास ने अपने पड़ोसी को अपनी कार की चाबी दी थी। उन्होंने चाबी उनके भाई को दे देने को कहा था, क्योंकि वे लोग पूरा परिवार कहीं बाहर जा रहे हैं।

## 3-4 मई की रात जर्मनी से लौटेंगे रेवन्ना, नहीं आए तो 'भगोड़ा' होंगे



**हासन।** कर्नाटक के अश्लील वीडियो विवाद में फंसे हासन के सांसद प्रज्वल रेवन्ना का इस मामले पर पहला रिएक्शन आया है। रेवन्ना इस कांड के खुलासे के तुरंत बाद ही विदेश चले गए थे। अब उन्होंने ट्वीट कर इस मामले पर रिएक्शन ▸▸ शेष पेज 5 पर

## वंदे भारत मेट्रो बनकर तैयार...ट्रायल जुलाई से



**सामने आई पहली झलक शुरुआत में 50 ट्रेनें बनेंगी**

*कपूरथला। वंदे भारत ट्रेनों के बाद अब देश के कई बड़े शहरों में वंदे भारत मेट्रो चलाने की तैयारी है। वंदे भारत मेट्रो ट्रेन की पहली झलक भी सामने आ चुकी है। इस खास मेट्रो ट्रेन का ट्रायल इसी साल साल जुलाई से किया जाएगा। पंजाब के कपूरथला में* ▸▸ शेष पेज 5 पर

राष्ट्रपति शाम करीब 4:00 बजे अयोध्या के महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट पहुंचीं

# राष्ट्रपति मुर्मू ने किए श्री रामलला के दर्शन सरयू का दुग्ध अभिषेक कर पूजन किया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ अयोध्या

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु बुधवार को अयोध्या पहुंचीं और उन्होंने श्री रामलला के दर्शन किए। इससे पहले उन्होंने सरयू का दुग्ध अभिषेक कर उनका पूजन किया और 2100 बत्ती की आरती की। राष्ट्रपति शाम करीब 4:00 बजे महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट पर उतरीं। इसके बाद ▸▸ शेष पेज 5 पर



*अयोध्या में राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए बोले अनुराग ठाकुर*

## आना तो हमेशा राम की शरण में ही है

अयोध्या पहुंचे केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने रामलला के दर्शन किए और इस दौरान मीडिया से बातचीत करते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर जमकर निशाना साधा।

उन्होंने कहा, राहुल और विपक्ष जितनी मर्जी उतनी चादर चढ़ा लें, लेकिन आना उन्हें राम की शरण में ही है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि 500 साल के लंबे इंतजार के बाद अयोध्या में भव्य व ऐतिहासिक राम मंदिर का निर्माण हुआ है, लेकिन



कुछ लोग अपनी ओछी राजनीति से बाज नहीं आ रहे हैं। इन लोगों को कभी अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण से ▸▸ शेष पेज 5 पर

### दिल्ली पुलिस को मिली कुल 131 कॉल्स, स्पेशल सेल करेगी जांच

# सौ से ज्यादा स्कूलों को मिली बम बलास्ट की धमकी, दिनभर राजधानी में रहा अफरा तफरी का माहौल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली






राजधानी के सौ से ज्यादा स्कूलों को बुधवार सुबह बम बलास्ट की धमकी वाला ईमेल भेजा गया। एक साथ इतने बड़े स्तर पर ईमेल मिलने से दिल्ली पुलिस समेत तमाम सुरक्षा एजेंसियों की सांसे फूल गई। दिनभर पूरी दिल्ली में अफरा तफरी का माहौल रहा। अभिभावक अपने बच्चों की सलामती को लेकर चिन्तित रहे। मामले को लेकर एलजी ने दिल्ली पुलिस से विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। मामले की जांच स्पेशल सेल को दी गई है। दिल्ली पुलिस ने बताया कि उसे कुल 131 पीसीआर कॉल्स इस धमकी के बाद प्राप्त हुई, जिनमें ज्यादातर स्कूलों की तरफ से की गई थी।

धमकी वाले ईमेल की सूचना सबसे पहले द्वारका के बीजीएस इंटरनेशनल स्कूल, सेक्टर 5 से दिल्ली पुलिस को मिली। दिल्ली पुलिस, बम निरोधक दस्ते और खोजी कुतों व दमकल विभाग के साथ स्कूल पहुंची और सघन तलाशी अभियान शुरू किया। इसके बाद ऐसे धमकी वाले ईमेल से जुड़ी कॉल आने का सिलसिला शुरु हो गया था। पुलिस ने सभी स्कूलों को खाली करवाकर कई घंटे तक चैकिंग की। राहत की सांस तब ली जब सभी स्कूलों के अंदर ऐसी कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। इस बीच स्कूलों में बम की खबर से पूरी दिल्ली में हड़कंप मच गया। जैसे ही यह बात अभिभावकों को पता चलती गई, वे भी फौरन स्कूल पहुंचने लगे। ज्यादातर परिजन अपने बच्चों को घर ले गये। सभी स्कूलों में दोपहर तक चली जांच पड़ताल के बाद पुलिस ने इन धमकियों को फर्जी करार दिया। दिल्ली के उप राज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने भी डीएवी स्कूल मॉडल टाउन पहुंच स्थिति का जायजा लिया। पुलिस की शुरुआती जांच में पता लगा है सभी स्कूलों को भेजे गए ईमेल की भाषा का पैटर्न एक जैसा है। जिस आईपी एड्रेस का इस्तेमाल कर ये ईमेल भेजे गए, उसका सर्वर रुस से जुड़ा मिला है। सभी ईमेल में नफरत वाली भाषा और जिहाद का जिक्र किया गया है। अब पुलिस इस तरह की धमकी देने वाले के बारे में जानकारी जुटाने में लगी है। स्पेशल सेल से लेकर साइबर सेल की कई टीमें मेल भेजने वाले के बारे में जानकारी जुटाने में लगी हैं। बताया गया कि इसी तरह के धमकी भरे ईमेल मंगलवार को भी कुछ अस्पताल, राष्ट्रपति भवन समेत कई सरकारी बिल्डिगों को भेजे गए थे। अभी तक की तफ्तीश में किसी आतंकी संगठन ने धमकी भरे ईमेल भेजने की जिम्मेदारी नहीं ली है। दिल्ली पुलिस के मुताबिक स्कूलों में बम रखे होने वाले ईमेल पिछले दिनों कई स्कूलों को मिल चुके हैं। पुलिस ने हर ईमेल को गंभीरता से लेकर जांच की और कई शरारती तत्वों को पकड़ा भी गया। लेकिन बुधवार को तड़के 3 बजकर 30 मिनट से लेकर 5 बजकर 50 मिनट के बीच भेजे गए धमकी वाले ईमेल ने पुलिस के साथ साथ अभिभावकों को भी चिंता में डाल दिया। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने स्कूलों में बम की धमकी को लेकर मुकदमा दर्ज कर लिया है। सूत्रों का कहना है ईमेल भेजने के लिए एक प्रॉक्सी एड्रेस का इस्तेमाल किया गया। ईमेल रूस से किया गया था और यह किसी वीपीएन का इस्तेमाल करते हुए भेजा गया हो सकता है। इसका एकमात्र मकसद दिल्ली में दहशत फैलाना था, जो एक योजना के तहत किया गया। यह धमकी भरी हरकत किसी की शरारत भी हो सकती है, जिसने विदेश के जरिए दिल्ली में हड़कंप मचाने का काम किया। बहरहाल, इन धमकी को लेकर पुलिस ने राजधानी के सभी मेट्रो स्टेशन, बस अड्डों से लेकर महत्वपूर्ण स्थलों पर तैनात जवानों को अलर्ट कर दिया है।

### ईमेल में जेहादी भाषा का किया गया इस्तेमाल

ईमेल में जेहादी भाषा का इस्तेमाल किया गया है। ऐसी भाषा आतंकी संगठन आईएसआईएस भी इस्तेमाल करता है। ईमेल में लिखा कि जहां भी तुम मिलो, उन्हें मार डालो। उन्हें उन जगहों से बाहर निकालो जहां से उन्होंने तुम्हें निकाला है। स्कूल में कई विस्फोटक उपकरण हैं, अल्लाह ने हमें एक मौका दिया है कि विरासत में मिले कुछ लोगों को इस्लाम के दुश्मनों के निवास स्थान में युद्ध के क्षेत्र में शहीद होना होगा। हमारे हाथों में जो लोहा है, वह हमारे दिलों को गले लगाता है। इंशाल्लाह, हम उसे हवा के माध्यम से भेजेंगे और तुम्हारे शरीरों को फाड़ देंगे, हम अल्लाह की इजाजत से तुम्हारे गले और मुंह को फाड़ देंगे, हम तुम्हें आग की लपटों में झोंक देंगे, जिससे तुम्हारा दम घुट जाएगा। अल्लाह ने इसके लिए हमारे भीतर आग पैदा की है। जो बुराई तुमने पैदा की है, उसका धुआं आसमान में उतर जाएगा, तुम्हारे पास बहुत सारा खाली लोहा है। किसी भी मात्रा में शून्य की कोई शक्ति नहीं है, हम यह आग बन गए हैं, हम इसे तोड़ देंगे और उन्हें इसके नीचे दफना देंगे। यह सब खत्म हो रहा है और सब शून्य हो जाएगा। क्या आपने सच में सोचा था कि बचपन से आपने जो भी बुरे काम किए हैं, उनका कोई जवाब नहीं होगा, हमारे दिलों में जिहाद की आग जल रही है इंशाअल्लाह। इमारतों की छत पर एक नजर डालें, हम तुम्हारे पैरों के नीचे से आग निकाल देंगे।

### पुलिस को दूसरी कॉल गोयला डेयरी के स्कूल से मिली

दूसरी कॉल, सेंट थॉमस स्कूल, सेक्टर 19 गोयला डेयरी, द्वारका के स्कूल से पुलिस को मिली। स्कूल के प्रिंसिपल ने कॉल कर बताया कि हमारे स्कूल की मेल आईडी पर एक धमकी वाला मेल आया है। इसमें लिखा हुआ है, there are many explosive devices in the school, यह मेल तड़के 5 बजकर 50 मिनट पर आया था। हमनें स्कूल खोला जिसके बाद यह पता चला।

### तीसरा, सचदेवा ग्लोबल स्कूल, सेक्टर 18 द्वारका

यहां से आई पीसीआर कॉल में फोन करने वाले ने बताया कि यह धमकी वाला मेल तड़के 3 बजकर 39 पर आया था। इसमें बताया गया कि स्कूल में बम लगा रखे हैं। चौथा कॉल एमबीएस इंटरनेशनल स्कूल, सेक्टर 11 द्वारका से पुलिस को आया। कॉलर ने बताया कि स्कूल में बम से जुड़ी धमकी वाली मेल आया है। कृप्या मदद करें। इसके बाद पूरी दिल्ली से ऐसे कॉल्स पुलिस व दमकल विभाग को मिले। दिल्ली पुलिस पीआरओ विभाग की तरफ से बताया गया कि कुल 131 पीसीआर कॉल्स स्कूल व उनके स्टाफ की तरफ से पीसीआर को मिली।

### कहीं आईएसआईएस मॉड्यूल का हाथ तो नहीं

स्कूलों को भेजे गए धमकी भरे ईमेल के पीछे आईएसआईएस मॉडयूल का भी हाथ होने का शक है। क्योंकि ये मेल sawariim@mail.ru नाम की आईडी से भेजे गए। sawari-im अरेबिक शब्द है, जिसका इस्तेमाल 2014 से इस्लामिक स्टेट द्वारा इस्लामिस्ट प्रोपेगंड को फैलाने के लिए किया जाता है। जांच एजेन्सियां इस पहलू को ध्यान में रखकर भी अपनी जांच को आगे बढ़ा रही हैं। पुलिस इस घटना को बेहद गंभीरता से ले रही है। पुलिस पता लगा रही है कहीं इन धमकियों के पीछे किसी आतंकी संगठन का हाथ तो शामिल नहीं है। क्योंकि अगर कोई सिरफिरा शरारत करता तो वह एक या दो स्कूल में ही मेल भेजता, लेकिन यह संख्या सौ से ऊपर है।

### उपराज्यपाल ने पुलिस से मांगी रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** स्कूलों में बम रखे होने की फर्जी काल ने बुधवार को पूरी दिल्ली एनसीआर को हिलाकर रख दिया। हजारों बच्चों के अभिभावक हैरान परेशान हो रहे थे। बम रखे होने की खबर के बाद सुरक्षा एजेंसियों द्वारा गहन छानबीन के दौरान ही उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने अभिभावकों से अपील करते हुए अपने सोशल मीडिया मंच एक्स पर संदेश में लिखा कि, मैं अभिभावकों से अनुरोध करता हूं कि वे घबराएं नहीं। उन्होंने अपील करते हुए लिखा कि अभिभावक व संबंधित सभी स्कूलों और बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में प्रशासन का सहयोग करें। उपद्रवियों और दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने लिखा कि कोई भी किसी भी तरह से भी पैनिक न करें। पुलिस मामले की जांच कर रही है। दोषी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी और अब तक की जांच में कोई संदिग्ध सामान बरामद नहीं हुआ है। जानकारी अनुसार जैसे ही स्कूलों में बम रखने की खबर फैली , एलजी ने तुरंत पुलिस आयुक्त से बात की और यथा स्थिति जानी। एलजी लगातार पुलिस से संपर्क बनाए रहे और समय समय पर दिया निर्देश भी देते रहे।

### दिल्ली सरकार ने विद्यालयों के लिए जारी किया परामर्श

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

हमारे सभी छात्र और शिक्षक सुरक्षित हैं। हम यह सब आश्वस्त करना चाहते हैं कि हमारे छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों की सुरक्षा और भलाई हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। दिल्ली के स्कूलों में बम की धमकी का ईमेल प्राप्त होने के बाद दिल्ली सरकार के शिक्षा निदेशालय ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए बुधवार को यह जानकारी मीडिया को साझा की। शिक्षा विभाग प्रशासन ने बताया कि ईमेल के माध्यम से धमकियां मिलने के बाद छात्रों, अभिभावकों और कर्मचारियों के बीच चिंता पैदा हो गई। स्थिति का तुरंत समाधान करने को लेकर त्वरित और निर्णायक कार्रवाई की गई। तुरंत दिल्ली पुलिस को सूचित किया गया, और दिल्ली पुलिस ने संबंधित प्रोटोकॉल के साथ स्कूल अधिकारियों के साथ सभी स्कूलों का गहन निरीक्षण किया। यह बताया गया है कि इस निरीक्षण के दौरान कोई संदिग्ध वस्तु या गतिविधियां नहीं मिलीं।
प्रशासन ने बताया कि छात्रों को उस परिसर से बाहर जाने की अनुमति दी गई जहां उनके माता-पिता थे। उनके आराम और सुरक्षा को सुनिश्चित किया गया। बताया गया कि घबराने की कोई बात नहीं है। स्कूल अधिकारियों, दिल्ली पुलिस और अभिभावकों ने समय रहते कार्य किया। यह दोहराया गया है कि सब कुछ सामान्य है और किसी को कोई हंगामा नहीं करना चाहिए।

### निगम के किसी भी स्कूल के गेट पर नहीं है सुरक्षा गार्ड : शिक्षक यूनियन

शिक्षक न्याय मंच नगर निगम के अध्यक्ष कुलदीप सिंह खत्री ने बुधवार को बयान जारी कर कहा कि निगम स्कूलों की तो और बुरी हालत है, यहां 1534 स्कूलों में से किसी भी स्कूल के गेट पर सुरक्षा गार्ड नहीं है। सुरक्षा की जिम्मेदारी भी शिक्षकों पर है, जैसे शिक्षकों ने कमांडो ट्रेनिंग भी ले रखी हो। आज दिल्ली में जो कुछ हुआ उसे दिल्ली के स्कूलों का सुरक्षा ऑडिट हो गया। कोई भी स्कूल सुरक्षित नहीं है और आज जो कुछ हुआ उसे देखकर यही लगा कि दिल्ली के सरकारी स्कूलों के बच्चों और शिक्षकों की सुरक्षा की चिंता किसी को नहीं है।

---

## खबर संक्षेप

### काला जठेड़ी गैंग के तीन शूटर मुठभेड़ के बाद धरे

**नई दिल्ली।** क्राइम ब्रांच ने काला जठेड़ी-रोहित मोई-अनिल छिप्पी गैंग से जुड़े तीन शूटरों को गिरफ्तार किया है। इनसे दो पिस्टल, दो कट्टे, 17 कारतूस बरामद हुये हैं। आरोपी अलग-अलग जिलों के कई फायरिंग केस में वांछित थे। डीसीपी अमित गोयल के अनुसार एसीपी नरेश कुमार की टीम ने इन बदमाशों को मुठभेड़ के बाद पकड़ा है। आरोपियों के नाम जनकपुरी निवासी गुरप्रीत, निहाल विहार निवासी राहुल और शिव नगर एक्सटेंशन निवासी गुरप्रीत सिंह है। कापसहेड़ा छावला रोड एरिया में मंगलवार देर रात हुए इस शूटआउट के दौरान गुरप्रीत और राहुल ने पुलिस के ऊपर चार राउंड फायरिंग की। इनमें एक गोली पुलिस कर्मी की बुलेट प्रूफ जैकेट पर भी लगी। इसके जवाब में पुलिस ने पांच राउंड फायरिंग की, जिसमें एक गोली पैर में लगने से गुरप्रीत घायल हो गया। उसे नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया। इनके पास से एक चोरी की स्कूटी भी मिली है। आरोपी गुरप्रीत सिंह उर्फ अमित हत्या के प्रयास, रंगदारी समेत कई जघन्य मामलों में वांछित रहा हैं।

### डीयू: पीएचडी दाखिला मामले में याचिका दायर

**नई दिल्ली।** फोरम ऑफ एकेडेमिक्स फॉर सोशल जस्टिस के चेयरमैन डॉ. हंसराज सुमन ने दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स के अर्थशास्त्र विभाग में एससी/एसटी के उम्मीदवारों को पीएचडी दाखिले में यूजीसी व भारत सरकार की आरक्षण नीति की सरेआम उल्लंघन किए जाने पर राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग, अनुसूचित जाति के कल्याणार्थ संसदीय समिति व राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग में एक विशेष याचिका दायर कर पीएचडी दाखिलों में हुई अनियमितताओं की उच्च स्तरीय कमेटी से जांच कराने की मांग की है। फोरम ने आयोग व संसदीय समिति में दायर याचिका में बताया है कि अर्थशास्त्र विभाग ने अपने यहां पीएचडी में दाखिले के लिए उम्मीदवारों से आवेदन मांगे।

## शाहबाद डेरी: झुग्गी बस्ती में आग लगी, 100 परिवार बेघर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली के शाहबाद डेरी इलाके में एक झुग्गी बस्ती में आग लगने के कारण कम से कम 100 परिवार बेघर हो गए। दमकल विभाग के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि हमें दोपहर एक बज कर करीब 45 मिनट पर आग लगने की सूचना मिली।

दमकल की कुल 10 गाड़ियों को घटनास्थल पर भेजा गया। हमने मामले की जानकारी स्थानीय पुलिस को भी दे दी है। उन्होंने कहा कि अब तक किसी के हताहत होने की खबर नहीं मिली है और आग पर काबू पाने की प्रक्रिया जारी है। अधिकारियों ने बताया कि झोपड़ियों के अंदर रखे कई रसोई गैस सिलेंडरों में भी आग लग गई, जिससे बड़े पैमाने पर विस्फोट जैसी स्थिति पैदा हो गई। उन्होंने कहा कि आग के कारण उठता घना काला धुआं दूर से देखा जा सकता है। घरेलू सहायक के तौर पर काम करने वाले बिहार के एक प्रवासी श्रमिक धर्मेश कुमार ने कहा कि वह अपने परिवार के साथ पांच साल से अधिक समय से वहां रह रहे हैं। कुमार ने कहा कि अब तक हमारे पास यही छोटी सी झोपड़ी है, लेकिन हमारे सारे सपने हमारी आंखों के सामने जल गए। अब हमारे पास कुछ भी नहीं बचा है क्योंकि हमारा सारा सामान राख हो गया है। उन्होंने कहा कि हम अपना घर खोकर निराश हैं। सरकार को हमारी गुहार सुननी चाहिए। आग लगने का कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है।

### फर्जी वीजा रैकेट में शामिल एजेंट दबोचा

**नई दिल्ली।** आईजीआई एयरपोर्ट पुलिस ने एक यूपी के एजेंट को गिरफ्तार किया है। इस पर एक यात्री को 2024 में फर्जी वीजा पर बाकू, अजरबैजान भेजने की कोशिश की थी। इसके साथ ही इसने 2023 में थाईलैंड के भी फर्जी वीजा की भी व्यवस्था की थी। यात्री को बाद में अजरबैजान से डिपार्ट किया गया था। डीसीपी एयरपोर्ट उषा रंगनानी ने बताया कि हवाई यात्रा को सुरक्षित और विश्वसनीय बनाने के दिल्ली पुलिस के अथक प्रयास जारी हैं। पकड़े गये एजेंट का नाम नसीम अली निवासी बिजनौर बताया गया है। पुलिस के अनुसार 4 मार्च 24 को एक भारतीय नागरिक सलाउद्दीन को बाकू, अजरबैजान से डिपोर्ट किया गया था। उसके दस्तावेजों की जांच करने पर पता चला कि उसके पासपोर्ट का एक पेज गायब है। यह अनुमान लगाया गया था कि गायब पृष्ठ पर नकली वीजा या नकली स्टांप चिपकाया गया था। इसे लेकर 420 आईपीसी और 12 पीपी अधिनियम के तहत केस दर्ज किया गया था। सलाउद्दीन ने पूछताछ करने पर बताया कि वह 5वीं कक्षा तक पढ़ा है। वह अपनी पैसा कमाने के लिए विदेश जाना चाहता था। 2023 में वह नसीम अली नाम के एक एजेंट के संपर्क में आया था। उसने डेढ़ लाख रुपये में सलाउद्दीन के पासपोर्ट की व्यवस्था की और उसकी यात्रा के लिए थाईलैंड का एक नकली वीजा भी तैयार किया। लेकिन कुछ दिनों के बाद, एजेंट ने उसे बताया कि उसकी थाईलैंड की यात्रा संभव नहीं हो पाएगी।

### 3 मई 1995 को हुई थी शुरुआत

## डीएमआरसी कल मनाएगी अपना 30वां स्थापना दिवस

सत्यप्रकाश ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) गुरुवार 3 मई को 30 वां स्थापना दिवस मनाएगी। दिल्ली मेट्रो ने अपनी स्थापना से लेकर आज तक दिल्ली और भारत ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में अपनी अलग पहचान स्थापित करने में महत्वपूर्ण कामयाबी हासिल की है। भारत सरकार और दिल्ली सरकार ने संयुक्त रूप से 3 मई 1995 के दिन दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (डीएमआरसी) की स्थापना की गई थी।



सरकार ने भारत और वह भी दिल्ली जैसे शहर में मेट्रो निर्माण की विभिन्न चुनौतियों के बीच डाक्टर ई. श्रीधरन को डीएमआरसी का प्रथम प्रबंध निदेशक बनाया। स्थापना के समय से लेकर ई. श्रीधरन ने 31 दिसंबर 2011 तक सेवामुक्त होने तक डीएमआरसी के खाते में अनेक महत्वपूर्ण आयाम जोड़े, जिसके चलते उन्हें मेट्रो मैन की ख्याति अर्जित की। बाद में दूसरे प्रबंध निदेशक बने मंगू सिंह ने डीएमआरसी के कारवां को लगातार आगे बढ़ाया और वर्तमान में तीसरे प्रबंध निदेशक सतीश कुमार डीएमआरसी को लगातार प्रगति पथ पर लेकर जा रहे है। स्थापना के बाद 24 दिसंबर 2002 को भारत की प्रथम मेट्रो रेल ने सबसे पहले रेड लाइन पर शाहदरा से तीस हजारी के बीच लगभग 8.4 किलोमीटर में मेट्रो परिचालन ने अपनी मौजूदगी दर्ज कराई। इस ऐतिहासिक क्षण के गवाह बने देश के प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी, तत्कालीन सीएम शीला दीक्षित और पूर्व सीएम मदनलाल खुराना। ठीक अगले दिन यानी 25 दिसंबर 2002 को मेट्रो ने दिल्ली के लोगों को अनोखी और नए कीर्तिमान स्थापित करने वाली रोमांचक यात्रा करवाते हुए नया इतिहास रच दिया। जिसके बाद से आज तक डीएमआरसी का विस्तार दर विस्तार का सफर जारी है। आज दिल्ली मेट्रो रेल 288 स्टेशनों के साथ 393 किमी लंबे रूट पर रोजाना लाखों लोगों को यात्रा करवा रही है। इसमें दिल्ली से लेकर एनसीआर के शहर, गुरुग्राम, नोएडा, बहादुरगढ़ और फरीदाबाद (बल्लभगढ़) के बीच शान से दौड़ रही है। उम्मीद है कि आने वाले समय में वाया नरेला होते हुए सोनीपत बॉर्डर तक मेट्रो की पहुंच होगी। वर्तमान में मेट्रो लाइनों की कुल संख्या 12 हो चुकी है।

### आईपीएस सतीश गोलचा को तिहाड़ जेल डीजी का अंतरिम प्रभार सौंपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

भारतीय पुलिस सेवा के वरिष्ठ अधिकारी सतीश गोलचा को संजय बेनीवाल की सेवानिवृत्ति के बाद महानिदेशक (कारागार) का अंतरिम प्रभार सौंपा गया है। गोलचा 1992 बैच के अरुणाचल प्रदेश-गोवा-मिजोरम एवं केंद्र शासित प्रदेश (एजीएमयूटी) कैडर के आईपीएस अधिकारी हैं। वह अभी दिल्ली पुलिस में स्पेशल सीपी इंटेलीजेंस का काम देख रहे हैं। गोलचा ने अरुणाचल प्रदेश में पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) के रूप में भी काम किया है। वह उत्तर पूर्वी दिल्ली में 2020 में हुए दंगों के दौरान विशेष पुलिस आयुक्त लॉ एंड ऑर्डर थे। 1989 बैच के एजीएमयूटी कैडर के आईपीएस अधिकारी बेनीवाल 30 अप्रैल को तिहाड़ डीजी पद से सेवानिवृत्त हो गये। उपराज्यपाल वी.के. सक्सेना द्वारा जारी आदेश के अनुसार गोलचा अंतरिम उपाय के तहत तब तक महानिदेशक (कारागार) का प्रभार संभालेंगे। सरकार की ओर से तिहाड़ जेल के डीजी की नियुक्ति के लिए मंजूरी का प्रस्ताव निर्वाचन आयोग को पहले ही भेजा जा चुका है। अभी वहां से इसकी मंजूरी मिलने का इंतजार है।

**उत्तर रेलवे**
आज़ादी का अमृत महोत्सव

**ई–निविदा सूचना**

वरिष्ठ मंडल वि. अभि./क.वि., डी. आर.एम.ऑफिस, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्य हेतु खुली निविदायें आमंत्रित करते हैं।

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम व स्थान | मौजूदा ईएमयू लाइन नंबर 1 और 2 का विस्तार एनजेडएम स्टेशन पर और एएनवीटी और एसएसबी यार्ड में आरपीसी सुविधा। |
| अनुमानित लागत | Rs.56,92,887.69/- |
| बयाना राशि | Rs.1,13,900/- |
| ई–निविदा ऑनलाइन जमा करने की अवधि | 10.05.2024 (10.30बजे) से 24.05.2024 (15.00 बजे तक) |
| ई–निविदा समापन की अंतिम तथा ई–निविदा खुलने की तारीख और समय | 24.05.2024 (15.00 बजे) |
| निविदा छपाई की लागत | Capital (20167103) |
| वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | www.ireps.gov.in |

निविदा संख्या – 16.क.वि., – नई दिल्ली–2024–25
दिनांक : 29.04.2024 1302/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आशीष, पुत्रः राजेश, पताः जी–80, गज एचबी–76, सुल्तानपुरी, दिल्ली** ने **FIR No. 429/2015, dated 03.05.2015, U/s 356/379/411 IPC, पुलिस थाना सुल्तानपुरी, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **आशीष** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि **आशीष** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 429/2015, dated 03.05.2015, U/s 356/379/411 IPC, पुलिस थाना सुल्तानपुरी, दिल्ली** के अभियुक्त **आशीष** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **03.06.2024** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री सान्या दलाल
महानगर दंडाधिकारी–01
कमरा नं. 102, पहली मंजिल
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/5099/OD/2024

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**(धारा 82 Cr.P.C. देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सोनू उर्फ मुल्लाह पुत्र मुन्ना सिंह निवासी बी-151, गली नं. 3, सत्या एन्क्लेव, प्रेम नगर-3, किराड़ी सुलेमान नगर, दिल्ली** ने एफआईआर संख्या **269/2017, अन्तर्गत धारा 392/411/34 आईपीसी, थाना नांगलोई, (बाहरी जिला) दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सोनू उर्फ मुल्लाह** मिल नहीं रहा/रही है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सोनू उर्फ मुल्लाह** फरार हो गया/गई है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा/रही है) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि एफआईआर संख्या **269/2017, अन्तर्गत धारा 392/411/34 आईपीसी, थाना नांगलोई, (बाहरी जिला) दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **सोनू उर्फ मुल्लाह** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **03.06.2024** को **प्रातः 10:00 बजे** या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
**श्री शुभम देवदिया**
महानगर दण्डाधिकारी-05 (पश्चिम)
कमरा नं. 336ए, तृतीय तल,
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/4323/OD/2024
(Court Matter)

### रक्षा मंत्री के नेतृत्व में उत्तर पूर्वी दिल्ली से प्रत्याशी मनोज तिवारी ने भरा पर्चा

# कांग्रेस का भारत की राजनीति से होगा सफाया महात्मा गांधी की कामना होगी पूरी : राजनाथ

एजेंसी /हरिभूमि ⏩नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता एवं रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बृहस्पतिवार को कहा कि देश की जनता इस बार लोकसभा चुनाव में कांग्रेस का सफाया करेगी और आजादी के बाद कांग्रेस को भंग करने की राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की इच्छा को पूरा करेगी। सिंह उत्तर पूर्वी दिल्ली निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार मनोज तिवारी के नामांकन जुलूस में शामिल होने के बाद लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि तिवारी के नामांकन के लिए एकत्रित विशाल भीड़ से स्पष्ट है कि लोगों ने उन्हें उत्तर पूर्वी दिल्ली निर्वाचन क्षेत्र से फिर से चुनने का मन बना लिया है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में लोग महात्मा गांधी की दो इच्छाओं को पूरा करने जा रहे हैं, जिनमें एक यह भी है कि भारत दुनिया का एक मजबूत राष्ट्र बने। उन्होंने कहा, ''प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश एक नए दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ रहा है। भारत दुनिया का एक मजबूत राष्ट्र बन गया है और इसकी प्रतिष्ठा बढ़ गई है। अब जब भारत अंतरराष्ट्रीय मंचों से बोलता है तो पूरी दुनिया ध्यान से सुनती है। सिंह ने कहा कि महात्मा गांधी की दूसरी इच्छा थी कि स्वतंत्रता के बाद कांग्रेस को भंग कर दिया जाए। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी ने कहा था कि स्वतंत्रता के बाद कांग्रेस को भंग कर देना चाहिए। देश की जनता महात्मा गांधी की इस इच्छा को पूरा करने जा रही है और देश की राजनीति से कांग्रेस का सफाया होने जा रहा है। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के साथ पहुंचे भाजपा उम्मीदवार हर्ष मल्होत्रा ने भी एक जुलूस के बाद अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। धामी ने भी भरोसा जताया कि मल्होत्रा के समर्थन में भारी भीड़ इस बात का संकेत दे रही है कि लोग उन्हें इस सीट से चुनने जा रहे हैं। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कांग्रेस पर हमला बोलते हुए उस पर चुनाव में अल्पसंख्यकों के तुष्टिकरण का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि भाजपा समान नागरिक संहिता की दिशा में आगे बढ़ रही है। उत्तराखंड विधानसभा ने समान नागरिक संहिता पर एक विधेयक पारित किया था और इसे राष्ट्रपति की मंजूरी मिल गई है जबकि कांग्रेस कर्नाटक में मुसलमानों को आरक्षण दे रही है।

भाजपा 2014 से लगातार तीसरी बार दिल्ली में सातों लोकसभा सीटों पर जीत दर्ज कर विरोधियों का सफाया करने की कोशिश कर रही है। इन सात सीटों पर पार्टी का मुकाबला 'इंडिया' गठबंधन के आप उम्मीदवारों और कांग्रेस से है। तिवारी दिल्ली से एकमात्र मौजूदा भाजपा सांसद हैं जिन्हें पार्टी ने फिर से मैदान में उतारा है। उनका उत्तर पूर्वी दिल्ली निर्वाचन क्षेत्र में कांग्रेस उम्मीदवार कन्हैया कुमार के साथ सीधा मुकाबला है। मल्होत्रा का मुकाबला आप के कुलदीप कुमार से है।




## भाजपा का हर कार्यकर्ता जनहित और राष्ट्रवाद के लिए है समर्पित : तिवारी



**नई दिल्ली।** उत्तर पूर्वी दिल्ली से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी मनोज तिवारी ने बुधवार को अपने सहयोगियों के साथ नंद नगरी स्थित डीएम कार्यालय नामांकन पत्र दाखिल किया जिससे पहले केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के नेतृत्व में एक रोड शो निकाला गया जिसमें बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व समर्थक शामिल हुए। उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए मनोज तिवारी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक विचार परिवार है और इसका हर कार्यकर्ता जनहित और राष्ट्रवाद के लिए समर्पित है और उसके लिए पहले राष्ट्र द्वितीय पार्टी और अंत में अपने जीवन को आदर्श बनाने के लिए कर्तव्यों का निर्वहन करते हैं। कोरोना काल के दौरान सेवा भाव से किए गए कार्य और ऐसे कार्य करते हुए कई कार्यकर्ताओं का सर्वोच्च बलिदान इसके जीवन्त उदाहरण है। उन्होंने कहा कि 2014 और उसके बाद 2019 की ऐतिहासिक जीत मतदाता और कार्यकर्ता के बीच बेहतर समन्वय को समर्पित रही और केंद्र की मोदी सरकार की जनहित कार्य योजनाओं को जनता तक पहुंचने में भी कार्यकर्ताओं ने सेतु का काम किया। सांसद प्रत्याशी मनोज तिवारी ने कहा कि पहली सरकार ने योजनाएं बनाई, दूसरे कार्यकाल में योजनाओं पर अमल हुआ। नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा कराए गए विकास कार्य अब उत्तर पूर्वी दिल्ली में भी तीसरे कार्यकाल में शुरू किए गए विकास कार्यों को पूर्ण कर जनता को समर्पित करना है। बचे कार्यों को को कार्य सूची में जोड़कर उन्हें जनहित में समर्पित कर क्षेत्र में विकास की आदर्श तस्वीर को बनाना है।

## 'आप' ने नुक्कड़ नाटक के जरिए 'जेल का जवाब वोट से' देने के लिए लोगों को किया जागरूक



■ दिल्ली की जनता जान चुकी है कि भाजपा ने सीएम अरविंद केजरीवाल को असंवैधानिक तरीके से किया है गिरफ्तार : ओबेरॉय

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी ने बुधवार को नुक्कड़ नाटक के जरिए दिल्ली की जनता को 'जेल का जवाब वोट से' देने के लिए जागरूक किया, जिसमें दिल्ली नगर निगम की महापौर डॉ. शैली ओबेरॉय ने हिस्सा लिया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया कि कैसे भाजपा की केंद्र सरकार संविधान-लोकतंत्र की हत्या कर रही है। इस बारे में महापौर डॉ. शैली ओबेरॉय ने कहा कि भाजपा ने सीएम केजरीवाल को असंवैधानिक तरीके से गिरफ्तार किया है। इस बात को अब दिल्ली की जनता समझ चुकी है। सीएम अरविंद केजरीवाल का एक ही सपना है कि कैसे दिल्ली समेत पूरे भारत को एक विकसित और अच्छा देश बना सकें। हमने दिल्ली की जनता से अपील की है कि इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी को जिता कर संसद भेजें और भाजपा की तानाशाह सरकार का खात्मा करें। अगर आम आदमी पार्टी का पार्षद, विधायक और सांसद होगा तो संसद में दिल्ली की जनता की आवाज उठाना आसान हो जाएगा। डॉ. शैली ओबेरॉय ने कहा कि नई दिल्ली लोकसभा सीट से इंडिया गठबंधन के हमारे प्रत्याशी सोमनाथ भारती हैं। वो मालवीय नगर से तीन बार से लगातार विधायक हैं और सुप्रीम कोर्ट में बड़े वकील भी हैं।

## जनसभा एवं रोड शो के बाद मल्होत्रा ने भरा नामांकन पत्र

नई दिल्ली। दिल्ली भाजपा के पूर्वी दिल्ली संसदीय क्षेत्र के प्रत्याशी हर्ष मल्होत्रा ने बुधवार को नामांकन से पहले प्रियदर्शनी विहार में जनसभा को संबोधित किया। उसके बाद भाजपा लोकसभा प्रत्याशी हर्ष मल्होत्रा ने सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ एडीएम ऑफिस जा कर अपना नामांकन भरा। ढोल ताशे, बैंड एवं मोटर बाइक रैली ने कार्यकर्ताओं का पूरे रास्ते उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में उत्तराखंड मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, दिल्ली की सह प्रभारी डॉ. अलका गुर्जर, प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता, लोकसभा चुनाव प्रभारी अनिल गुप्ता, लोकसभा चुनाव संयोजक महेन्द्र आहूजा, सह संयोजक लता गुप्ता, जिला अध्यक्ष शाहदरा संजय गोयल एवं मयूर विहार विजेंद्र धामा, मीडिया सहयोगी यासिर जिलानी एवं वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे।

### मोदी के नेतृत्व में देश का विकास नित निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर : धामी

पुष्कर सिंह धामी ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश का विकास नित निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है और आगे भी रहेगा। उन्होंने कहा की पूर्वी दिल्ली के भाजपा कार्यकर्ता के चेहरे की मुस्कान और उत्साह देखकर लग रहा है कि दिल्ली में कमल खिलने की शुरुआत सबसे पहले पूर्वी दिल्ली लोकसभा से होगी।



### जिम्मेदारी सौंपी है उसे मैं अपने पूरे निष्ठा भाव से निभाऊंगा : मल्होत्रा


भाजपा प्रत्याशी हर्ष मल्होत्रा ने अपने संबोधन में कहा कि मुझे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस क्षेत्र के विकास और जन उत्थान की जिम्मेदारी सौंपी है उसे मैं अपने पूरे निष्ठा भाव से निभाऊंगा। मल्होत्रा ने कहा कि पूर्वी दिल्ली का संसदीय क्षेत्र ओखला से विकास मार्ग होता हुआ गांधी नगर तक जाता है और यह मेरा संकल्प है कि पूरा क्षेत्र 2029 में एक समान साफ एवं सुंदर दिखे। हम पूर्वी दिल्ली की हर कॉलोनी को प्रधानमंत्री की सोलर पावर योजना के लाभ से जोड़ेंगे।

## आप और कांग्रेस के बीच हुई समन्वय समिति की बैठक में चुनाव प्रचार पर हुई चर्चा

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव को लेकर आम आदमी पार्टी (आप) और कांग्रेस के बीच मंगलवार को समन्वय समिति की अहम बैठक हुई। इस बैठक में दोनों पार्टियों के बीच आगे की चुनाव प्रचार की रणनीति को लेकर चर्चा हुई। समन्वय समिति की इस बैठक में आम आदमी पार्टी की तरफ से राज्यसभा सांसद और राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) संदीप पाठक, एमसीडी प्रभारी एवं विधायक दुर्गेश पाठक और प्रदेश उपाध्यक्ष एवं विधायक राजेश गुप्ता शामिल हुए। कांग्रेस की तरफ से इस बैठक में दिल्ली कांग्रेस प्रभारी दीपक बाबरिया और दिल्ली कांग्रेस के अंतरिम अध्यक्ष देवेंद्र यादव समेत दिल्ली और हरियाणा कांग्रेस के कई शीर्ष नेता मौजूद रहे। समन्वय समिति की बैठक पर राज्यसभा सांसद संदीप पाठक ने कहा कि आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के बीच पहले भी कई बैठक हो चुकी हैं, मंगलवार को हमारे बीच फिर से बैठक हुई। इस बैठक में कांग्रेस की तरफ से दिल्ली और हरियाणा का शीर्ष नेतृत्व शामिल हुआ। हमने निचले स्तर पर चुनाव प्रचार कोऑर्डिनेशन को शुरू करने के लिए बैठक की। हमने एक दूसरे के प्रति प्रतिबद्धता जाहिर की। हमने एक सिस्टम बनाया है जिसमें हम एक-दूसरे के लिए चुनाव प्रचार करने में सहयोग करेंगे और मिलकर चुनाव लड़ेंगे। इसको पहले लोकसभा स्तर पर लागू करेंगे। उसके बाद विधानसभा स्तर पर कोऑर्डिनेशन किया जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि आज देश के सामने सबसे बड़ा सवाल देश के प्रजातंत्र को बचाना है। मोदी सरकार की तानाशाही से देश को मुक्ति दिलाना है। केंद्र सरकार एक-एक करके सरकारी संस्थाओं को खत्म कर रही है। सारी एजेंसियां केंद्र सरकार के इशारों पर काम कर रही हैं। देश को मोदी सरकार की तानाशाही से बचाने के लिए हमें एक दूसरे का सहयोग करने की जरूरत है। इसीलिए दोनों पार्टियां तैयार हैं और एकजुट हैं। हम लोगों के बीच काफी सकारात्मक चर्चा हुई। हमारे बीच में पहले से ही कोआर्डिनेशन चल रहा है, अब इसको आगे किस तरीके से लेकर जाया जा सकता है इसपर बातचीत हुई। लोकसभा चुनाव में इस बार इंडिया गठबंधन की जीत होगी और भाजपा की हार होगी। दिल्ली में सातों लोकसभा सीट इंडिया गठबंधन जीतेगा।

## कन्हैया कुमार ने सुनीता केजरीवाल और संजय सिंह से की मुलाकात, आपसी सहयोग पर हुई चर्चा





नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव के लिए इंडिया गठबंधन से प्रत्याशी कन्हैया कुमार ने बुधवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल और आप नेता संजय सिंह से मुलाकात की। कन्हैया मुख्यमंत्री आवास में सुनीता केजरीवाल से मुलाकात की वहीं संजय सिंह से उनके आवास पर जाकर मुलाकात की। इस दौरान दोनों के बीच लोकसभा चुनाव में आपसी सहयोग पर चर्चा की गई है। कन्हैया कुमार उत्तर-पूर्वी दिल्ली लोकसभा सीट से कांग्रेस के प्रत्याशी हैं। कन्हैया ने इस बात की जानकारी सोशल मीडिया मंच एक्स पर दी साथ ही उन्होंने मुलाकात की सुनीता केजरीवाल के साथ ही तस्वीर भी शेयर की। सुनीता केजरीवाल से मुलाकात के बाद कन्हैया ने एक्स पर लिखा कि बुधवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास पर उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल से मुलाकात की। तानाशाही के इस दौर में वे जिस बहादुरी के साथ चेहरे पर मुस्कान लिए डटे हुए हैं वो वाकई प्रेरणादायक है। इस लड़ाई में हम हर कदम उनके साथ हैं। लोकतंत्र को बचाने की ये लड़ाई हम सब मिल कर लड़ेंगे। 25 मई को दिल्ली की जनता जेल का बदला वोट से लेने जा रही है। वहीं संजय सिंह से मुलाकात के बाद कन्हैया ने एक्स पर लिखा कि वो और होंगे जो डर जाते हैं जेल से,हम पुराने वाकिफ हैं तेरे इस खेल से। कन्हैया ने एक्स पर लिखा कि बुधवार को राज्यसभा सांसद संजय सिंह से उनके आवास पर शिष्टाचार मुलाकात की और दिल्ली में इंडिया गठबंधन की चुनावी रणनीति पर चर्चा की। लड़ेगी दिल्ली, जीतेगा इंडिया। उल्लेखनीय है कि इस बार कांग्रेस और आम आदमी पार्टी दिल्ली में गठबंधन के तहत लोकसभा चुनाव लड़ रही है। इसके तहत दिल्ली की सात सीटों में आम आदमी पार्टी को चार और कांग्रेस के हिस्से में तीन सीटें आई हैं। बता दें कि दिल्ली की सभी सात लोकसभा सीटों पर छठे चरण में 25 मई को मतदान होगा और चार जून को नतीजे आएंगे।

## 'भाजपा प्रत्याशी चंदोलिया ने उत्तर-पश्चिम लोकसभा सीट पर रखा मोदी सरकार का विजन'




■ गिनाई मोदी सरकार की उपलब्धियां, केजरीवाल सरकार पर साधा निशाना

नई दिल्ली। उत्तर-पश्चिम लोकसभा में भाजपा प्रत्याशी योगेंद्र चंदोलिया ने रोहिणी सेक्टर -13 के डीडीए क्लब में प्रेसवार्ता आयोजित की। इसमें उन्होंने मोदी सरकार की उपलब्धियां, आगामी विजन और लोकसभा चुनाव जीतने के बाद खुद की योजनाओं पर चर्चा की। चंदोलिया ने बताया कि मोदी सरकार के पिछले कार्यकाल में महिलाओं के लिए 14 करोड़ इज्जतघर बने तथा उज्ज्वला योजना के 10 करोड़ लाभार्थी हैं। किसान सम्मान निधि योजना में सीधे खाते में रुपए आ रहे हैं। 4 करोड़ लखपति दीदी बनाने की योजना है। 140 करोड़ जनता को कोविड के टीके की दोहरी डोज दिलवाई और डोज विदेश भी भेजी। इसके साथ ही विश्व स्तरीय रेलवे स्टेशन और एयरपोर्ट, मजबूत विदेश नीति, सेना की मजबूती और सीमाओं की सुरक्षा जैसे बहुत से कार्य किए जो कांग्रेस की सरकार नहीं कर पाई। गरीब, महिला, युवा और किसान चार जातियां देश में हैं जिन्हें सशक्त करने की आवश्यकता है। मंच पर योगेंद्र चंदोलिया के साथ लोकसभा संयोजक जय भगवान यादव, प्रभारी राजकुमार भाटिया, दिल्ली प्रदेश प्रवक्ता शुभेंदु अवस्थी, प्रदेश प्रवक्ता प्रीति अग्रवाल, लोकसभा में सोशल मीडिया का कार्य देख रही भारती और मीडिया विभाग सह प्रमुख धर्मेंद्र सूरी मौजूद थे।

## केंद्र को कोविशील्ड के दुर्लभ दुष्प्रभावों से निपटने के लिए युद्धस्तर पर काम करना होगा : भारद्वाज

नई दिल्ली। कोविशील्ड वैक्सीन के दुर्लभ दुष्प्रभावों से युद्धस्तर पर निपटने की जरूरत है। लेकिन केंद्र सरकार ने इस मामले में अब तक कुछ नहीं किया। यह आरोप बुधवार को आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और दिल्ली स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने प्रैसवार्ता में लगाए हैं। प्रैसवार्ता में उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार को टीके के किसी भी तरह के दुष्प्रभाव के संकेत या लक्षण वाले लोगों की मदद के लिए प्रणाली बनाने की खातिर टीका विनिर्माता कंपनी, चिकित्सकों और वैज्ञानिकों से बात करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मुद्दे को राजनीतिक रंग नहीं दिया जाना चाहिए लेकिन केंद्र सरकार सो रही है और उसने अभी तक कुछ नहीं किया है। कई यूरोपीय देश में इस टीके को 2021 में प्रतिबंधित कर दिया गया था लेकिन हमारे देश की सरकार इसे लगा रही थी और प्रचारित कर रही थी। भारद्वाज ने कहा कि लोगों के दिमाग में पहले से ही ये प्रश्न थे कि क्या हृदयाघात के मामले अचानक से बढ़ने का किसी भी तरह टीकों से कोई संबंध है। ब्रिटेन से संचालित फार्मास्युटिकल कंपनी एस्ट्राजेनेका ने स्वीकार किया है कि बहुत दुर्लभ मामलों में उसके कोविड-19 टीके से खून का थक्का जमने जैसे दुष्प्रभाव सामने आ सकते हैं लेकिन इसके कारण का अभी पता नहीं है। भारद्वाज ने कहा कि पिछले दो-तीन सालों में हम सभी ने सैकड़ो ऐसे वीडियो देखे हैं, जिसमें एक जवान लड़का अचानक चलते-चलते गिर जाता है और उसकी मृत्यु हो जाती है, ऐसे ही एक युवती शादी के वक्त वरमाला के लिए खड़ी हुई है और अचानक से गिर जाती है और उसकी मृत्यु हो जाती है, गरबा आयोजन में जवान युवक और युक्तियां नृत्य कर रहे हैं और अचानक से उनमें से कोई गिर जाता है और पता चलता है कि उसकी मृत्यु हो गई है, कोई व्यक्ति रामलीला में किसी पात्र का किरदार निभा रहा है और अचानक गिर जाता है और पता चलता है कि उसकी मृत्यु हो गई है। उन्होंने कहा कि ये सभी वीडियो पब्लिक के बीच इस कारण से आ सके क्योंकि यह सभी लोग कुछ ना कुछ ऐसा काम कर रहे थे जिसका कि वीडियो बनाया जा रहा था, परंतु हजारों ऐसे लोग होंगे जिनकी मृत्यु हुई परंतु पता नहीं चल सका, क्योंकि वह कुछ ऐसा काम कर रहे होंगे, कि जिस समय उनकी वीडियो नहीं बन रहा था। उदाहरण के तौर पर कोई खाना खाते-खाते गिर गया और उसकी मृत्यु हो गई, कोई पढ़ाई करते-करते गिर गया और उसकी मृत्यु हो गई, कोई सो रहा था सोते-सोते उसकी मृत्यु हो गई, ऐसे दर्जनों उदाहरण मौजूद हैं जिसकी जानकारी पब्लिक के बीच नहीं आ सकी।

## उच्च न्यायालय ने गिरफ्तार नेताओं को डिजिटल तरीके से प्रचार की अनुमति संबंधी याचिका की खारिज

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने गिरफ्तार नेताओं को डिजिटल तरीके से चुनाव प्रचार करने की अनुमति देने संबंधी एक याचिका बुधवार को खारिज कर दी और कहा कि यह अर्जी 'बहुत ही दुस्साहसिक' एवं कानून के मौलिक सिद्धांतों के विरुद्ध है। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत पी. एस. अरोड़ा की पीठ ने कहा कि अदालतें नीतिगत निर्णय नहीं लेती हैं और ऐसे मुद्दों पर निर्णय लेना संसद का काम है। पीठ ने कहा कि हम ऐसे किसी भी व्यक्ति को चुनाव प्रचार करने की अनुमति नहीं दे सकते जो हिरासत में है। अन्यथा, सभी बलात्कारी, हत्यारे चुनाव से महज पहले राजनीतिक दल बनाने लगेंगे। उच्च न्यायालय ने याचिकाकर्ता को जुर्माना लगाने की चेतावनी दी, लेकिन बाद में ऐसा न करने को आग्रह उस वक्त स्वीकार कर लिया, जब उसके वकील ने कहा कि याचिकाकर्ता एक छात्र है। अदालत विधि छात्र अमरजीत गुप्ता की याचिका पर सुनवाई कर रही थी। गुप्ता निर्वाचन आयोग द्वारा आदर्श आचार संहिता की घोषणा किये जाने के बाद नेताओं, खासकर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, की गिरफ्तारी के समय को लेकर आहत हैं। पीठ ने कहा कि ठीक है, हम जुर्माना नहीं लगायेंगे, लेकिन आप उन्हें (याचिकाकर्ता को) शक्तियों के विभाजन के बारे में बताइए। सुनवाई के दौरान पीठ ने कहा कि आप बहुत ही दुस्साहसी बन रहे हैं। यह बहुत ही दुस्साहसपूर्ण है। यह याचिका कानून के मौलिक सिद्धांतों के विरुद्ध है। आप हमें कानून के विरुद्ध काम करने को कह रहे हैं। हम कानून नहीं बनाते हैं, हम नीतिगत निर्णय नहीं लेते हैं। पीठ ने कहा कि हम राजनीति से दूर रहना चाहते हैं और आज ज्यादा से ज्यादा लोग हमें राजनीति में धकेल रहे हैं। आप हमें राजनीति में अधिक खींच रहे हैं। एक व्यक्ति आता है और कहता है कि उसे (केजरीवाल की ओर प्रत्यक्ष इशारा करते हुए) जेल से बाहर कीजिए, एक व्यक्ति कहता है कि उसे जेल में रखिए। आरोपी कानूनी उपचार का रास्ता अपना रहा है। अदालतें न्यायिक मस्तिष्क लगाकर आदेश जारी कर रही हैं। उच्च न्यायालय ने कहा कि इस याचिका में प्रचार पाने की बात शामिल है।

## यादव के अंतरिम प्रदेश अध्यक्ष बनते ही दो पूर्व विधायकों ने छोड़ी कांग्रेस, और भी दे सकते हैं झटका

नई दिल्ली। दिल्ली कांग्रेस में उठा भूचाल थमने के बजाए और बढ़ता जा रहा है। आप पार्टी से गठबंधन व गलत उम्मीदवार उतारने के विरोध में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली ने पद से इस्तीफा दे दिया था। जिसके बाद बनाए गए नए अंतरिम प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र यादव की घोषणा के दूसरे ही दिन बुधवार को दो पूर्व विधायकों ने एक और झटका देते हुए कांग्रेस पार्टी छोड़ दी है। इनमें पूर्व विधायक व तत्कालीन सीएम शीला दीक्षित के संसदीय सचिव रहे नसीब सिंह और पूर्व विधायक नीरज बसोया शामिल है। जबकि इन तीनों से पहले शीला सरकार में मंत्री रहे राजकुमार चौहान ने प्रभारी दीपक बावरिया पर गंभीर आरोप लगाए और गलत उम्मीदवार चयन से नाराज होकर कांग्रेस छोड़ दी थी। चौहान के बाद प्रदेश अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली ने भी आप से गठबंधन के विरोध, प्रभारी पर मनमर्जी करने और गलत उम्मीदवार उतारने के विरोध में में प्रदेश अध्यक्ष के पद से इस्तीफा दे दिया था। जबकि बुधवार को दो पूर्व विधायकों, नसीब और बसोया ने अपना इस्तीफा दे दिया है। इस मामले पर नव नियुक्त अंतरिम अध्यक्ष यादव से बात नहीं सकी। पार्टी सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जल्द ही कई पूर्व विधायक भी अपना इस्तीफा दे सकते है। अगर खबर सही हुई तो बहुत जल्द ही पार्टी का एक और वरिष्ठ व प्रदेश के उच्च पद पर रहे नेता सहित दो तीन पूर्व विधायक, पूर्व पार्षद भी इस्तीफा दे सकते है।

## भाजपा चुनाव जीत गई तो खत्म कर देगी आरक्षण : संजय सिंह

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) ने बुधवार को आरक्षण के मुद्दे पर देश के लोगों को भाजपा और आरएसएस से सावधान रहने की अपील की। प्रैसवार्ता में आप के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने बुधवार को देशवासियों को सचेत करते हुए कहा कि आरएसएस और भाजपा वाले हमेशा आरक्षण विरोधी रहे हैं। अगर गलती से भी ये लोग 2024 का लोकसभा चुनाव जीत गए तो फिर आरक्षण खत्म कर देंगे। भाजपा बाबा साहब का संविधान खत्म कर दलितों, पिछड़ों और आदिवासियों का आरक्षण और देश के अंदर चुनाव खत्म कर देगी। भाजपा-आरएसएस के विचारों को फैलाने वाला मुख्य व्यक्ति अमित मालवीय खुलेआम कह रहा है कि आरक्षण खत्म होना चाहिए। भाजपा ने अब तक कई राज्यों में सरकारें गिराकर अपनी सरकार बना ली। चंडीगढ़ मेयर चुनाव में वोटों की बेइमानी की और दिल्ली में मेयर का चुनाव नहीं होने दिया। भाजपा वाले चाहे जितनी सफाई दे लें, लेकिन बात उनके हाथ से निकल चुकी है। संजय सिंह का कहना है कि भाजपा ने आरक्षण का सदैव विरोध किया है। अमित मालवीय जो भाजपा और आरएसएस के विचारों को फैलाने वाला प्रमुख व्यक्ति है। वो यह कहता है कि आरक्षण ने हमें फेल किया है। जो व्यक्ति भाजपा के विचारों को फैलाता है, वो कह रहा है कि आरक्षण ने हमें फेल किया है। वो कह रहा है कि पिछड़ा वर्ग का जो व्यक्ति 50 हजार रुपए हर महीने कमा रहा है, उसे आरक्षण की जरूरत नहीं है। वो महिला आरक्षण के खिलाफ बोल रहा है, वो हर तरह के आरक्षण खत्म करने की बात कर रहा है।

## खबर संक्षेप

### तीसरे दिन तीन लोगों ने दाखिल किए नामांकन



**फरीदाबाद।** जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह के समक्ष फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र के लिए तीसरे दिन एक निर्दलीय व जन नायक जनता पार्टी के नलिन हुड्डा सहित तीन लोगों ने नामांकन पत्र दाखिल किए हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों के लिए नामांकन प्रक्रिया अधिसूचना जारी होने के बाद 29 अप्रैल से शुरू हो गई थी।

### संपत्ति आईडी को रिवर्ट करने पर क्लर्क निलंबित




**फरीदाबाद।** निगमायुक्त ए मोना श्रीनिवास ने शिकायत मिलने पर नगर निगम ओल्ड फरीदाबाद जोन के गृहकर विभाग में कार्यरत क्लर्क को कुछ संपत्ति आईडियों को गलत तरीके से रिवर्ट करने के कारण निलंबित कर दिया है। इसी सम्बन्ध में फरीदाबाद ओल्ड जोन के संयुक्त आयुक्त एवं क्षेत्रीय एवं कराधान अधिकारी को भी कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

### पुताई करता मजदूर चौथी मंजिल से गिरा, मौत

**गाजियाबाद।** खोड़ा थाना इलाके में स्कूल की दीवार पर पुताई करने के दौरान मजदूर की चौथी मंजिल से गिरकर मौत हो गई। कार्यवाहक एसीपी सनोली अग्रवाल ने बताया कि खोड़ा थाना क्षेत्र के आदर्श नगर कॉलोनी के पास एक स्कूल है। स्कूल की तरफ से पुताई कराई जा रही है। स्कूल की चौथी मंजिल पर मोहम्मद रजी (25) पुताई कर रहा था। अचानक उसका पैर फिसल गया और चौथी मंजिल से नीचे गिर गया।

### नूंह से लॉरेंस और गोदारा गैंग के दो बदमाश काबू

**फरीदाबाद।** दिल्ली पुलिस और एसटीएफ गुरुग्राम की संयुक्त टीम ने नूंह से लॉरेंस बिश्नोई-रोहित गोदारा गिरोह के दो शूटर को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया।



दोनों गुरुग्राम के स्क्रैप कारोबारी सचिन गोदा की हत्या मामले में फरार थे। बदमाशों और पुलिस के बीच हुई करीब 25 राउंड फायरिंग में दोनों बदमाशों के पैर में गोली लगी है। आरोपियों ने लाखना माजरा में हत्या कर दी थी।

### खाना बनाने के विवाद में महिला ने की आत्महत्या

**गाजियाबाद।** झंडापुर गांव में किराए के मकान में रहने वाली महिला ने खाना बनाने को लेकर



हुए विवाद में आत्महत्या कर ली। पीड़िता ने भाई से फोन पर बात करने के दौरान पति द्वारा डांटने से नाराज होकर महिला ने आत्मघाती कदम उठा लिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# पुलिस आयुक्त ने 10 पुलिस कर्मियों को चुना 'हीरो ऑफ द वीक'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरीदाबाद

पुलिस आयुक्त राकेश कुमार आर्य द्वारा ड्यूटी के दौरान श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले पुलिसकर्मियों की हौसला अफजाई करने के लिए हीरो ऑफ द वीक अभियान शुरू किया। उन्होंने सम्मानित किए जाने वाले पुलिसकर्मियों के साथ चाय पर चर्चा की।

पुलिस आयुक्त राकेश कुमार आर्य द्वारा ड्यूटी के दौरान श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले पुलिसकर्मियों की हौसला अफजाई करने के लिए हीरो ऑफ द वीक अभियान शुरू किया गया था।

जिसमें सम्मानित किए जाने वाले पुलिसकर्मियों के साथ चाय पर चर्चा कर उनके द्वारा किए गए कार्य के बारे में जाना गया। साथ ही चाय पर चर्चा करते हुए पुलिस कार्यप्रणाली को बेहतर करने के लिए उनसे सुझाव व उनके व्यक्तिगत समस्या के बारे में पूछकर उनकी समस्याओं का समाधान किया गया और बतौर हीरो सम्मानित करने के लिए प्रशंसा पत्र व ईनाम दिया गया। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि जिन पुलिसकर्मियों ने अपने क्षेत्र में अच्छा कार्य किया है उन्हें पुलिस आयुक्त ने अपने कार्यालय में चाय पर चर्चा करते हुए उनके कार्यों के अनुभवों के बारे में जाना गया।

**दिया प्रशंसा पत्र और नकद इनाम, चाय पर चर्चा की**

**खास बात**

- पुलिस कार्यप्रणाली को बेहतर करने के लिए उनसे सुझाव व उनके व्यक्तिगत समस्या के बारे में पूछकर समस्याओं का किया समाधान




### किसी ने अवैध शराब तो किसी ने नकदी बरामद की

सम्मानित किए गए पुलिसकर्मियों में क्रमशः क्राइम ब्रांच डीएलएफ में तैनात उपनिरीक्षक विजय कुमार तथा मुख्य सिपाही जोगिंदर सिंह, सूरजकुंड थाने में तैनात मुख्य सिपाही ज्योति प्रसाद, पुलिस चौकी संजय कॉलोनी में तैनात मुख्य सिपाही भारत सिंह तथा सिपाही मनजीत सिंह, पुलिस चौकी टाउन नंबर 3 में तैनात मुख्य सिपाही तिलक कुमार, पुलिस आयुक्त महोदय की एस्कॉर्ट गार्ड में तैनात सिपाही संदीप तथा सिपाही सुनील, पुलिस आयुक्त कार्यालय में तैनात मुख्य सिपाही परिवारा सिंह तथा सिपाही रिन्कू की सूचना पर, जुआ शराब तथा आवश्यक वस्तु अधिनियम के 5 मुकदमों में एक महिला सहित 7 आरोपियों को काबू कर उनके कब्जे से करीब 40 पेटी शराब और बियर, 37 सिलेंडर, एक पिकअप गाड़ी, एक मोबाइल फोन तथा 9710 रुपए नकद बरामद किए गए। पुलिसकर्मियों ने 20 अप्रैल को आजाद नगर एरिया से दो आरोपियों को एक सिलेंडर से गैस निकालकर दूसरे सिलेंडर में डालते हुए काबू किया था, जहां पास में ही एक सामुदायिक भवन में छोटे बच्चे पढ़ रहे थे। यहां कोई भी बड़ा हादसा घटित हो सकता था लेकिन पुलिस कर्मियों की सजगता के चलते दोनों आरोपियों को काबू किया गया। इसके साथ ही 14 अप्रैल की रैली के बारे में महत्वपूर्ण सूचना उच्च अधिकारियों को दी गई, जिसके कारण पुलिस विभाग द्वारा इस संबंध में उचित पुलिस प्रबंध किए गए । इस दौरान शांति एवं कानून व्यवस्था कायम रही।

### 28 गांवों के लोगों ने हजारों की संख्या में पहुंचकर दिया खुला समर्थन

# कांग्रेस प्रत्याशी महेन्द्र प्रताप सिंह के पक्ष में पाली में उमड़ा जनसैलाब

कांग्रेस प्रत्याशी व पूर्व कैबिनेट मंत्री चौधरी महेन्द्र प्रताप सिंह को उस समय बड़ी कामयाबी मिली जब एनआईटी विधानसभा क्षेत्र के 28 गांवों के लोगों ने एकजुट होकर पाली गांव में विशाल जनसभा में अपने खुले समर्थन का ऐलान किया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरीदाबाद

फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी एवं हरियाणा के पूर्व कैबिनेट मंत्री चौधरी महेन्द्र प्रताप सिंह को उस समय बड़ी कामयाबी मिली जब एनआईटी विधानसभा क्षेत्र के 28 गांवों के लोगों ने एकजुट हो पाली गांव में आयोजित विशाल जनसभा में अपने खुले समर्थन का ऐलान कर दिया।

हजारों की संख्या में उपस्थित लोगों का उत्साह देखने लायक था तथा उन्हें सभास्थल तक एक विशाल काफिले के साथ लाया गया। वह जहां-जहां से गुजरे वहां सड़क के दोनों तरफ जेसीबी खड़ी करके पुष्पवर्षा की गई जो नजारा देखने लायक था। सभा में अबकी बार महेन्द्र प्रताप के नारों के साथ वातावरण को कांग्रेसमय बनकर मंच पर क्षेत्र के लोगों ने पूर्व मंत्री चौधरी महेन्द्र प्रताप सिंह व क्षेत्र के विधायक पं. नीरज शर्मा का पगडी बांधकर खुला ऐलान किया और विश्वास दिलाया कि एनआईटी क्षेत्र से लोकसभा में सबसे अधिक मतों के अंतर से विजयी बनाएंगे।

**खास बातें**

- लोकसभा चुनाव में इस बार नया इतिहास लिखने जा रही है जनता
- फरीदाबाद का सही विकास हुड्डा सरकार की ही देन है

### कांग्रेस ने ही बल्लभगढ़ तक मेट्रो का विस्तार किया



उन्होंने कहा कि पिछले दस साल के शासन में फरीदाबाद के लोगों को सिवाय धर्म और जात-पात की राजनीति के अलावा कुछ नहीं मिला। उन्होंने पूर्व की कांग्रेस सरकार में मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा के समय का जिक्र करते हुए कहा कि फरीदाबाद का सही विकास हुड्डा सरकार की देन है। मेट्रो का एक भी पिलर भाजपा पिछले 10 वर्षों में नहीं लगा पाई है। फरीदाबाद शहर में मेट्रो कांग्रेस लेकर आई और कांग्रेस ने ही बल्लभगढ तक मेट्रो का विस्तार किया। मेडिकल कॉलेज कांग्रेस सरकार की देन है, यूनिवर्सिटी, आईएमटी सहित मास्टर प्लान के तहत कराए गए विकास कार्य केवल और केवल कांग्रेस की देन है। उन्होंने एनआईटी के विधायक नीरज शर्मा की भी खुलकर तारीफ करते हुए कहा कि विपक्ष में रहते हुए भी आपके विधायक नीरज शर्मा ने एनआईटी का मान पूरे प्रदेश में बढ़ाया है। भ्रष्टाचार के खिलाफ सड़क से लेकर विधानसभा तक लड़ाई लड़ी है।

### तिगांव क्षेत्र के गांव बड़ौली में हुआ भाजपा प्रत्याशी का स्वागत



तिगांव विधानसभा क्षेत्र के गांव बड़ौली में भाजपा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर का जोरदार स्वागत किया गया। कार्यक्रम में उमड़ी भीड़ से गदगद भाजपा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि जिस प्रकार से लोगों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा सरकार के दस वर्षो के शासनकाल में हुए अभूतपूर्व विकास कार्यो के प्रति जबरदस्त उत्साह नजर आ रहा है, उससे स्पष्ट है कि देश में और फरीदाबाद में भाजपा जीत की हैट्रिक लगाएगी। उन्होंने कहा कि हर वर्ग मोदी की नीतियों में अपनी आस्था जता रहा है, लोग देश को मजबूत हाथों में सौंपने का मन बना चुके है और केवल नरेंद्र मोदी एकमात्र ऐसे व्यक्ति है, जो भारत की एकता, अखंडता और स्वाभिमान की रक्षा कर सकते है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस आज दोराहे पर खड़ी है, उसके अपने ही घर के सदस्य एकजुट नहीं है भला वह देश को कैसे संभालेगी, उन्होंने कांग्रेसियों को नसीहत देते हुए कहा कि वह पहले अपने परिवार ठीक करें, देश की चिंता न करें, देश को श्री मोदी संभाल लेंगे। श्री गुर्जर ने कहा भाजपा के दस वर्षो के शासनकाल में गरीब, दलित, पिछड़े, किसान, कमेरे वर्ग सहित छत्तीस बिरादरी के हितों के लिए कार्य किए गए, अनेकों ऐसी योजनाएं क्रियान्वित हुई है, जिसका लाभ हर वर्ग उठा रहा है। मोदी सरकार ने बिचौलियों की दुकान बंद करके हर विभाग में पारदर्शिता लाने का काम किया हैए यही कारण है कि आज समूचा सरकारी तंत्र ऑनलाइन हो गया है और बिचौलिए और दलाल के समक्ष भूखे मरने की नौबत आ गई है।

### रोड शो कर फाजिलपुरिया का भरा नामांकन

# बदलाव के लिए जेजेपी प्रत्याशी राहुल का साथ दे जनताः चौटाला



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरुग्राम

हरियाणा के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ जेजेपी नेता दुष्यंत चौटाला ने कहा है कि राष्ट्रीय पार्टियों के लोग गुरुग्राम लोकसभा को अपनी विरासत समझते है इसलिए जितना विकास होना चाहिए था, उतना विकास नहीं हो पाया। कहा कि गुरुग्राम से इन विरासतों को हटाने का सुनहरा अवसर आ गया है। चौटाला ने कहा कि गुरुग्राम में बदलाव लाने के लिए क्षेत्रीय लोग युवा जेजेपी प्रत्याशी राहुल यादव फाजिलपुरिया का साथ दें ताकि गुरुग्राम को नया युवा नेतृत्व मिले। वे जेजेपी लोकसभा उम्मीदवार द्वारा आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

दुष्यंत चौटाला ने कहा कि मात्र 22 दिन चुनाव प्रचार के बचे है, इन तीन हफ्तों में पार्टी कार्यकर्ता दिन-रात मेहनत करके गुरुग्राम में बदलाव लाने में अपना अहम योगदान दें। जनसभा के उपरांत दुष्यंत चौटाला और दिग्विजय चौटाला की मौजूदगी में विशाल रोड शो करके राहुल यादव फाजिलपुरिया ने अपना नामांकन पत्र भरा।

### सबसे बड़ी पंचायत में करेंगे आवाज बुलंद

जेजेपी प्रधान महासचिव दिग्विजय सिंह चौटाला ने भी स्थानीय लोगों से जेजेपी प्रत्याशी राहुल फाजिलपुरिया को भारी मतों से विजय बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि आज गुड़गांव को युवा सशक्त सांसद की जरूरत है इसलिए युवा फाजिलपुरिया को सांसद बनाकर संसद भेजें। जेजेपी प्रत्याशी राहुल यादव फाजिलपुरिया ने कहा कि गुरुग्राम में बदलाव लाना उनका मकसद है और जो नेता यहां से सांसद बनकर घर बैठा हैं, उसे बदलने का समय आ गया है। उन्होंने गुरुग्राम की जनता को विश्वास दिलाया कि वे सांसद बनने के बाद क्षेत्र के हक के लिए देश की सबसे बड़ी पंचायत में आवाज बुलंद करेंगे। इस अवसर पर गुरुग्राम लोकसभा क्षेत्र के तीनों जिलाध्यक्ष, महिला जिलाध्यक्ष, महिला कार्यकर्ता, तीनों जिलों के सभी हल्का अध्यक्ष, प्रमुख पदाधिकारी और हजारों की तादाद में कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

### 2008 में किया गया था मुकदमा दर्ज

# दुष्कर्म और भ्रूण हत्या का 16 साल से फरार आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरीदाबाद

क्राइम ब्रांच 65 प्रभारी तरुण कुमार की टीम ने दुष्कर्म के मुकदमे में 16 वर्ष से फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी का नाम रफीक है । सितंबर 2008 में सदर बल्लभगढ़ थाने में दुष्कर्म तथा भ्रूण हत्या की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था जिसमें आरोपी ने अपने भाई की साली को झांसा देकर उसके साथ अवैध संबंध बनाए और जब वह गर्भवती हो गई तो 7 महीने के भ्रूण को गिरवाने के लिए महावीर अस्पताल में ले आए । पुलिस को



सूचना मिलते ही वह मौके पर पहुंची लेकिन तब तक भ्रूण को गिराया जा चुका था। इस मामले में पीड़ित ने बयान दर्ज करवाए, जिसके आधार पर सदर बल्लभगढ़ थाने में भ्रूण हत्या और दुष्कर्म की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज करके आरोपी की तलाश की गई।

### दिल्ली-गाजियाबाद में करते थे सप्लाई

# लाखों के गांजे के साथ दो तस्करों को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गाजियाबाद

पुलिस ने लाखों रुपए के गांजे के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। तस्कर के कब्जे से पुलिस ने 7 किलो 700 ग्राम गांजा बरामद किया है। एसीपी शालीमार गार्डन सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि सूचना मिली थी कि गांजे की आपूर्ति करने के लिए एक तस्कर क्षेत्र में घूम रहा है। तभी पुलिस ने तस्कर को गिरफ्तार किया।

पूछताछ में अपना नाम रफीक बताया । कहा कि यह गांजा बंगाली कॉलोनी में लोगों को बेचता हैं। बेचने के बाद जो कमाई होती है।



उससे परिवार का खर्चा चलाता है। इसके अलावा लिंकन रोड पुलिस ने अरविंद कौल नामक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से सवा किलो गांजा बरामद हुआ है। पुलिस को बताया कि वह दिल्ली से गांजा लाता है और गाजियाबाद में उसकी सप्लाई करता है।

### अधिकारियों को कार्य में तेजी लाने के दिए सख्त निर्देश

# अतिरिक्त निगमायुक्त डॉ. बलप्रीत सिंह ने किया कई स्थानों का दौरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरुग्राम

बरसात के दौरान शहर में जलभराव न हो, इसके लिए नगर निगम गुरुग्राम जलनिकासी प्रबंधों में जुटा हुआ है। इसके तहत विभिन्न स्थानों पर ड्रेनेज का निर्माण कार्य तेज गति से चल रहा है, वहीं ड्रेनेज व सीवरेज सफाई का कार्य भी किया जा रहा है।

नगर निगम गुरुग्राम के अतिरिक्त आयुक्त डॉ. बलप्रीत सिंह लगातार विभिन्न स्थानों का दौरा कर रहे हैं तथा कार्यों में और अधिक तेजी लाने के निर्देश अधिकारियों को दे रहे हैं। बुधवार को वे सेक्टर-31 पहुंचे। यहां पर उन्होंने सेक्टर के अंदर ड्रेनेज की स्थिति तथा मेन



पंपिंग स्टेशन का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि मेन पंपिंग स्टेशन की क्षमता बढ़ाई जाए, ताकि बरसात के दौरान जल निकासी और अधिक तेजी से हो सके। इसके साथ ही ड्रेनेज की मरम्मत व सफाई का कार्य भी मानसून से पूर्व करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि मानसून के दौरान शहर में जलभराव की समस्या ना आए, इसके पुख्ता प्रबंध पहले से ही सुनिश्चित कर लें। इसके बाद वे ओल्ड दिल्ली रोड पर बनाई जा रही ड्रेनेज का निरीक्षण करने भी पहुंचे। यहां पर लगभग 70 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है।

कनिष्ठ अभियंता व निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधियों ने कहा कि वे मानसून से पूर्व ड्रेन निर्माण का कार्य पूरा कर लेंगे। इसके बाद डा. सिंह ने गढ़ी रोड़ पर निर्मित की जा रही ड्रेनेज का भी अवलोकन किया। उन्होंने मौके पर उपस्थित निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधियों से कहा कि निर्माण कार्य में तेजी लाएं तथा गुणवत्तापूर्ण कार्य मानसून से पूर्व पूरा करवाएं। इस मौके पर उनके साथ संयुक्त आयुक्त विजय यादव व अभियंता भी उपस्थित थे।

### यातायात नियमों के बारे में किया जागरूक

# ट्रैफिक टीआई ने स्कूली छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरीदाबाद

ट्रैफिक टीआई ग्रेटर सतीश कुमार ने एडीएम सीनियर सेकंडरी स्कूल बडोली के 200 से अधिक छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा व यातायात नियमों के संबंध में जागरुक करते हुए जानकारी प्रदान की। इस कार्यक्रम में प्रधानाचार्य जितेन्द्र कुमार भारद्वाज, नवीन कौशिक, रणधीर डागर व छात्र व छात्राओं ने भाग लिया है। इंस्पेक्टर सतीश कुमार ने सड़क सुरक्षा यातायात नियमों के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि सड़क पर यात्रा करते समय सावधानी से चलना



चाहिए और ट्रैफिक नियमों की पालना करनी चाहिए। रास्ता पार करते समय अपने दांए और बांय तरफ ध्यान से देखकर सड़क पार करें जब कोई वाहन आता या जाता नहीं हो। अपने बचाव में ही सबका बचाव है। रेड लाइट पर कभी भी रेड सिग्नल पर पार नही करना चाहिए, ग्रीन होने पर ही रेड लाइट को पार करना चाहिए। इन सब सावधानी से सड़क दुर्घटना से बचने के लिए कई उपाय बताए। उन्होंने कहा, अपने वाहन को हमेशा गति सीमा में ही ड्राइव करना चाहिए।

### स्कूलों की तरफ से मोबाइल पर पैनिक न होने के मैसेज भेजे गए थे

# सुबह मची अफरातफरी, एनसीआर के कुछ स्कूलों को मिला धमकी का मेल, घबराए अभिभावक स्कूल पहुंचे

**काफी अभिभावक अपने बच्चों को स्कूल से बीच में ही ले गए**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गाजियाबाद

दिल्ली-एनसीआर के स्कूलों में मिले धमकी भरे ई-मेल का प्रभाव गाजियाबाद के स्कूलों में भी देखने को मिला। पुलिस ने ट्रांस हिंडन क्षेत्र के कुछ स्कूलों को धमकी वाला मेल मिलने की बात कही है।

जैसे ही यह खबर अभिभावकों को मिली तो उन्होंने भी स्कूलों में फोन करने शुरू कर दिए। स्कूलों ने अभिभावकों का समझाने का भी प्रयास किया कि स्कूल में ऐसी कोई बात नहीं है, वह चिंता न करें, बच्चे पूरी तरह सुरक्षित हैं, लेकिन



अभिभावक अपने बच्चों को लेने के लिए स्कूलों में पहुंचने शुरू हो गए, ऐसे में स्कूलों ने भी बच्चों को अभिभावकों के साथ भेजना ही सही समझा। अभिभावक काफी संख्या में अपने बच्चों को स्कूल से बीच में ही ले गए। डीपीएस मेरठ रोड की प्रिंसीपल कैप्टन डॉ. दिनिशा भारद्वाज ने कहा कि दिल्ली में घटना के बाद से सभी अभिभावकों को मोबाइल पर पैनिक न होने के मैसेज भेजे गए थे।

### डीसीपी के साथ हर थाने की पुलिस तुरंत ही अलर्ट हो गई

धमकी की सूचना मिलते ही सीपी अजय कुमार मिश्रा के निर्देशन में तीनों जोन के डीसीपी और हर थाने की पुलिस तुरंत ही अलर्ट मोड पर आ गई। डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष दशरथ पाटिल के निर्देशन में तीनों सर्किलों के एसीपी व संबंधित थानों के एसएचओ ने डॉग व बम स्कवाड के साथ उन स्कूलों में सर्च अभियान चलाया। पुलिस के मुताबिक कहीं कोई भी संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष दशरथ पाटिल ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि शालीमार गार्डन क्षेत्र में स्थित देहली कांवेंट स्कूल व डीएवी, लिंक रोड थाना क्षेत्र अंतर्गत डीएवी स्कूल चंद्रनगर और इंदिरापुरम थाना क्षेत्र अंतर्गत अमेटी इंटरनेशनल स्कूल प्रबंधन को ऐसा ई मेल मिला है, जिसमें उन स्कूलों में बम रखे जाने की धमकी दी गई है। पाटिल ने बताया कि उपरोक्त स्कूलों की गहन जांच करने के बाद भी कोई ऐसी वस्तु नहीं मिली कि जिसे संदिग्ध कहा जा सके।

# प्रचंड गर्मी पर भाजपा कार्यकर्ताओं का उत्साह , नामांकन जलूस में उमड़ा जनसमूह

बीएस लाठी ▶▶ अयोध्या

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी अयोध्या पहुंचे। यहां उन्होंने राम मंदिर में रामलला का दर्शन किया और देश प्रदेश में खुशहाली और तरक्की की कामना की। सीएम धामी ने यहां अयोध्या के भाजपा प्रत्याशी लल्लू सिंह के नामंकन में भी हिस्सा लिया। धामी ने लोगों से केंद्र में दोबारा भाजपा की सरकार बनाने की अपील की और कहा कि पीएम मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाएं। जलूस के आगे जयघोष करते भाजपा के कार्यकर्ता पैदल चल रहे थे। इसके बाद मोटरसाईकिल का काफिला व भाजपा के दो रथ चल रहे थे।

एक रथ पर महंत कमलनयन दास, महंत मिथिलेश नंदनी शरण, आचार्य चित्रांशु, महंत मैथिली शरण, महंत वैदेही बल्लभ शरण दास, महंत परशुराम दास, जगदीश दास, मनीष दास, लोक सभा प्रभारी बांके बिहारी मणि त्रिपाठी, दूसरे रथ पर पूर्व सांसद विनय कटियार, सांसद लल्लू सिंह, मंत्री दया शंकर सिंह, राज्यमंत्री सतीश शर्मा, महापौर गिरीश पति त्रिपाठी, एमएलसी हरिओम पाण्डेय, विधायकों में वेद प्रकाश गुप्ता, रामचन्दर यादव, डा अमित सिंह चौहान, प्रथम महापौर ऋषिकेश उपाध्याय, पूर्व विधायक इन्द्र प्रताप तिवारी खब्बू व गोरखनाथ बाबा सवार थे।

जयघोष करते भाजपा के जलूस के आगे पैदल चल रहे थे कार्यकर्ता

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर लगातार प्रचार अभियान में सक्रिय हैं. बुधवार को उन्होंने दिल्ली में भाजपा प्रत्याशी हर्ष मल्होत्रा के रोड शो में भाग लिया और फिर अयोध्या में भाजपा उम्मीदवार



## दर्जनों स्थानों पर भाजपा के साथ कई संगठनों ने भी लगाए शिविर

जलूस के स्वागत के लिए कुछ-कुछ दूरी पर शिविर लगे हुए थे। जुलूस के पूर्व मार्ग पर दर्जनों स्थानों पर भाजपा के साथ विभिन्न संगठनों ने शिविर लगाए थे। जिसमें शरबत का वितरण किया जा रहा था। जलूस पर शिविर में खड़े लोगों द्वारा जय श्री राम के जयघोष के साथ जलूस पर पुष्पवर्षा कर रहे थे। नामांकन जलूस की व्यवस्था की जिम्मेदारी युवा मोर्चा के पदाधिकारी कार्यकर्ताओं ने सम्हाल रखी थी। जलूस के दौरान इस बात का ख्याल रखा जा रहा था कि मार्ग पर चलने वालों को जाम की वजह से कोई दिक्कत न आने पाये। जिसके लिए युवा मोर्चा के पदाधिकारी वाहनों को पास करा रहे थे। भाजपा के शीर्ष पदाधिकारी कार्यकर्ताओं को उत्साहवर्धन करने के लिए जलूस में पैदल चल रहे थे। जलूस के आगे चल रहे डीजे पर भाजपा के सम्बंधित गीत बज रहे थे। नामांकन जलूस के दौरान सड़क की दोनां पटरियों पर खड़े लोग भाजपा के समर्थन में अपना हाथ उठा रहे थे। जगह-जगह लगे स्वागत शिविर में सुबह से स्वागत के लिए बड़ी संख्या में स्थानीय लोग जमा थे। जलूस के पहुंचते ही पुष्प वर्षा करके इसका स्वागत किया गया।

## भाजपा प्रत्याशी लल्लू सिंह ने सीएम धामी के साथ किया नामांकन

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी अयोध्या में भाजपा प्रत्याशी लल्लू सिंह के नामांकन में शामिल हुए। कलेक्टेट परिसर पहुंचे सीएम धामी के साथ भाजपा प्रत्याशी ने नामांकन दाखिल किया। इस दौरान उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि नामांकन जलूस में बडे बुर्जगों, नवजवानों, माताओं-बहनों ने जिस प्रकार सड़को पर आकर घरों की छतों पर खडे होकर अपना आर्शीवाद दिया है। लल्लू सिंह सांसद विधायक मंत्री के रूप में हमेशा सर्मपित भाव से काम किया हैं। अयोध्या अब पूरे विश्व का धाम बन रहा है। कार्यकर्ता, कारसेवक तथा नेता के रूप में उनका बड़ा योगदान रहा है। इस बार का चुनाव ऐतिहासिक होगा। देश और दुनिया में फिर से रामयुग आया है। पीएम मोदी की वजह से यह कालखंड तथा यह सौभाग्य हम सभी राम भक्तों को मिला है। फिर से रामयुग में आने का सौभाग्य मिला है।

## खबर संक्षेप

### लालू के समधी अजय यादव को कांग्रेस में झटका



**पटना।** राष्ट्रीय जनता दल के अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव के समधी और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कैप्टन अजय सिंह यादव को पार्टी ने जोर का झटका दिया है। 2019 में गुरुग्राम लोकसभा सीट से हारे अजय सिंह यादव की जगह पर कांग्रेस ने इस बार अभिनेता राज बब्बर को टिकट दिया है। अजय सिंह यादव ने राज बब्बर को टिकट मिलने के बाद एक ट्वीट में आरोप लगाया है कि हरियाणा में प्रदेश कांग्रेस के नेताओं ने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं को निपटाने की साजिश रची है।

### भीषण गर्मी के बीच 8 से 9 घंटे बिजली कटौती



**वाराणसी।** एक तरफ लोग भीषण गर्मी और लू से परेशान हैं तो दूसरी ओर बिजली कटौती ने बेहाल कर रखा है। यह हालत देश के सबसे वीआईपी लोकसभा क्षेत्र वाराणसी का है। लोकसभा चुनाव चलने के बाद भी लोगों को बिजली विभाग रुला रहा है। अचंभित करने वाली बात तो यह है कि विभागीय रिपोर्ट में 22 से 23 घंटे रोज की बिजली आपूर्ति का दावा किया जा रहा है। डिवीजनों से नगरीय विद्युत वितरण मंडल कार्यालय को भेजी जाने वाली रिपोर्ट फिलहाल यही बता रही है। जबकि, 15 दिनों से जिले में रोज 8 से 9 घंटे की कटौती हो रही है।

## सोलापुर में गरजे यूपी के सीएम योगी

# यह कांग्रेस के समय का भारत नहीं, अब कोई थप्पड़ मारेगा तो हम जबड़ा तोड़ेंगे

एजेंसी ▶▶ सोलापुर (मुंबई)

यूपी सीएम योगी आदित्यनाथ ने आज महाराष्ट्र के सोलापुर लोकसभा सीट से बीजेपी प्रत्याशी श्रीराम सतपुते के पक्ष में जनसभा को संबोधित किया। सीएम योगी बुधवार को दूसरी बार महाराष्ट्र के चुनावी रण में उतरे। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस और राहुल गांधी पर जोरदार हमला बोला।

यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने सोलापुर में जनसभा को संबोधित करते हुए बताया कि यह कांग्रेस के समय का भारत नहीं है कि कोई थप्पड़ मारता था तो कहते थे कि रुक जाओ, कहीं माहौल खराब न हो जाए। अब कोई थप्पड़ मारेगा तो नया भारत जोरदार घूसे से उसका जबड़ा तोड़ने की ताकत रखता है। योगी महाराष्ट्र के सोलापुर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी श्रीराम सतपुते के पक्ष में जनसभा को संबोधित किया। सीएम योगी दूसरी बार महाराष्ट्र के चुनावी रण में उतरे। सीएम ने कहा कि हिंदुओं को अपमानित करने के लिए इन लोगों ने क्या कुछ नहीं किया। यह वही कांग्रेस है, जिसने राम के अस्तित्व पर प्रश्न खड़ा किया था और हिंदुओं को अपमानित करने के लिए यूपीए सरकार में हिंदू आतंकवाद का शब्द भी दिया था। सीएम ने लोगों से पूछा कि हिंदू आतंकवादी होता है क्या। देश के तत्कालीन गृह मंत्री के परिवार के लोग खूनी पंजे से चुनाव लड़ने आए हैं। आपको उनसे सावधान रहना है। इन लोगों ने यह भी कहा था कि मालेगांव विस्फोट में योगी आदित्यनाथ का भी नाम होगा।

हम सीबीआई रेड कराएंगे। हमने कहा कि प्रमाण के साथ भेजना। सीएम ने आरोप लगाया कि कांग्रेस गुमराह करने के लिए जातीय जनगणना का झुनझुना पकड़ाया है। इसके माध्यम से यह हिंदू जातियों को लड़ाएंगे और जब आरक्षण का मुद्दा इनके मुद्दे से अलग हो जाएगा। हिंदू लड़ने लग जाएगा तो आपके हक को मुसलमानों को देंगे। फिर भारत के इस्लामीकरण- तालीबानीकरण की रूपरेखा कांग्रेस तैयार कर देगी। मजहब के आधार पर फिर से बंटवारा नहीं होने देना है।

**खास बातें**

- हिंदुओं को अपमानित करने के लिए कांग्रेस ने दिया हिंदू आतंकवाद शब्द
- जातीय जनगणना का झुनझुना पकड़ाकर हिंदुओं को लड़ाना चाहती है कांग्रेस



## राम मंदिर संकेत है कि एकजुट होकर कार्य करेंगे तो सिद्धि जरूर प्राप्त होगी

सीएम योगी ने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की पावन जन्मभूमि से आया हूं। रामजन्मभूमि आंदोलन में महाराष्ट्र के भाजपा व शिवसेना कार्यकर्ताओं ने भी बढ़चढ़ कर भाग लिया और सफलता अर्जित की। पीएम मोदी के प्रयास व सभी के सहयोग से अयोध्या में प्रभु श्रीराम का भव्य मंदिर बन गया है। यह मंदिर भव्य भारत के राष्ट्र मंदिर का चित्रण प्रस्तुत करता है। राम मंदिर इस बात का संकेत है कि हम एकजुट होकर कार्य करेंगे तो सिद्धि जरूर प्राप्त होगी।

### यूपी में हम हैं, मच्छर भी नहीं मरने वाला

सीएम ने कहा कि अयोध्या में श्रीराम मंदिर कांग्रेस के लोग नहीं बना पाते। वे कहते थे कि राम हुए ही नहीं। जब राम मंदिर का फैसला हो रहा था तो कहते थे कि खून की नदियां बहेंगी। मैंने कहा कि यूपी में हम हैं, मच्छर भी नहीं मरने वाला। यूपी में सात वर्ष में दंगा-कर्फ्यू तक नहीं लगा। यूपी में राम मंदिर बना है तो माफिया का राम नाम सत्य भी हो रहा है।

### पीएम मोदी के कार्यों में झलकती है कि महापुरुषों के विचारों की प्रेरणा

सीएम योगी ने कहा कि दस वर्ष तक बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर के संविधान की पूजा, महात्मा फूले के सामाजिक न्याय को अंगीकार, सावित्री बाई फूले के महिला सशक्तिकरण के अभियान और बाला साहब ठाकरे के हिंदुत्व की प्रचंड ज्वाला को बढ़ाते हुए पीएम मोदी ने जो शंखनाद किया है, उसका परिणाम है कि 140 करोड़ भारतवासियों का दुनिया में सम्मान बढ़ा है। इनके विचारों की प्रेरणा पीएम मोदी के एक-एक कार्यों में झलकती है।

## शिवपाल यादव की फिसली जुबान, बोल-

# भाजपा को बड़े मार्जिन से जिताना है, चौंक पड़े अखिलेश

एजेंसी ▶▶ इटावा



लोकसभा चुनाव के लिए एक दूसरे पर शब्द बाण चला रहे नेता कभी कभी कुछ ऐसा बोल जाते हैं जो विरोधियों को गदगद कर जाता है। ऐसा ही कुछ इटावा के जसवंतनगर विधानसभा क्षेत्र में सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने कर दिया है।

मैनपुरी लोकसभा सीट से उतरीं सपा प्रत्याशी डिंपल यादव के समर्थन में जसवंतनगर विधानसभा के रायनगर में जनसभा को संबोधित करते हुए शिवपाल सिंह यादव ने सपा की जगह भाजपा को जिताने की अपील कर दी। शिवपाल यादव ने भरे मंच से जब भाजपा को बड़े मार्जिन से जिताने की अपील की उस वक्त सपा प्रमुख अखिलेश यादव भी वहां मौजूद थे। जैसे ही शिवपाल यादव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी को बड़े मार्जिन से जिताना है। अखिलेश यादव समेत वहां मौजूद हर कोई चौंक गया। शिवपाल को जब अपनी गलती का एहसास हुआ तो कहा कि भारतीय जनता पार्टी को भारी मार्जिन से हराओ। शिवपाल का भाषण सुनते ही मंच पर मौजूद सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव भी सकते में आ गये, लेकिन उन्होंने कोई टिप्पणी नहीं की। केवल मुस्कराकर रह गये।

### देश में 83 पर्सेंट लोग बेरोजगार

80 फीसदी जनता ऐसी होगी जिनको यह वैक्सीन लगी है और सरकार ने लगवाई है। जिन लोगों ने ये वैक्सीन जनता को लगवाई और आम जनता की जान खतरे में डाले दी। वैज्ञानिक और विशेषज्ञ कहते हैं उसकी बजह से न केवल हार्ट अटैक बल्कि और कुछ बीमारियां भी हो सकती हैं। इसका जवाब कौन देगा। अखिलेश यादव ने कहा आज मजदूर दिवस है और लेबर विभाग की रिपोर्ट कहती है कि देश में 83 पर्सेंट लोग बेरोजगार हैं, किसान दुखी हैं। नौजवान के हाथ में रोजगार नहीं है।

### भाजपा को शिवपाल चाचा ही ठीक करेंगे

अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा को चाचा शिवपाल सिंह ही ठीक करेंगे। भाजपा सरकार ने कोरोना में वैक्सीन के नाम पर घोटाला किया और जब घोटाला खुला तो अब उसको दबाने में जुट गये हैं। जनसभा में सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा को चाचा शिवपाल सिंह ही ठीक करेंगे। कहा जो आपदा में यह अवसर ढूंढते थे उन्हें कुछ मौका मिल जाए तो आपने खुद देखा कैसे वैक्सीन जैसी कंपनी से भारतीय जनता पार्टी ने चंदा वसूल लिया। सोचो उन पर क्या गुजरती होगी वैक्सीन लगने के बाद जिनके पास सर्टिफिकेट है।

## पेज एक का शेष

### उनसे सीधी बात...

उनका काम कराना। अक्षय बम का कोई सीताहरण नहीं हुआ, जीतू पटवारी का यह आरोप पूरी तरह गलत है।

**सवाल:** आपके कारण से आज इंदौर से कांग्रेस पार्टी का प्रत्याशी नहीं है। यहां के लोग आज कांग्रेस पार्टी को वोट देने से वंचित हो गए, क्या आपको इसका अपराधबोध है ?

**जवाब:** इंदौर के लोग वोट देते हैं, इसमें कोई संशय नहीं है। लेकिन व्यक्ति यह भी सोचता है कि आज देश किस दिशा में आगे बढ़ रहा है। कांग्रेस पार्टी को तय करना चाहिए था कि कौन क्या काम करेगा और जब वह नहीं करेगा, तो ऐसा ही हश्र होगा। मैं कांग्रेस पार्टी में रहते हुए 6 घंटे काम करता था और आज मैं भाजपा में 18 घंटे तक काम कर रहा हूं, यह भाजपा और कांग्रेस में अंतर है। कांग्रेस में मस्त जिंदगी तो थी, लेकिन मैं फंसने के लिए ही भाजपा में आया हूं। मैं यहां काम करने से खुश हूं।

**सवाल:** जो फैसला आपने लिया, उस पर कई सवाल उठ रहे हैं, इस संदर्भ में इंदौर शहर की जनता से क्या कहना चाहेंगे ?

**जवाब:** मैंने इंदौर के लिए एक नारा दिया था और मैं उस पर आज भी कायम हूं। 'क्लीन इंदौर-ग्रीन इंदौर, ड्रीम इंदौर, हैप्पी इंदौर'। इन 4 चीजों पर मुझे काम करना है। इनमें से एक चीज हो चुकी है। बाकी 3 पर काम करना है। इंदौर शहर की जनता पीएम मोदी के साथ आगे बढ़े, यह मेरा संदेश है। क्योंकि, यही दौर इस समय चचल रहा है। इंदौर की जनता स्वतंत्र है और वह अपने मत के अनुसार देशहित तथा इंदौर के हित में वोट करे। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में मुझे जो जवाबदारी मिलेगी, उस तरह की जिम्मेदारी के साथ इंदौर की जनता के लिए काम करूंगा।

### जांच एजेंसियों को....

साइबर वॉर की साजिश रच रहा था। यही वजह है कि दिल्ली पुलिस जांच कर रही है की क्या इन धमकी भरे मेल के पीछे किसी आतंकी संगठन की साजिश तो नही?

दरअसल, बुधवार सुबह 4 बजे के करीब दिल्ली करीब 60 और नोएडा-ग्रेटर नोएडा के 40 से ज्यादा स्कूलों में एक मेल के जरिए बम की धमकी मिली। इसकी खबर मिलते ही स्कूलों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। छात्रों को तुरंत क्लास से बाहर निकाल लिया गया। स्कूलों ने अभिभावकों से अपने बच्चों को घर से वापस ले जाने का मैसेज किया।

वहीं, बम की सूचना मिलते ही पुलिस और बम निरोधक दस्ते ने स्कूलों की जांच शुरू कर दी। किसी भी स्कूल में कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है। जिन स्कूलों में बम की धमकी मिली उनमें द्वारका डीपीएस, मयूर विहार का मदर मैरी, दिल्ली का संस्कृति स्कूल और नोएडा के डीपीएस जैसे हाईप्रोफाइल स्कूल शामिल हैं। डीसीपी देवेश कुमार महला ने कहा कि हमने सभी स्कूलों की जांच कर ली है। कहीं पर भी कुछ नहीं मिला है।

### जो लोग इस वैक्सीन के ...

तौर पर कहा गया है कि जो लोग इस वैक्सीन को लगाने की वजह से अक्षम हो गए हैं या जिनकी मौत हो गई है उन्हें मुआवजा देने का निर्देश दिया जाए।

### डॉक्टर ने चार...

सिंह राणा ने बताया कि मंगलवार को पुलिस ने डॉक्टर के घर से पांचों शव को बरामद किया। मरने वालों में से चार लोगों के गले की नस कटी हुई थी और डॉक्टर का शव फंदे से झूल रहा था। इससे यह प्रतीत होता है कि इस घटना को सोमवार की रात अंजाम दिया गया होगा। घर में जिन लोगों के शव मिले, उसमें डी श्रीनिवास (40) जो फंसे से लटके मिले, वहीं डॉक्टर की पत्नी डी उषा रानी (38), इनको दो छोटे बच्चे, जिसमें एक बेटा और बेटी हैं और डॉक्टर की 70 वर्षीय मां डी रामनम्मा, चारों के गले का नस कटा हुआ था। डॉक्टर ने हाल में ही अपने हॉस्पिटल को बेच दिया था।

### 3-4 मई की रात ...

दिया है। रेवन्ना ने कहा है कि वो अभी बेंगलुरू में नहीं है तो वो जांच में शामिल नहीं हो सकेंगे। उन्होंने बेंगलुरु सीआईडी से अपने वकील के जरिए बात की है। इसी के साथ उन्होंने ट्वीट में लिखा- जल्द ही सत्य की जीत होगी। प्रज्वल रेवन्ना का ये रिएक्शन मंगलवार को विशेष जांच दल (एसआईटी) के भेजे नोटिस के बाद आया है। एसआईटी का नेतृत्व आपराधिक जांच विभाग (सीआईडी) के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक बीके सिंह कर रहे हैं। जनता दल (सेक्युलर) के निलंबित नेता प्रज्वल रेवन्ना संभवतः इस हफ्ते जर्मनी से भारत लौटेंगे। रेवन्ना 3-4 मई की रात को भारत आ सकते हैं। इससे पहले एसआईटी ने कहा था कि समन के बाद जांच एजेंसी के सामने पेश नहीं होने पर रेवन्ना को 'भगोड़ा' घोषित किया जाएगा। रेवन्ना और उनके पिता के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 354ए (यौन उत्पीड़न), 354डी (पीछा करना), 506 (आपराधिक धमकी), और 509 (एक महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाना) के तहत एफआईआर दर्ज की गई।

### सामने आई पहली झलक ...

एक रेल कोच फैक्ट्री ने वंदे भारत मेट्रो के पहले कुछ डिब्बे बनाकर तैयार कर दिए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, शुरुआत में ऐसी 50 ट्रेनें बनाई जाएंगी और धीरे-धीरे इनकी संख्या बढ़ाकर 400 की जाएगी। सूत्रों ने बताया कि रेंज के मामले में वंदे भारत मेट्रो ट्रेनें 100 किमी से लेकर 250 किमी के बीच चलाई जाएंगी। इसमें डिफॉल्ट कॉन्फिगरेशन के रूप में 12 कोच होंगे, लेकिन इसे 16 कोच तक बढ़ाया जा सकता है। बता दें कि वंदे भारत देश की पहली सेमी-हाई स्पीड ट्रेन है जिसे 15 फरवरी, 2019 को नई दिल्ली और वाराणसी के बीच हरी झंडी दिखाई गई थी। 102 वंदे भारत ट्रेन 24 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 284 जिलों से होकर 100 मार्गों पर चलती हैं।

### राष्ट्रपति मुर्मू ने...

में सीधे हनुमानगढ़ी दर्शन करने पहुंचीं, यहां गद्दीनशीन महंत प्रेमदास व पुजारी हेमंत दास के सहयोग से उन्होंने हनुमान जी महाराज का दर्शन पूजन कर आरती की और मंदिर की परिक्रमा कीं। हनुमानगढ़ी दर्शन पूजन के बाद राष्ट्रपति ने सरयू तट स्थित साकेत होटल में विश्राम कर अल्पाहार किया। बाद में सरयू आरती करने पहुंची जहां उनके स्वागत के लिए घाट की सीढ़ियां पर रेड कारपेट बिछाया गया था। राष्ट्रपति ने करीब आधे घंटे तक सरयू का दर्शन पूजन और आरती की इस दौरान उन्होंने सरयू आरती के समित के अध्यक्ष महंत शशिकांत दास से सरयू की महिमा के बारे में जानकारी प्राप्त की। अंत में राष्ट्रपति ने राम जन्मभूमि पर सर्व प्रथम रामलला का दर्शन किया। उनके स्वागत में मंदिर परिसर सहित पूरे गर्भगृह को भव्य रूप से फूलों से सजाया गया था।

### आना तो हमेशा...

तकलीफ होती है, तो कभी दलित व आदिवासी पृष्ठभूमि से आने वाले रामनाथ कोविंद और द्रौपदी मुर्मू जैसे लोगों के राष्ट्रपति बनने से।

## तैरते बच्चों का वीडियो दिल जीत लेगा

# सरकारी स्कूल में जुगाड़ से क्लासरूम को बनाया स्विमिंग पूल

एजेंसी ▶▶ कन्नौज



कन्नौज में एक सरकारी स्कूल ने निजी स्कूल को पीछे छोड़ दिया है। सोशल मीडिया पर इस स्कूल का एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें बच्चे क्लास के अंदर बने पूल में तैरते नजर आ रहे हैं। ऑल इंडिया रेडियो न्यूज ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक वीडियो शेयर किया है, जो इंटरनेट पर तेजी से वायरल हो रहा है।

ऑल इंडिया रेडियो ने इस पोस्ट में बताया कि बच्चों की मांग पर ही क्लासरूम को स्विमिंग पूल में बदल दिया गया। उन्होंने कैप्शन में लिखा, "उत्तर प्रदेशः कन्नौज जिले के प्राथमिक विद्यालय महसौनापुर उमर्दा के शिक्षकों ने बच्चों की फरमाइश पर क्लास रूम में कृत्रिम स्विमिंग रूम तैयार कराया, जिसका बच्चों ने भरपूर आनंद लिया।"

स्कूल के पूरे कमरे में मेज और कुर्सियां गायब हैं ।

## डिंपल यादव ने भाजपा पर जमकर हमला बोला

# डबल इंजन की सरकार ने देश - प्रदेश का बंटाधार कर दिया

**भाजपा झूठ की फैक्ट्री है, लोगों को बरगलाती है। वह वोटर की भावनाओं के साथ खेलकर मेनिपुलेट करती है।**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



समाजवादी पार्टी की नेता डिंपल यादव ने एक चैनल के साथ बातचीत करते हुए भाजपा पर जमकर हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र और उत्तर प्रदेश की सरकार के विकास के दावे झूठे हैं। डबल इंजन की सरकार ने देश का, प्रदेश का बंटाधार कर दिया। उन्होंने कहा है कि भाजपा के शासन में लोगों के स्वभाव और मानसिकता में फर्क आ रहा है उनकी राजनीति से लोगों पर गलत असर हुए है।

समाजवादी पार्टी नेता के सबसे अच्छे दोस्त के बारे में उन्होंने कहा कि दोस्त तो सभी हैं। डिंपल ने कहा कि भाजपा में भी अच्छे लोग होंगे। काफी अच्छे लोग भाजपा में भी हो सकते हैं। यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ के व्यक्तित्व के संबंध में पूछने पर उन्होंने कहा कि 'मैं उनके बारे में कुछ नहीं कहना चाहती। क्योंकि मैं उनके बारे में सोचती ही नहीं हूं।' अपने पति अखिलेश यादव को डिंपल ने फाइटर के तौर पर परिभाषित किया है। जबकि राहुल गांधी को लेकर जब उनसे सवाल पूछे गए तो उन्होंने एक शब्द में उन्हें विनम्र बताया। गौरतलब है कि डिंपल परंपरागत लोकसभा सीट मैनपुरी पर चुनाव लड़ रही हैं। नेता जी (मुलायम सिंह यादव) के परिवार से होने के नाते उन्हें कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है।

## ट्रेन पलटाने की साजिश

# रेलवे ट्रैक पर रखा 100 किलो का पत्थर, नैनी-दून एक्सप्रेस पलटने से बची, सूझबूझ से हादसा टला

जिस जगह हादसा हुआ वहां लोगों का आना जाना नहीं है

एजेंसी ▶▶ मुरादाबाद

मुरादाबाद-सहारनपुर रेल मार्ग पर मंगलवार की रात नैनी-दून एक्सप्रेस को पलटाने की साजिश की गई। ट्रेन पलटाने के लिए रेलवे ट्रैक पर 100 किलो का पत्थर रखा गया था। जब ट्रेन आई तो पत्थर इंजन में फंस गया।

लेकिन काठगोदाम से देहरादून जाने वाले नैनी दून एक्सप्रेस ट्रेन के ड्राइवर की सूझबूझ से बड़ा हादसा होने से टल गया। रेलवे कंट्रोल रूम पर हादसे की सूचना के बाद घटनास्थल पर मैकेनिकल विभाग की टीम पहुंच गई। टीम ने पत्थर के टुकड़े करके ट्रैक से हटाया। डेढ़ घंटे बाद ट्रेन को घटनास्थल से आगे के लिए रवाना किया गया। ट्रैक पर रखे पत्थर का वजन करीब 100 किलो का बताया जा रहा है।



### रेलवे ने जांच शुरू कर दी

रेलवे ने पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है। माना जा रहा है कि यह बड़ा हादसा करने की साजिश थी। क्योंकि जिस जगह हादसा हुआ वहां लोगों का आना जाना नहीं होता है। ट्रेन पलटती तो हजारों लोग उसमें प्रभावित होते।

### ट्रेन 100 मीटर तक पटरी पर घिसटती रही


जिसकी वजह से इंजन का पहिया उठ गया और ट्रेन 100 मीटर तक पटरी पर घिसटती रही। ट्रेन के सभी डिब्बे तेजी के साथ हिलने लगे। ट्रेन के डिब्बे हिलने से ट्रेन में सवार करीब 1100 लोग अपनी जान की सलामती की दुआ मांगने लगे। ट्रेन के ड्राइवर ने तुरंत ट्रेन की स्पीड को कम किया और उसके बाद ब्रेक लगाकर ट्रेन को रोक दिया। ट्रेन रुकने के बाद ड्राइवर ने इंजन से नीचे उतरकर देखा तो इंजन के पहिए में पत्थर फंसा था। तुरंत ड्राइवर ने मुरादाबाद रेलवे मंडल कंट्रोल रूम को सूचना दी। हादसे की सूचना मिलने पर कंट्रोल रूम ने घटनास्थल के लिए मैकेनिकल विभाग की टीम को भेजा. टीम ने मौके पर पहुंचकर औजारों से पत्थर को छोटे-छोटे टुकड़े कर बड़ी मुश्किल से पहियों के बीच से पत्थर को निकाला।



# कब-कैसे बढ़ता है कोलेस्ट्रॉल लेवल

आजकल हृदय रोग के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं और इसके प्रमुख कारणों में से एक है कोलेस्ट्रॉल का हाई लेवल। क्यों होता है ऐसा और इसे कैसे नियंत्रित किया जा सकता है, जानिए।

डॉक्टर्स एडवाइस
डॉ. रवींद्र गुप्ता
एचओडी-इंटरनल मेडिसिन
सी. के. बिड़ला हॉस्पिटल, गुरुग्राम



अपनी हेल्थ को लेकर कॉन्शस लोग यह तो जानते हैं कि शरीर में कोलेस्ट्रॉल की मात्रा बढ़ना हार्मफुल होता है। लेकिन यह समझना भी जरूरी है कि यह किस तरह नुकसान पहुंचाता है और इससे कैसे बचा जाए?

### क्या है कोलेस्ट्रॉल

कोलेस्ट्रॉल, फैट का ही एक रूप है, जो पिघले मोम की तरह चिपचिपा होता है। यह इतना ऑयली होता है कि पानी में नहीं घुल पाता। फिर लिपोप्रोटीन कणों के रूप में रक्तप्रवाह के माध्यम से शरीर के सभी अंगों तक पहुंचता है। इसे दो भागों में बांटा जाता है, एलडीएल यानी लो डेंसिटी लिपोप्रोटीन (बैड) और एचडीएल यानी हाई डेंसिटी लिपोप्रोटीन (गुड) कोलेस्ट्रॉल। गुड कोलेस्ट्रॉल, कई तरह के हॉर्मोंस के स्राव को नियंत्रित करता है। नई कोशिकाओं की दीवारों और विटामिन-डी के निर्माण में मददगार होता है। शरीर के नर्वस सिस्टम के न्यूरांस को बनाने में भी इसकी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। कुछ खास तरह के विटामिंस की पाचन क्रिया में भी यह यूजफुल होता है।

### कई तरह से नुकसानदायक

जब लोग कोलेस्ट्रॉल बढ़ने का जिक्र करते हैं, तो उसका मतलब सिर्फ एलडील यानी बैड कोलेस्ट्रॉल से होता है, जो हेल्थ को कई तरह से नुकसान पहुंचा सकता है। जैसे-यह ब्लड वेसेल्स की भीतरी दीवारों में चिपक कर उन्हें संकरा बना देता है, जिससे रक्त प्रवाह में रुकावट पैदा होती है, इसी वजह से हार्ट अटैक और ब्रेन स्ट्रोक की आशंका बढ़ जाती है।

बैड कोलेस्ट्रॉल बढ़ने की वजह से आंखों तक सही ढंग से रक्त प्रवाह नहीं हो पाता है, नतीजतन नजर भी कमजोर पड़ सकती है। बैड कोलेस्ट्रॉल की अधिकता से बढ़ती उम्र में अल्जाइमर का खतरा बढ़ जाता है। यह किडनी के लिए बहुत नुकसानदेह होता है, इससे सीने में दर्द यानी एंजाइना पेन की समस्या हो सकती है, जो हृदय रोग के शुरुआती लक्षणों में से एक है। इसकी वजह से कंधे और गर्दन में दर्द हो सकता है। बैड कोलेस्ट्रॉल बढ़ने की स्थिति में हाथ, पैरों की नसों तक ऑक्सीजनयुक्त रक्त पहुंच नहीं पाता, जिससे शरीर के इन भागों में हमेशा दर्द और अकड़न महसूस होती है। बैड कोलेस्ट्रॉल की मात्रा बढ़ने से बॉडी वेट भी बढ़ सकता है।

### क्या है वजह

सैचुरेटेड और ट्रांस फैट वाले फूड्स जैसे रेड मीट, अंडे की जर्दी, तेल, मक्खन और घी का अधिक मात्रा में सेवन इस समस्या के लिए जिम्मेदार माना जाता है। शारीरिक श्रम की कमी भी इसकी बड़ी वजह है। कुछ लोगों में आनुवंशिकता के कारण भी बैड कोलेस्ट्रॉल बढ़ने की समस्या हो सकती है।



### जांच-बचाव उपचार

लिपिड प्रोफाइल नामक जांच से शरीर में कोलेस्ट्रॉल लेवल का पता लगाया जाता है। स्वस्थ व्यक्ति के शरीर में बैड कोलेस्ट्रॉल का स्तर 130 से कम होना चाहिए, अगर किसी की हार्ट की सर्जरी हुई हो तो उसके शरीर में इसका लेवल 100 से कम होना चाहिए। अगर कोई समस्या न हो तो भी साल में एक बार कोलेस्ट्रॉल लेवल की जांच जरूर करवा लेनी चाहिए। इस समस्या से बचाव के लिए घी, तेल, मक्खन, मैदा, अंडे की जर्दी और बाजार में बिकने वाले जंक फूड्स से दूर रहें। रेग्युलर एक्सरसाइज और वॉकिंग करें। इन प्रयासों के बावजूद अगर शरीर में एलडीएल का स्तर कम न हो, तो दवाओं की मदद से इसे नियंत्रित किया जा सकता है। *

प्रस्तुति:विनीता

हेल्थ सजेशन / शिखर चंद जैन

हंसना सिर्फ एक शारीरिक क्रिया या किसी बात-घटना की प्रतिक्रिया नहीं होता है। यह एक नेचुरल रेमिडी है, जो बिना कुछ खर्च किए आपको फिजिकली-मेंटली हेल्दी रहने में बहुत इंपॉर्टेंट रोल निभाता है। कई स्टडीज में ऐसे फैक्ट सामने आए हैं कि हेल्दी रहने में अधिक से अधिक हंसना बहुत इफेक्टिव होता है। **वर्ल्ड लाफ्टर-डे (5 मई)** के मौके पर हंसने के हेल्दी बेनिफिट्स के बारे में आप भी जानना चाहेंगे।



# जी भरकर हंसिए-खिलखिलाइए रहेंगे फिजिकली-मेंटली हेल्दी

शादी विवाह हो या होली जैसे त्यौहार, अप्रैल फूल का दिन हो या दोस्तों की महफिल हो, विभिन्न अवसरों पर खूब हंसी-ठहाके और मस्ती मसखरी चलती है। हंसकर हम खुद को तरोताजा महसूस करते हैं। वैज्ञानिक भी कहते हैं कि हंसने-मुस्कुराने और चुहलबाज़ी के हजार फायदे होते हैं। इसके लिए एक कहावत है कि साबुन जो काम हमारे शरीर की सफाई के लिए करता है, वही हंसी हमारे मन के लिए करती है। हंसने-मुस्कुराने के कई फायदे समय-समय पर बताए जाते रहे हैं। कुछ ताजा अध्ययनों के अनुसार हंसने से फर्टिलिटी की संभावना, बौद्धिक क्षमता और उम्र भी बढ़ती है।

### बढ़ती है आयु



सेहत विज्ञानियों का मानना है कि हंसते-मुस्कुराते रहने से इंसान दीर्घायु होता है। हर 5 मिनट की हंसी हमारे जीवन में 5 दिनों की आयु बढ़ा सकती है। दरअसल, हंसने से तन और मन के स्वास्थ्य को कई तरह के फायदे होते हैं। ठहाके लगाने और खुलकर हंसने से रेस्पिरेटरी मसल्स फैलती हैं, जिनसे इनकी एक्सरसाइज हो जाती है। इससे चेस्ट कैविटी भी फैलती है। फेफड़ों में ज्यादा ऑक्सीजन भरती है और ज्यादा कार्बन डाइऑक्साइड निकलती है। इससे हमारे लंग्स हेल्दी बनते हैं, उनकी कार्यक्षमता भी बढ़ती है। इससे हम लंबे समय तक हेल्दी रह सकते हैं।

### हार्ट को रखे हेल्दी

अमेरिका स्थित कैलिफोर्निया की लोमा लिंडा यूनिवर्सिटी के शोधकर्ता ली बुर्के और डॉ. स्टेनले टैन ने अपने एक अध्ययन में पाया कि हंसने की प्रक्रिया से हमारे शरीर में कई तरह के रिएक्शन होते हैं। इससे एड्रेनलीन हार्मोन का स्रावण होता है, जिसे अराउजल हार्मोन कहा गया है। यह कई प्रकार के सेंसेज को जगा देता है। इससे हार्ट बीट बढ़ती है। हार्ट पर पॉजिटिव दबाव बढ़ने से यह रक्त की पंपिंग ज्यादा करता है। इससे हार्ट स्ट्रॉन्ग बनता है। इससे स्किन को भी फायदा होता है और चेहरा दमकने लगता है।

### अच्छी कार्डियो एक्सरसाइज

खुल कर हंसने से फिजिकल फटीग और मेंटल टेंशन से रिलीफ मिलती है और मसल्स रिलैक्स करती हैं। लाफ्टर ब्लड वेसल्स फंक्शन को इंप्रूव करके ब्लड फ्लो बढ़ाती है। इससे हार्ट अटैक और दूसरी कार्डियोवैस्कुलर समस्याओं से सुरक्षा मिलती है। हेल्थ एक्सपर्ट कहते हैं कि लाफ्टर एक अच्छी कार्डियो एक्सरसाइज है। इससे हार्ट मसल्स की अच्छी एक्सरसाइज होती है। इससे कैलोरी भी बर्न होती है।

### बढ़ती है मेंटल स्ट्रेंथ

अच्छे सेंस ऑफ ह्यूमर वाले, हंसोड़ और जिंदादिल इंसान मुसीबतों और दुख की घड़ी में भी खुद को संयत, संतुलित सक्रिय रखने में सक्षम होते हैं। ऐसे लोग मुसीबतों को सिर पर नहीं लादते। ये आमतौर पर खुश और सुकून से जीते हैं। इसकी वजह है कि हंसने से इनकी मेंटल स्ट्रेंथ बढ़ती है, ये अपने इमोशंस पर बेहतर ढंग से कंट्रोल करना जानते हैं। यही वजह है कि स्ट्रेस और टेंशन की कंडीशन में भी ये रिलैक्स रह लेते हैं।

### बढ़ता है सोशल सर्किल

अपनी पुस्तक 'साइकोलॉजी ऑफ हैप्पीनेस' में लेखक और मनोविज्ञानी माइकल फोर्डिस लिखते हैं, 'हंसने वाले लोग एक संतुलित और सफल जीवन जीने में सक्षम होते हैं। इनका सोशल और बिजनेस सर्किल भी बड़ा होता है क्योंकि ये अपने हंसने-मुस्कुराने वाले स्वभाव के कारण बड़ी आसानी से लोगों को इंप्रेस कर लेते हैं और उनसे हमेशा के लिए जुड़ जाते हैं।' यानी हंसने वाले लोगों के सोशल रिलेशन अधिक आसानी से और ज्यादा बनते हैं। इसका फायदा यह होता है कि व्यक्ति कभी भी अकेलेपन, स्ट्रेस या डिप्रेशन का शिकार नहीं होता है। वह अपने मन की बातें दूसरों से शेयर करता और दूसरों की बातें सुनता भी है।

'बीएमसी कंपलीमेंटरी एंड अल्टरनेटिव मेडिसिन' जर्नल में प्रकाशित एक शोध में बताया गया है कि हंसना एक प्रकार का गुडविल मैसेज है। हंसने का फायदा सिर्फ सेहत तक ही सीमित नहीं



बल्कि इससे आपकी पर्सनल और प्रोफेशनल इमेज पर भी पॉजिटिव असर पड़ता है। हंसने मुस्कुराने वाले लोगों का सामाजिक दायरा बड़ा होता है क्योंकि ये आसानी से सबको अपना मित्र बना लेते हैं। साथ ही इस आदत का फायदा इन्हें प्रोफेशनल फ्रंट पर भी मिलता है। ये अपने जिंदादिल स्वभाव से बॉस, कुलीग्स और क्लाइंट्स सबको खुश रखते हैं, जिससे इनके काम आसानी से बन जाते हैं और तरक्की के रास्ते भी सदा खुले रहते हैं।

कहने का मतलब यही है कि हंसमुख व्यक्ति हर मायने में दूसरों से अधिक हेल्दी और हैप्पी लाइफ जीता है। *



### आसान होती है प्रेगनेंसी

**दक्षिण कोरिया** के शोधकर्ता एच. जे. चुंग ने स्ट्रेस और एंजायटी के दौर से गुजर रही इनफर्टिलिटी की मरीजों पर लाफ्टर थेरेपी का असर जानने के लिए एक अध्ययन किया ।उन्होंने आईवीएफ ट्रीटमेंट ले रही 40 महिलाओं में से 20 को लाफ्टर थेरेपी दी तो पाया कि बाकी 20 महिलाओं की तुलना में उनमें स्ट्रेस एंजायटी और डिप्रेशन काफी कम था और उनमें प्रेगनेंसी ज्यादा आसानी से हुई। एक अन्य अध्ययन में ऑक्सफोर्ड कंसेप्शन स्टडी से पता चला कि जिन महिलाओं के रक्त में अल्फा एमीलेज नामक स्ट्रेस इंडिकेटर का लेवल अधिक था, उनमें प्रेगनेंसी की दर काफी कम थी। जबकि हंसने-मुस्कुराने और हंसी-मजाक का आनंद लेने वाली महिलाओं में फर्टिलिटी के इलाज से प्रेगनेंसी के चांस बढ़ गए।

केयर
संध्या रानी

अब गर्मी धीरे-धीरे बढ़ रही है। कुछ जगहों पर तो दिन के समय काफी गर्म हवाएं चलने लगी हैं। ऐसे में लापरवाही बरतने से आप हीट स्ट्रोक के शिकार हो सकते हैं। इससे बचाव और उपचार के बारे में जानिए।

# हीट स्ट्रोक से ऐसे बचें



हीट स्ट्रोक या लू लगना एक गंभीर शारीरिक स्थिति है, जिसमें शरीर तापमान को नियंत्रित करने की क्षमता खो देता है। इसके कारण शरीर का तापमान बढ़कर 104 डिग्री से भी अधिक पहुंच जाता है। शरीर के तापमान की यह स्थिति मस्तिष्क समेत शरीर के अन्य अंगों के लिए खतरनाक हो सकती है। कभी-कभी यह जानलेवा भी साबित हो जाती है।

**प्रमुख लक्षण:** इस स्थिति में शरीर में पानी की कमी हो जाती है। शरीर से अत्यधिक पसीना निकल जाने से सोडियम की कमी हो जाती है। यदि समय रहते यह कमी पूरी न की जाए तो हाथ-पैर और पेट में दर्द, तेज पसीना, कमजोरी, प्यास, सिर दर्द, मितली, चक्कर आदि जैसे लक्षण उत्पन्न हो सकते हैं। इसके अलावा सांस लेने में कठिनाई, घबराहट, चिड़चिड़ापन, त्वचा में खुश्की और लालिमा भी दिख सकती है।

**नेचुरल थेरेपी:** लू लगने पर रोगी को ऐसे स्थान पर लिटाना चाहिए जहां का वातावरण ठंडा हो। लेकिन वहां हवा के झोंके न आ रहे हों, इसका भी ध्यान रखना चाहिए। रोगी को ठंडे जल से तर कर पंखा चला देना चाहिए और थोड़ी-थोड़ी देर के बाद उसे ठंडे जल में भीगे तौलिए से भिगोते रहना चाहिए। बर्फ के जल में कपड़ा भिगोकर उसकी पट्टी रोगी के सिर, पेट और शरीर पर बदल-बदल कर लगाते रहना चाहिए। अधिक लू लगने पर कटि स्नान या पेड़ू पर गीली मिट्टी की पट्टी बार-बार लगाना भी उपयोगी सिद्ध होता है।

**पेड़ू पर मिट्टी पट्टी:** इसके लिए साफ बलुई मिट्टी जिसमें आधी मिट्टी और आधा बालू हो, का उपयोग करना चाहिए। अगर यह उपलब्ध न हो तो किसी साफ जगह पर जमीन से एक फिट नीचे की मिट्टी लेकर साफ करने के बाद उसमें पानी मिलाकर लुगदी जैसा बना लें।

अब इस मिट्टी को पेडू के आकार से थोड़ा बड़ा महीन कपड़े पर फैलाकर लगभग आधा इंच मोटाई की पट्टी बना लें। इस पट्टी का मिट्टी की तरफ वाला भाग पेडू पर रखकर किसी ऊनी कपड़े से ढंक दें। हर आधे घंटे पर इस पट्टी को बदलते रहना चाहिए। एक बार उपयोग की गई मिट्टी का प्रयोग दोबारा नहीं करना चाहिए।

**कटि स्नान:** कटि स्नान के लिए किसी ऐसे टब की जरूरत होती है, जिसमें आराम कुर्सी की तरह आधा लेटा जा सके। टब में लगभग 12 से 14 इंच गहराई तक ठंडा पानी भरें, जिससे कि टब में बैठने पर पानी नाभि तक और नीचे आधी जंघाओं तक आ जाए। टब में अधलेटी अवस्था में बैठ जाएं और अपने दोनों पैर को टब के बाहर चौकी पर रख लें। यह ध्यान रहे कि पानी से पैर भीगने न पाएं।

**तरल पदार्थ लें:** लू लगने पर भोजन की जगह मट्ठा, दही की लस्सी, कच्चे आम का पना, सत्तू का शरबत और नीबू पानी थोड़ा-थोड़ा करके पीना चाहिए। एक गिलास पानी में दो चम्मच धनिया को आधे घंटे के लिए भिगो दें। फिर इसे मसलकर छान लें और इस पानी में थोड़ी चीनी मिलाकर पीते रहें। इसके अलावा बेल के शरबत का सेवन जरूर करना चाहिए। यह गर्मी को दूर करता है और यह हमारे पाचन को भी स्वस्थ रखता है।

**बचाव के उपाय:** गर्मी के मौसम में ऐसा आहार लेना चाहिए, जो शरीर में पानी की आपूर्ति करता रहे। इस मौसम में तले-भुने गरिष्ठ भोजन से परहेज करना चाहिए। मौसम के अनुसार ही फल, सब्जी खाने चाहिए। फलों में खीरा, ककड़ी, तरबूज, खरबूज को अपने भोजन में शामिल करना चाहिए। जब मौसम अधिक गर्म हो तो बाहर न निकलें। अगर बाहर जाएं तो अपने साथ पानी की बोतल रखना ना भूलें और हमेशा पानी पीकर ही बाहर जाएं। इसके अलावा हमेशा अपने सिर को ढंक कर ही बाहर निकलें। धूप में शारीरिक श्रम वाला कोई काम नहीं करना चाहिए। बुजुर्गों और बच्चों को अधिक सावधानी बरतनी चाहिए। *

**(नेचुरोपैथ डॉ. कैलाश द्विवेदी से बातचीत पर आधारित)**

घरेलू औषधि/ संध्या सिंह

# गर्मियों की महौषधि पुदीना



गर्मी का मौसम हमारे लिए कई तरह की समस्याएं लेकर आता है। ज्यादा गर्मी में कुछ लोगों को हीट क्रैंप पड़ने लगते हैं, जबरदस्त थकावट महसूस होती है, लू लग सकती है, शरीर में पानी की कमी हो जाती है, अकसर फूड पॉयजनिंग हो जाती है, घमौरियां निकल आती हैं, चिकनपॉक्स, डायरिया, पेचिश और हैजा जैसी समस्याएं भी इस मौसम में खूब सताती हैं। पुदीना एक ऐसी हर्ब है, जो गर्मियों में होने वाली हेल्थ संबंधी ज्यादातर परेशानियों से राहत दिलाती है।

**इन समस्याओं को करे दूर:** लू लग जाने पर, फूड पॉयजनिंग होने की स्थिति में, त्वचा रूखी होने पर, गर्मियों में शरीर में पानी की कमी होने की स्थिति में, जी मिचलाने जैसी तमाम समस्याओं में पुदीना हमें तात्कालिक राहत देता है। इसीलिए पुदीना को 'गर्मियों की महौषधि' कहते हैं।

**ऐसे कर सकते हैं सेवन:** अगर आप गर्मियों में हर दिन सुबह या शाम एक गिलास पुदीने का पानी या पुदीने का शरबत पी लें (अगर डायबिटीज नहीं है) तो ज्यादातर मौसमी परेशानियां खत्म हो जाती हैं। अगर गर्मियों में पुदीने की पत्तियों को पीसकर 20 से 25 मिनट तक चेहरे पर इसका लेप लगा लें तो पूरे दिन ही नहीं बल्कि कई दिनों तक चेहरा तरोताजा बना रहता है। गर्मियों में थकान महसूस होने पर पुदीने का पानी पीते ही तुरंत थकान दूर होती है। *

अगर आपकी है रचनात्मक लेखन में रुचि

अगर आप अपने आस-पास की बदलती दुनिया पर नजर रखते हैं। आप हटकर सोचते हैं, आपके भीतर विवेचन और लेखन की क्षमता है, आप पत्रकारिता-लेखन के प्रति प्रतिबद्ध हैं, तो जुड़िए दैनिक हरिभूमि से। हमें दिल्ली में अपने फीचर विभाग के लिए आवश्यकता है-

- वरिष्ठ उप संपादक / उप संपादक
- प्रशिक्षु उप संपादक
- हिंदी टाइपिंग में कुशल ऑपरेटर भी आवेदन कर सकते हैं।

यथाशीघ्र अपना बायोडाटा मेल करें-
E-Mail: haribhoomifeaturedep@gmail.com

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्य प्रदेश से एक साथ प्रकाशित



चार दशक बाद महापौर पद जीत कर कांग्रेस ने चौंकाया

# ग्वालियर में भाजपा-कांग्रेस के बीच कांटे की टक्कर, बसपा वोट कटवा पार्टी बनकर उभरी, जातीय आधार पर मतदाता लामबंद

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

चंबल-ग्वालियर अंचल की अन्य लोकसभा सीटों की तरह ग्वालियर में भी भाजपा-कांग्रेस के बीच कांटे की टक्कर के आसार हैं।

बसपा ने कल्याण सिंह कंसाना को मैदान में उतारा है, लेकिन वे वोट कटवा साबित होते दिख रहे हैं। भाजपा-कांग्रेस के दोनों प्रत्याशी भारत सिंह कुशवाहा और प्रवीण पाठक विधानसभा चुनाव हार चुके हैं। दोनों बड़े चेहरे नहीं हैं, लेकिन मतदाता उनसे परिचित हैं। जैसे-जैसे मतदान की तारीख नजदीक आ रही है, अंचल की तासीर के अनुसार जातीय आधार पर मतदाता लामबंद होता जा रहा है।

## दलित, मुस्लिम कांग्रेस के पक्ष में, क्षत्रिय-ब्राह्मण बंटे

पिछड़े वर्ग की अधिकांश जातियां भाजपा के साथ

राजनीतिक दांव-पेच के चलते बन-बिगड़ रहे समीकरण





### भाजपा के प्रत्याशी कुशवाहा पिछड़े वर्ग से

भाजपा के प्रत्याशी कुशवाहा पिछड़े वर्ग से हैं, इसलिए इस वर्ग के तहत आने वाली अधिकांश जातियां कुशवाहा, गुर्जर, यादव, लोधी आदि भाजपा के साथ खड़ी दिखाई पड़ती हैं। दूसरी तरफ कांग्रेस के प्रवीण पाठक ब्राह्मण हैं, इसलिए हमेशा भाजपा के साथ रहने वाला ब्राह्मण कांग्रेस की तरफ झुका नजर आ रहा है। क्षत्रिय भाजपा के खिलाफ है लेकिन आमतौर पर वह ब्राह्मणों के साथ नहीं जाता। इसलिए ब्राह्मण और क्षत्रिय दोनों दलों के बीच बंटे नजर आ रहे हैं। दलित मतदाता कांग्रेस और बसपा के साथ रहता है, इस बार भी यहीं स्थिति है। हालांकि बसपा प्रत्याशी दलित वर्ग से नहीं हैं, इसका लाभ कांग्रेस को मिल सकता है। हर बार की तरह इस बार भी मुस्लिम मतदाता कांग्रेस का समर्थन करता दिख रहा है। साफ है जिस ओर जातीय समर्थन का पलड़ा भारी हो जाएगा, जीत वहां दस्तक देगी। देश, प्रदेश में चूंकि इस समय भाजपा के पक्ष में माहौल ज्यादा है। इसलिए वह बढ़त में दिखाई पड़ रही है।

## पहले कांग्रेस, अब भाजपा का कब्जा

ग्वालियर में हमेशा जीत-हार के समीकरण बनते बिगड़ते रहे हैं। इस बार भी ऐसा होता दिख रहा है। वर्ष 2007 में हुए एक उप चुनाव के बाद ग्वालियर सीट पर भाजपा का कब्जा है। इससे पहले यहां कांग्रेस जीतती रही है। 1998 तक ग्वालियर से सांसद कांग्रेस के स्व माधवराव सिंधिया रहे। 1999 में वे गुना-शिवपुरी सीट से लड़े, तब ग्वालियर में भाजपा के जयभान सिंह पवैया ने जीत दर्ज की। 2004 में कांग्रेस के रामसेवक सिंह बाबूजी ने पवैया को हराया। इसके बाद दो बार भाजपा से यशोधरा राजे सिंधिया सांसद रहीं। तब से सीट पर भाजपा का कब्जा है। कोई चार दशक बाद ग्वालियर में कांग्रेस का महापौर जीता है। कांग्रेस विधायकों की तादाद भी कम नहीं है। इस लिहाज से सीट कभी कांग्रेस कभी भाजपा के पक्ष में जाती रही है। इस बार भी मुकाबला कड़ा दिख रहा है।

### किसी भी पक्ष में आ सकता है नतीजा

ग्वालियर में भाजपा भारी दिखती है लेकिन कड़े मुकाबले में नतीजा किसी भी पक्ष में आ सकता है। विधानसभा चुनाव में भी भाजपा- कांग्रेस को क्षेत्र की 8 में से 4-4 सीटों में जीत मिली थी। कांग्रेस ने पहली बार नगर निगम में महापौर का चुनाव जीता था। इस लिहाज से भी दोनों दल बराबरी पर दिखते हैं। कांग्रेस के प्रवीण पाठक 2018 में विधानसभा चुनाव जीते थे, लेकिन 2023 में उन्हें पराजय का सामना करना पड़ा। भाजपा के भारत सिंह कुशवाहा भी विधानसभा का चुनाव हार चुके हैं। दोनों प्रत्याशी समाजों को साधने में ताकत झोंक रहे हैं।

### प्रचार और मुद्दों में भाजपा से पिछड़ी कांग्रेस

प्रदेश के अन्य लोकसभा क्षेत्रों की तुलना में ग्वालियर में दोनों दलों का प्रचार गति पकड़े दिख रहा है। क्षेत्र में भाजपा के साथ कांग्रेस और बसपा प्रत्याशियों के भी बैनर, पोस्टर देखने को मिल रहे हैं, लेकिन प्रचार और मुद्दों के मामले में भाजपा की तुलना में कांग्रेस पिछड़ती नजर आ रही है। इसकी वजह संसाधन, नेता और कार्यकर्ता हैं। भाजपा के पास इसकी कमी नहीं है। मुद्दों के लिहाज से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किए गए काम, अयोध्या में राम मंदिर सहित राष्ट्रीय मसलों पर भाजपा मजबूत दिखती है। कांग्रेस के पास न नेता हैं, न कार्यकर्ता और न ही संसाधन। कांग्रेस के घोषणा-पत्र में मुद्दे अच्छे हैं लेकिन उनका प्रचार नहीं हो पा रहा। फिर भी जातीय समीकरणों के कारण कांग्रेस मुकाबले में है।

## चाय पे चर्चा

▶▶ टीटी नगर के जीटीबी कॉम्प्लेक्स स्थित हरी टी-स्टॉल पर चाय की चुस्कियों के साथ युवाओं ने की राजनैतिक चर्चा

# मतदाता हर उम्मीदवार की बातें सुन रहा पर किसे वोट करेगा, कोई नहीं जानता

राजधानी में इन दिनों आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर चर्चाओं का दौर हर दिन जोर पकड़ रहा है। लोग अपने पसंद की राजनैतिक पार्टी की जहां तारीफ करते नहीं थक रहे हैं, तो वहीं दूसरी पार्टियों का कमियां भी गिनाने में पीछे नहीं हट रहे हैं।

ऐसी ही एक चर्चा में शहर के रंगमहल एरिया के जीटीबी कॉम्प्लेक्स स्थित हरी टी-स्टॉल पर चाय की चुस्कियों के साथ सुनील कुमार, शफीद और गगन का कहना है कि इन दिनों सबसे अधिक चुनावी चर्चाएं तो दो ही प्रमुख राजनैतिक दलों की सुनाई दे रही हैं। इनमें भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस पार्टी शामिल है। ऐसे में वोटर अभी हर पार्टी के उम्मीदवार की बातें सुन रहा है। उसे उसके पक्ष में वोट करने का भरोसा भी दे रहा है, लेकिन हकीकत में वोटर ईवीएम पर जाकर किसे वोट करेगा, कोई नहीं जानता। कहने का मतलब यह है कि अभी वोटर का रुख समझ से दूर है। ऐसे में चर्चाएं बहुत हैं, पर चर्चाओं की हकीकत चुनाव परिणाम ही बताएंगे।



## फर्स्ट टाइम वोटर

### कानून व्यवस्था और रोजगार के मुद्दे पर मतदान करूंगी...

पहली बार मतदान को लेकर काफी उत्साह हूं। मैं शिक्षा, विकास, रोजगार, भ्रष्टाचार के साथ कानून व्यवस्था के मुद्दे पर मतदान करूंगी। मेरी प्राथमिकता है कि जो पार्टी या नेता देश के सभी लोगों को एक साथ लेकर चलने का कार्य कर सके, उसे मजबूत करने का कार्य करेंगे। रोजगार का मुद्दा भी मेरे लिए महत्वपूर्ण है। मैं काफी सोच समझकर वोट करूंगी। मैं मतदान के लिए सभी को प्रेरित भी करूंगी।



**श्वेता राज**, युवा मतदाता

### क्षेत्र का विकास और सक्षम नेता के समर्थन में वोट करूंगी...

मैं पहली बार मतदान करूंगी। यह मेरे लिए काफी बड़ा पल होगा। मुझे केंद्र की सरकार चुनने का मौका मिल रहा है। मेरे हिसाब से सभी लोगों को क्षेत्र का विकास करने में सक्षम नेता को समर्थन देने की आवश्यकता है। मेरा वोट विकास के मुद्दे पर होगा। मैं शिक्षा, विकास, रोजगार की बात करने वाली पार्टी के पक्ष में मतदान करूंगी। साथ ही देश के लिए समर्पित दल और योग्य उम्मीदवार के पक्ष में मतदान करूंगी। पहली बार मतदान का अवसर मिल रहा है, तो बेहतर नेता चुनूंगी।



**सृष्टि उपाध्याय**, युवा मतदाता

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने शर्मा ने श्योपुर के विजयपुर एवं प्रेमसर में की जनसभाएं

# प्रधानमंत्री मोदी ने देश के 140 करोड़ लोगों के लिए पूरी तरह समर्पित कर दिया जीवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

यह चुनाव देश का मान-सम्मान बढ़ाने और सनातन धर्म की रक्षा का चुनाव है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जीवन खुली किताब है। उन्होंने अपना पूरा जीवन देशसेवा, राष्ट्र और समाज के लिए समर्पित कर दिया। प्रधानमंत्री ने अपने जीवन में 51 साल के पहले कोई चुनाव नहीं लड़े। उन्होंने न तो घर बसाया, न परिवार बसाया, न जमीन खरीदी, न मकान और न ही कोई दुकान बनाई। यह बात डॉ. मोहन यादव ने कही।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादन और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने मंगलवार को श्योपुर के विजयपुर एवं प्रेमसर में जनसभाओं को संबोधित किया। इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हम सब जानते हैं कि पीएम मोदी ये तपस्या हम सबका जीवन अच्छा करने के लिए कर रहे हैं। जिनका खुद का मकान नहीं है, वो 4 करोड लोगों को मकान देने का सपना देखते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने देश के 140 करोड़ लोगों के लिए अपना जीवन पूरी तरह समर्पित कर दिया है। कोरोनाकाल के दौर में भाई का भाई नहीं हो रहा था, सगे-संबंधी दूर भाग रहे थे, उस दौर में भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मोर्चा संभाला और हम सबकी जान बचाने के लिए जुट गए।

### सीएम डॉ. यादव ने कहा- यह चुनाव देश का मान-सम्मान बढ़ाने वाला



### कांग्रेस के दोहरे चरित्र वाले लोगों से सावधान रहे जनता: शर्मा

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि आज पूरे देश में एक ही वातावरण बना हुआ है। पश्चिम बंगाल हो या जम्मू-कश्मीर का लाल चैक, जहां कभी तिरंगा नहीं फहराने देते थे। आज पश्चिम बंगाल से लेकर जम्मू-कश्मीर और देशभर से एक ही आवाज आ रही है कि नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना है। यह चुनाव कई मायनों में अलग है। कांग्रेस पार्टी में अब कोई रहना नहीं चाहता है। कांग्रेस पार्टी एक परिवार के अंदर सिमट कर रही गई है, फिर भी वह देश के अंदर जातियों में भ्रम फैलाकर लोगों को बांटने, लड़ाने का कार्य कर रही है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के दोहरे चरित्र वाले लोग आएंगे और लोगों को जातियों के नाम पर लड़ाने का कार्य करेंगे। ऐसे लोगों से आप सभी मतदाताओं को सावधान रहना है।

## बैरसियावासियों ने फूलों की बारिश की है, अपना प्रेम बरसाया है, उससे मन गदगद हो गया: सीएम

**भोपाल/बैरसिया।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि पत्थर से घायल होते तो देखा था, लेकिन फूलों से घायल होते हुए पहली बार देखा है। जिस तरह से बैरसियावासियों ने फूलों की बारिश की है, अपना प्रेम बरसाया है। उससे मन गदगद हो गया है। यह बैरसिया के लोगों का प्रेम है। इस बार का चुनाव देश के मान-सम्मान और श्रीराम मंदिर का चुनाव है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को बैरसिया विधानसभा में रोड शो किया। इस दौरान विधायक विष्णु खत्री भी इनमें साथ रहे। उन्होंने कहा कि 2014 में जब आपने भाजपा को वोट दिया, तो देश से आतंकवाद का सफाया हो गया। दूसरी बार 2019 में वोट दिया था तो अयोध्या में श्रीरामलला विराजमान हो गए, भव्य मंदिर का निर्माण हो गया, कश्मीर से धारा 370 हटा दी।





### मुख्यमंत्री के स्वागत के लिए बैरसिया में उमड़ा जनसैलाब


मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने एक किमी के रोड-शो में बस स्टैंड चौराहे से चौपड़ बाजार तक खुले रथ में सवार होकर हाथों में कमल का प्रतीक लेकर जनता का अभिवादन किया और आशीर्वाद मांगा। जनता ने सड़क के दोनों ओर खड़े होकर पुष्पवर्षा कर मोदी-मोदी के गगनभेदी नारों के साथ मुख्यमंत्री का स्वागत किया।



# पिकअप ने बाइक में मारी टक्कर, हादसे में दो लोगों की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कबीरधाम

बोड़ला थाना क्षेत्र में मंगलवार-बुधवार दरमियानी रात को सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई है। बताया जा रहा है कि पिकअप ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक चालक और सवार की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद पिकअप चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया है। जानकारी अनुसार, मृतक की शिनाख्त बोड़ला निवासी दुर्गू नेताम (35) पुत्र महेश नेताम और प्रकाश यादव (34) पुत्र दशरथ यादव के रूप में हुई।




### दो युवक हवा में उछले

*दोनों बाइक से मोहगांव रोड से बोड़ला की ओर आ रहे थे, तभी जबलपुर से कवर्धा की ओर आ रही पिकअप ने बोड़ला तहसील ऑफिस के पास बाइक को टक्कर मार दी। दोनों बाइक सवार हवा में उछल गए और मौके पर ही दोनों की मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरु कर दी।*

## तेज धूप और भीषण गर्मी से लोग परेशान, पारा 43 डिग्री के पार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ में तेज धूप की वजह से भीषण गर्मी पड़ रही है। आने वाले दिनों में तापमान में बढ़ोतरी होगी। प्रदेश में आ रहे नमी हवाओं का असर खत्म हो चुका है। इससे मौसम शुष्क रहेगा। इससे तेज धूप के साथ गर्म हवाएं चलने की संभावना है। प्रदेश के आठ जिलों में अधिकतम तापमान 40 डिग्री से पार है। कई जगहों पर पारा 42 और 43 डिग्री तक पहुंच चुका है।

मौसम विभाग के अनुसार, प्रदेश में आगामी पांच दिनों में अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस बढ़ाने की संभावना है। इसके बाद तापमान में कोई परिवर्तन की संभावना नहीं है। मौसम एक्सपर्ट का कहना है कि बंगाल की खाड़ी से आ रही नमी हवाओं का असर छत्तीसगढ़ में खत्म हो चुका है। इससे प्रदेश में मौसम शुष्क रहेगा। तेज दूध के साथ भीषण गर्मी पड़ने की संभावना है। मौसम एक्सपर्ट के अनुसार, प्रदेश में मौसम का मिजाज कुछ दिनों तक ऐसे ही रहने की संभावना है। अभी मौसम में कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है।

## पूर्व मुख्यमंत्री ने सिलवानी में जन-आशीर्वाद यात्रा का किया शुभारंभ

भावुक हुए चौहान, कहा-इस गेहूं से जो पैसा आएगा, उससे कन्याओं के विकास कार्य होंगे

# महिलाओं ने गाए पारंपरिक गीत, आरती उतारी और शिवराज के हाथों में रख दी गेहूं की पोटली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को विदिशा लोकसभा की सिलवानी विधानसभा के ग्राम पहोल से जन-आशीर्वाद यात्रा का शुभारंभ किया।

यात्रा जब ग्राम गोरखी पहुंचीं तो महिलाओं ने पारंपरिक गीत गाए, शिवराज को तिलक लगाकर आरती उतारी और हाथों में गेंहू की पोटली रख दी। गेहूं से बंधी पोटली देखकर शिवराज सिंह चौहान काफी भावुक नजर आए। महिलाओं ने कहा कि चुनाव जिताने के लिए हम ये दे रहे हैं। पूर्व सीएम ने कहा कि आज कई सारी गेहूं की पोटलियां मिली हैं। इस गेहूं से जो पैसा आएगा, उसे कन्याओं के विकास के काम में ही





**मोदी युगपुरूष हैं** पूर्व मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि मोदी युगपुरूष, युगदृष्टा हैं। मोदी के नेतृत्व में नए भारत का निर्माण हो रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने एक-एक कर सारे मुद्दे हल कर दिए हैं। कश्मीर से धारा 370 हट गई है। तीन तलाक जैसा काला कानून समाप्त हो गया है। 500 साल का संकल्प पूरा हो गया, जब आयोध्या में राममंदिर का निर्माण हुआ और रामलला विराजमान हुए। प

अस्सिटेंट लोको पायलट की नौकरी लगवाने का झांसा देकर 17 लाख ठगे

# नौकरी के नाम पर ठग के झांसे में फंसा युवक किस्तों में भरे लाखों रुपए, गहने भी दे दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पेंड्रा

गौरेला पेंड्रा मरवाही में एक शख्स ने रेलवे में नौकरी लगवाने और शादी कराने के नाम लाखों रुपए ठग लिए। पीड़ित युवक ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कराया था। मामले में सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने आरोपी को दो साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है।

नौकरी के नाम पर ठगी करने वाले आरोपी को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने दो साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। आरोपी ने करीब नौ साल पहले पेंड्रा के भर्रापारा के रहने वाले एक युवक से रेलवे में असिस्टेंट लोको पायलट के पद पर नौकरी लगवाने का झांसा देकर कई अलग-अलग किस्तों में 17 लाख रुपए और कुछ जेवर ठगे थे। दरअसल पूरा मामला पेंड्रा थाना क्षेत्र का है। पेंड्रा थाना क्षेत्र अंतर्गत गुरुकुल के पास रहने वाले करण विश्वमोंगरे ने मार्च 2014 से अगस्त 2016 तक पेंड्रा थाना क्षेत्र के भर्रापारा गांव के रहने वाले प्रार्थी दुर्गेश यादव से नौकरी के नाम पर रुपए ऐंठे।



आरोपी करण ने प्रार्थी दुर्गेश से कहा कि उसकी रेलवे विभाग में असिस्टेंट लोको पायलट की नौकरी लगवा देगा और किसी लड़की से शादी करवा देगा। इस प्रकार प्रार्थी से छल किया और 17 लाख रुपए, एक सोने का लॉकेट और कुछ अन्य जेवरात ठग लिए। दुर्गेश यादव ने 2014 से कई किस्तों में आरोपी को 17 लाख रुपए दिए और दो साल पूरे होने के बाद भी जब उसे नौकरी का ऑर्डर नहीं मिला तो वह आरोपी करण से पैसा वापस मांगने लगा। इस दौरान करण आनाकानी करता रहा और बाद में आरोपी के खिलाफ पेंड्रा थाने में आईपीसी की धारा 420 के तहत अपराध क्रमांक 328 /2016 दर्ज किया गया।

इस ठगी के मामले की सुनवाई करते हुए राजस्व जिले गौरेला पेंड्रा मरवाही की मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एकता अग्रवाल ने मामले की परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए आरोपी करण विश्वमोगरे को भारतीय दंड संहिता की धारा 420 के आरोप में दो साल के सश्रम कारावास और दो हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है।

## चिंतन

# सामान्य सी खबर नहीं है बहुत ज्यादा गर्मी पड़ना

इस साल बहुत ज्यादा गर्मी पड़ेगी, पढ़ने और सुनने को यह सामान्य खबर ही लगती है, लेकिन अगर इसके मायनों को देखेंगे तो भविष्य में आने वाले गंभीर खतरे नजर आते हैं। जो न केवल मानव जाति बल्कि पूरी धरा के लिए बहुत बुरे होंगे। इसका असर न केवल धरती के समूचे मौसम चक्र और कालांतर में मनुष्य के जीवन चक्र पर पड़ेगा और सब कुछ उलट-पलट कर रख देगा। इसके चलते कहीं बेमौसम बारिश और कहीं भयानक गर्मी पड़ने की आशंका है। दुनिया विकास के नाम पर संसाधनों का दोहन करते हुए जिस तरह आगे बढ़ रही है, वैज्ञानिकों का मानना है कि 2050 तक दुनिया का तापमान डेढ़ डिग्री सेल्सियस बढ़ जाएगा। इसके बाद अगले पचास सालों में दुनिया का तापमान दो से चार डिग्री सेल्सियस बढ़ सकता है। आप भविष्य की तरफ न जाकर भूतकाल को ही देखेंगे तो औद्योगिकीकरण से पहले के काल की तुलना में 2023 में धरती का औसत तापमान 1.45 डिग्री सेल्सियस बढ़ चुका है और बुरे परिणाम में आने शुरू हो गए हैं। गलेशियर लगातार पिघल रहे हैं और धरती पर पानी में मात्रा में लगातार इजाफा हो रहा है। जिससे दुनिया के अनेक शहरों का पानी के गर्त में समा जाने का खतरा पैदा हो गया है। सबसे ज्यादा चिंता की बात तो यह है कि मौसम खुद को जितनी तेजी से बदल रहा है, हम मानव उतनी तेजी से अपना व्यवहार नहीं बदल पा रहे। शायद हम मनुष्य इस बात को नहीं समझ पा रहे कि मौसम हमारे द्वारा बनाई गई सीमाओं को नहीं मानता। मौसम की चेतावनी पूरी धरती के लिए, अर्थात इस धरती पर रहने वाले, पलने वाले, फलने-फूलने वाले, हर चल-अचल के लिए है। इसलिए पर्यावरण के बारे में वर्ल्ड लीडरों की भाषणबाजी से ज्यादा प्रत्यक्ष रूप से अपने आचरण में ठोस बदलाव की जरूरत है। इस बात को गंभीरतापूर्वक समझना होगा कि अगर मौसम के बदलने की रफ्तार तेज है तो हमें भी अपने कार्बन उत्सर्जन के मानकों और उद्देश्यों को तेजी से नए सिरे से निर्धारित करना होगा। न सिर्फ कार्बन उत्सर्जन, बल्कि मीथेन और नाइट्रेड ऑक्साइड भी नई चुनौती है। चीन के बाद भारत ही सबसे ज्यादा मीथेन का उत्सर्जन करता है। इसकी बड़ी वजह हमारा पशुधन है। पशुधन को बचाते हुए मीथेन को नियंत्रित करना होगा। विकास और पर्यावरण में संतुलन जैसी बाज़ारवादी संकल्पनाओं को कुछ समय के लिए विराम देना होगा। लेकिन दुर्भाग्य से इस दिशा में मानव समाज की कोई ठोस तैयारी दिखाई नहीं देती। यही वजह है कि इन दिनों धरती को आहत करने वाले चक्रवाती तूफानों की संख्या में कुछ वर्षों से तेजी से इजाफा हुआ है। कौन उत्तराखंड में तबाही के मंजर को कौन याद करना चाहेगा या फिर भूकंप की त्रासदी को भूल पाएगा। हर साल कोई न कोई चक्रवाती तूफान धरती के किसी न किसी हिस्से को तहस-नहस कर दे रहा है, लेकिन हम आपनी जीवन शैली में कोई सुधार करने को तैयार नहीं हैं। अब फिर आईएमडी का कहना है कि राष्ट्रीय राजधानी समेत उत्तर भारत के ज्यादातर हिस्सों में मई के महीने में अधिकतम और न्यूनतम तापमान सामान्य से ज्यादा रह सकता है। इस दौरान दो से चार दिन लू चल सकती है। बेहाल करने वाली गर्मी होगी। इशारा साफ है कि हम अंधिकार की ओर बढ़ रहे हैं। अगर अब भी सुधरे तो बहुत देर हो जाएगी।



वैक्सीनेशन
डॉ. रमेश ठाकुर

# कोविशील्ड के भय को दूर करे सरकार

**कोरोना वैक्सीन निर्माता कंपनी एस्ट्राजेनेका द्वारा साइड इफेक्ट को लेकर कोर्ट में सरेआम कबूल कर लेने के बाद बीते एकाध दिनों से पूरे संसार में इसी को लेकर चर्चाएं हो रही हैं। भारत में ही नहीं, बल्कि विश्व में कोरोना के बाद कुछ ऐसा हुआ है कि कम उम्र और बिल्कुल तंदुरुस्त और चंगे भले इंसानों को अचानक हार्ट अटैक होना आरंभ हुआ। हालांकि भारत के वैज्ञानिक और चिकित्सक इस पर सहमत नहीं हैं कि इन मौतों का संबंध कोरोना के टीके से है, पर ब्रिटिश कोर्ट ने विशेषज्ञों को नए सिरे से सोचने पर मजबूर कर दिया है। अब जिम्मेदारी हुकूमत की बनती है कि लोगों के मन में कोविशील्ड को लेकर पनप चुके डर को कैसे भी दूर करें?**

कोरोना वैक्सीन निर्माता कंपनी एस्ट्राजेनेका द्वारा साइड इफेक्ट को लेकर कोर्ट में सरेआम कबूल कर लेने के बाद बीते एकाध दिनों से पूरे संसार में इसी को लेकर चर्चाएं हो रही हैं। भारत में ही नहीं, बल्कि विश्व में कोरोना के बाद कुछ ऐसा हुआ है कि कम उम्र और बिल्कुल तंदुरुस्त और चंगे भले इंसानों को अचानक हार्ट अटैक होना आरंभ हुआ। सांस्कृतिक मंचन हो, या शादी-ब्याह, पार्टी फंक्शनों में लोगों के नाचने के दौरान गश खाकर गिरना और उसके तुरंत बाद मौत हो जाना? करीब दो-तीन सालों ऐसी मौतें सभी के लिए पहेली बनी हुई हैं। एस्ट्राजेनेका की स्वीकरोक्ति के बाद अब संदेह और गहरा गया है। ऐसा दावा है कि ये सब कोविशील्ड टीके के साइड इफेक्ट के चलते हो रहा है। भ्रम है या हकीकत? ये तो कोई नहीं जानता, पर कोविशील्ड कंपनी के खुलासे ने ये दर्शा दिया है कि भविष्य में टीकाधारकों को साइड इफेक्ट हो सकता है। जबकि, इस वैक्सीन के इस्तेमाल के आंकड़े देखें तो सिर्फ भारत में ही एक अरब 17 करोड़ का है जिसे कोरोना के बाद लोगों ने बचाओ को ध्यान में रखकर लगवाया था। पूरे संसार की बात करें, तो ये आंकड़ा ढाई से तीन अरब तक पहुंचता है।

गौरतलब है कि कोविशील्ड कंपनी एस्ट्राजेनेका ने जब से ब्रिटिश कोर्ट में जज के समक्ष यह स्वीकारा है कि उनके टीके के इस्तेमाल से 'ब्लड क्लॉटिंग' यानी खून के थक्कों के जमने की प्रबल संभावनाएं हैं। जब से चारों तरफ हंगामा मचा हुआ है। उनकी इस स्वीकारोक्ति से संसार भर में दहशत का माहौल है, जिन्होंने कोरोना से बचने के लिए कोरोनाकाल में कोविशील्ड का टीका लगवाया था, वे सब अब बुरी तरह से डरे हुए हैं। लोग चिकित्सकों से परामर्श करने में लगे हुए हैं। हालांकि, तसल्ली इस बात की है कि भारत के लोगों को डरने की जरूरत नहीं है। भारतीय चिकित्सा तंत्र ने इसे मात्र भ्रम ही बताया है। उन्होंने फिलहाल वैक्सीन को सुरक्षित बताते हुए, भरोसा दिया है कि अगर साइड इफेक्ट देखें भी तो उस पर काबू पाने में हमारा हेल्थ सिस्टम सक्षम है। सरकार की ओर से भी यही बताया गया है, पर लोगों के भीतर बैठ चुका डर निकलने का नाम नहीं ले रहा, इसलिए इसे लेकर तरह तरह की बातें हो रही हैं।

इसे लेकर जब इतना हंगामा मचा हुआ है तो ये जानना भी आवश्यक हो जाता है कि आखिर एस्ट्राजेनेका का मामला कोर्ट तक पहुंचा कैसे? दरअसल, ब्रिटिश नागरिक 'जैमी स्कॉट' ने एस्ट्राजेनेका कंपनी के खिलाफ कोर्ट में मुकदमा दर्ज करवाया था। उन्होंने अप्रैल-2021 में कोविशील्ड के टीके लगवाए थे जिसके बाद वह स्थायी तौर पर मस्तिष्क से क्षतिग्रस्त हो गए। जैमी स्कॉट समेत कई अन्य कई लोग भी थ्रोम्बोसिस नामक दुर्लभ बीमारी से ग्रस्त हो गए। तभी इन सभी ने मिलकर कंपनी के खिलाफ कोर्ट में केस दर्ज करवा दिया। उसके बाद इस दिग्गज दवा कंपनी ने कोर्ट में वैक्सीन के कारण गंभीर स्वास्थ्य जटिलताएं पैदा होने की बात स्वीकार ली। कोर्ट ने कंपनी को प्रभावित लोगों को 10 करोड़ पाउंड हर्जाने देने का आदेश भी दिया है।




इस खुलासे के बाद कोविड-19 की अन्य वैक्सीन जैसे फाइजर, मॉडर्ना भी सवालों के घेरे में हैं। ऐ कंपनियां भारत में उस वक्त खूब एक्टिव थी। इन्हें भी अपने टीकों के संबंध में अब जवाब देना होगा, क्योंकि मसला वैश्विक स्तर पर जो गर्मा चुका है।

गौरतलब है कि, जब कोरोना दुनियाभर में कहर बरपा रहा था, पूरी दुनिया इसके चपेट में थी। तब, कोविशील्ड को ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय द्वारा ईजाद किया गया। वैसे भी कम ही लोग जानते होंगे कि वैक्सीन को कोविशील्ड नाम भारत ने ही दिया था। एस्ट्राजेनेका वैक्स जोब्रिया टीके का निर्माण भारतीय फार्मा कंपनी 'सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया' यानी एसआईआई ने भी अपने स्तर से किया था। टीका बनने के बाद बाकायदा उसका ट्रायल हुआ था। सबसे पहले चूहों पर प्रयोग किया गया। उसके बाद एकाध गंभीर मरीजों को टीके चढ़ाए गए, जिसका रिजल्ट बेहतरीन पाया गया। फिर, विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की स्वीकृति मिली, उसके बाद भारतीय वैज्ञानिकों और चिकित्सकों के संयुक्त पैनल की देखरेख में मुकम्मल जांच पड़ताल की गई, उसके बाद कहीं जाकर टीकों को मरीजों में लगवाना आरंभ हुआ।

हां, इतना जरूर है कोविशील्ड को ब्रिटिश में आनन-फानन में नियमों के विरुद्ध जल्दबाजी में बिना ट्रायल के लोगों को टीका देना शुरू कर दिया गया था। ये बात वहां की हुकूमत ने भी अदालत में स्वीकारी है, इसलिए एस्ट्राजेनेका का ये कहना सच साबित होता है कि वैक्सीन बहुत दुर्लभ मामलों में टीटीएस का कारण बन सकती है। चिकित्सकों के मुताबिक इसे लंबे ट्रायल की आवश्यकता थी। जो उस वक्त नहीं किया गया। इसकी जवाबदेही फार्मा कंपनी की ही बनती है। जब उन्हें ये पता था कि इसके दुष्परिणाम भविष्य में अच्छे नहीं होंगे? तो क्यों लोगों के जीवन से खिलवाड़ करने की इजाजत उन्होंने दी। कई ऐसे अहम सवाल हैं जिनके जवाब बिंदुवार तरीके से अब एस्ट्राजेनेका कंपनी को ही देने होंगे। ऐसे में भारतीय चिकित्सकों को चाहिए कि अगर इस टीके से साइड इफेक्ट की उन्हें जरा भी संभावनाएं नजर आती हैं तो उसका तोड़ बिना देर किए अभी से खोजने शुरू कर देने चाहिए, ताकि मानव समाज के जीवन को सुरक्षित बनाया जा सके।

कोरोना से जब संसार तकरीबन-तकरीबन हार चुका था। सभी को अपने जीवन को बचाने के लिए जूझना पड़ रहा था। तब, एस्ट्राज़ेनेका ने वैश्विक साझेदारों के साथ वैश्विक स्तर पर वैक्सीन की तीन बिलियन खुराक बनाई। सरकारों ने उन्हें बाकायदा लक्ष्य दिया हुआ था। जल्दबाजियां हुई थी, जिसे स्वीकारा जा चुका है। उन्हीं की भांति भारत में भी सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ़ इंडिया ने कोविशील्ड टीके का उत्पादन युद्ध स्तर पर किया था और उन्हें भारत सरकार को सौप दिया। कोरोना वायरस की रोकथाम के लिए एस्ट्राजेनेका ने ऑक्सफोर्ड के साथ मिलकर कोविड वैक्सीन बनाई थी। वहीं, भारत में वैक्सीन बनाने वाली कंपनी सीरम इंस्टिट्यूट ने एस्ट्राजेनेका के साथ समझौता करके कोविशील्ड वैक्सीन बनाई। इसके बाद देश में आधे से अधिक लोगों को कोविशील्ड वैक्सीन लगाई गई। कुछ अन्य कंपनियों की वैक्सीन को भी लोगों ने लगवाया था, लेकिन असर सबका एक जैसा ही दिखाई पड़ता है। हालांकि भारत के वैज्ञानिक और चिकित्सक इस मत में कतई नहीं हैं कि अचानक होती मौतों का संबंध कोरोना के टीकों से है, पर ब्रिटिश कोर्ट के मामले ने विशेषज्ञों को नए सिरे से सोचने पर मजबूर कर दिया है। भारतीय चिकित्सक भी इसकी खोज में लग गए हैं। यहां जिम्मेदारी अब हुकूमत की बनती है कि लोगों के मन में कोविशील्ड को लेकर पनप चुके डर को कैसे भी दूर करे?

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं बाल अधिकार कार्यकर्ता हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## विश्लेषण
आर.के. सिन्हा



# भारत से कारोबारी संबंधों की बहाली क्यों चाहता है पाक

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ ने अपने देश की अर्थव्यवस्था की स्थिति पर विचार करने के लिए बीती 26 अप्रैल को अपने मुल्क के उद्योगपतियों से कराची में मुलाकात की। इस दौरान पाकिस्तान के चोटी के उद्योगपति और आरिफ़ हबीब ग्रुप के चेयरमेन आरिफ हबीब ने शाहबाज शरीफ से पुरजोर गुजारिश की कि पाकिस्तान भारत के साथ अपने व्यापारिक संबंध तुरंत बहाल करे। पाकिस्तान के अखबार द डॉन ने 25 अप्रैल, 2024 को इस खबर को प्रमुखता के साथ छापा भी है। उस वक्त वहां पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री और देश के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ के समधी इशाक डार भी मौजूद थे। डार ने पिछले महीने ही कहा था कि उनका मुल्क भारत से व्यापारिक संबंध बहाल करना चाहता है। उधर, भारत का मानना है कि व्यापार को द्विपक्षीय संबंधों के सामान्यीकरण के एक हिस्से के रूप में देखा जाना चाहिए। इसके लिए, पाकिस्तान को आतंकवाद पर लगाम लगानी होगी। भारत का यह भी मानना है कि आतंकवाद के मुद्दे पर ठोस कदम उठाए बिना व्यापार शुरू करना संभव नहीं है। दरअसल पाकिस्तान के नेताओं की भारत के साथ व्यापार शुरू करने की इच्छा कोई नई बात नहीं है। पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था गंभीर संकट से जूझ रही है। यह सब जानते हैं। भारत के साथ व्यापार, विशेष रूप से चीनी और कपास जैसे उत्पादों का आयात बंद होना, पाकिस्तान के लिए महंगा पड़ रहा है, क्योंकि उसे ये उत्पाद दुबई जैसे देशों से मंगवाने पड़ते हैं। पाकिस्तान



के व्यापारिक समुदाय का मानना है कि भारत के साथ सीधा व्यापार आर्थिक विकास को गति दे सकता है। अफ़गानिस्तान और ईरान के साथ तनावपूर्ण संबंधों ने भी पाकिस्तान की आर्थिक समस्याओं को और बढ़ा दिया है। यह भी देखना होगा कि ईरान के नेता की हालिया इस्लामाबाद यात्रा से दोनों देश कितने करीब आते हैं। भारत और पाक के बीच व्यापार दोनों देशों के सीमावर्ती क्षेत्रों के लिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। व्यापार, राजनीतिक मुद्दों पर व्यापक और सार्थक चर्चा के लिए भी एक प्रारंभिक कदम हो सकता है। हालांकि दोनों देशों के बीच व्यापारिक संबंधों में जल्द सुधार की संभावना भी नहीं है, क्योंकि अभी तो भारत में लोकसभा चुनाव का दौर चल रहा है। इस बीच, भारत को पाकिस्तान के साथ व्यापारिक संबंधों की बहाली करने से कोई बहुत लाभ नहीं होगा। अगर दोनों पड़ोसियों में व्यापारिक संबंध स्थापित होते हैं, तो इससे पाकिस्तान को ही बड़ा लाभ होगा। भारत की चिंता वाजिब है। भारत सरहद पार से होने वाले आतंकवाद का भुक्तभोगी रहा है, इसलिए वह कोई भी कदम बहुत सोच-समझकर ही उठाएगा। अब पाक लाख चाहे पर, पर भारत उससे व्यापारिक संबंधों को लेकर कतई उत्साहित नहीं है। पाक ने ही भारत के साथ अपने आर्थिक संबंधों को खत्म कर लिया था जब नरेंद्र मोदी सरकार ने 2019 में जम्मू-कश्मीर से धारा 370 को खत्म किया था। तब से पाक के कुछ नेता कहते रहते हैं कि जब तक धारा 370 की बहाली नहीं होगी तब तक वह भारत से संबंध बहाल नहीं करेगा। पिछले दिनों पाकिस्तान में शाहबाज शरीफ की प्रधानमंत्री के रूप में ताजपोशी के बाद यह तय ही था कि वहां भारत से व्यापारिक संबंध शुरू करने की पहल चालू होगी। खराब आर्थिक नीतियों और सेना के भारी बजट के कारण पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था तार- तार हो चुकी है। वह विश्व बैंक, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ), सऊदी अरब, चीन वगैरह के आगे मदद की आस में रहता है। विश्व बैंक ने 2018 में अनुमान लगाया था कि अगर पाकिस्तान का भारत के साथ व्यापार अपनी क्षमता तक पहुंच जाता है तो उसका निर्यात लगभग 25 बिलियन डॉलर तक पहुंच सकता है। पाकिस्तान में पूर्व भारतीय उच्चायुक्त और प्रसिद्ध पुस्तक 'एंगर मैनेजमेंटः द ट्रबल्ड डिप्लोमैटिक रिलेशनशिप बिटवीन इंडिया एंड पाकिस्तान' के लेखक अजय बिसारिया कहते हैंः 'अगर भारत-पाकिस्तान में तिजारती संबंध शुरू होते हैं तो पाकिस्तान के कपड़ा और फार्मास्युटिकल क्षेत्रों को तगड़ा लाभ होगा।' सोशल मीडिया के इस दौर में पाकिस्तानी अवाम पड़ोसी भारत के विकास की रफ्तार को बारीकी से देख रहा है। शरीफ जानते हैं कि अब दुनिया युद्ध के रास्ते पर नहीं चल सकती है, क्योंकि; युद्ध विनाश का पर्यायवाची है। पाकिस्तान की भारत के साथ तिजारत की चाहत पूरी हो सकती है, अगर वह आतंकियों की गोद से मुक्त होकर भारत की चिंताओं का समाधान करे।

(लेखक पूर्व भाजपा सांसद हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# ईश्वर की प्राप्ति



संकलित
## दर्शन

जड़ जगत की रचना के लिए ईश्वर की जो शक्ति काम करती है, उसे प्रकृति कहते हैं और चैतन्य जगत की रचना करने वाली शक्ति को जीव कहते हैं। जिस प्रकार दोनों हाथ एक ही शरीर के दो भाग हैं, उसी प्रकार जीव और प्रकृति दोनों ही ईश्वरतत्व के दो अंश हैं। अध्यात्म तत्व के जिज्ञासु जिस ईश्वर की उपासना करते हैं, असल में वह अखिल आद्यशक्ति का सतोगुणी अंश है। मानवीय उन्नति तो सत्व गुणों को प्राप्त करने से ही हो सकती है। इसलिए उन उच्च गुणों की एक मानसिक प्रतिमा बनाकर उपासना करने का विधान किया गया है। ईश्वर का सत्व गुण अदृश्य रूप से हमारे निकट ही वर्तमान है। उसे अधिक मात्र में खींचकर अपने अंदर भर लेने के लिए प्रेम, श्रद्धा, विश्वास और ध्यान अभ्यास की आवश्यकता होती है। इन्हीं चारों के समन्वय को 'उपासना' कहा जाता है। उपासना जितनी ही प्रबल होगी, आकर्षण भी वैसा ही सशक्त होगा और उसी के अनुसार उपास्य देवतत्व की प्राप्ति होगी। प्रेम, दया, करुणा, सहानुभूति, उदारता, त्याग, समता और न्याय आदि सद्गुणों का निष्ठापूर्वक जितना अधिक चिंतन किया जाता है, उतनी अधिक उनकी प्राप्ति होती है। उन्नति का क्रम तम से सत की ओर चलना है। जिसने जितना ही सत्गुण अपने में धारण कर लिया, आध्यात्मिक दृष्टि से वह उतना ही उन्नतिशील कहा जाएगा। यदि एक भक्त सत्तत्व की उपासना करता है तो कोई कारण नहीं कि उसे वह प्राप्त न हो। ईश्वर की उपासना का तात्पर्य उसके दिव्य सत तत्व की आराधना है।

# योजना बनाकर किए काम में मिलती है सफलता



संकलित
## प्रेरणा

रामायण में देवी सीता का हरण हो गया था। श्रीराम और लक्ष्मण सीता को खोज रहे थे। राम-लक्ष्मण उस जंगल में पहुंच गए, जहां सुग्रीव बाली की डर से छिपे हुए थे। सुग्रीव के साथ ही हनुमान जी भी थे। सुग्रीव ने दो राजकुमारों को देखा तो वे डर गए। सुग्रीव ने सोचा कि बाली ने मुझे मारने के लिए इन्हें यहां भेजा है। सुग्रीव ने हनुमान जी से कहा कि आप देखिए वहां दो राजकुमार दिख रहे हैं, वहां जाकर मालूम करो कि कहीं ये हमारे शत्रु तो नहीं हैं। अगर वे शत्रु हैं तो वहीं से इशारा कर देना, हम यहां से कहीं और भाग जाएंगे। अगर वे मित्र हैं तो वहीं से इशारा करना, हम यहीं रुक जाएंगे। हनुमान जी सुग्रीव की आज्ञा पाते ही उन दोनों राजकुमारों के सामने पहुंच गए। हनुमान जी वेष बदलकर गए थे। हनुमान जी ने बुद्धिमानी का उपयोग करते हुए अपना सही परिचय बताए बिना राम-लक्ष्मण की परख की। जब हनुमान जी को मालूम हुआ कि ये राम-लक्ष्मण हैं तो वे अपने असली रूप में आ गए और सुग्रीव को इशारा कर दिया कि ये हमारे शत्रु नहीं हैं। हनुमान जी ने राम-लक्ष्मण से कहा कि आप मेरे राजा सुग्रीव के पास चलिए और उनसे मित्रता कर लीजिए। हनुमान जी राम-लक्ष्मण को लेकर सुग्रीव के पास पहुंचे और इनकी मित्रता कराई। हनुमान जी समझ गए थे कि इन दोनों की समस्याएं एक-दूसरे की मदद से हल हो सकती हैं। इस मित्रता के बाद श्रीराम ने बाली वध किया और सुग्रीव को राजा बना दिया। इसके बाद सुग्रीव ने अपनी पूरी वानर सेना सीता की खोज में लगा दी।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### मजदूरों को सेवानिवृत्ति के बाद मिले पेंशन

एक मई को हर साल मजदूर दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर कई प्रोग्राम होते हैं, लेकिन मजदूरों की वास्तविक स्थिति ज्यादा अच्छी नहीं है। कारण यह है कि उन्हें मेहनत के अनुसार पगार नहीं मिलती है। इसलिए मजदूरों को उनके बुढ़ापे में सरकार की ओर से प्रति माह 15,000 हजार रुपए की पेंशन दी जानी चाहिए। इससे सरकारी कोष पर कुछ बोझ जरूर पड़ेगा, लेकिन जब कुछ राज्यों में सरकारी कर्मचारियों को ओपीएस दी जा सकती है, तो मजदूरों के कल्याण के लिए सरकारों को यह बोझ भी वहन कर लेना चाहिए। इससे मजदूरों को बुढ़ापे की जो चिंता होती है, वह खत्म हो जाएगी और उनके चेहरों पर मुस्कान फैलेगी। ऐसी स्थिति में मजदूर अपने बच्चों की मनचाही पढ़ाई करवा सकेंगे। – *सचिन पाठक, महासमुंद*

## ट्रेंड

### युवतियों के लिए क्या किया



ओडिशा में 5 बार मुख्यमंत्री बनने के बाद बी. गंजम जिले के एंटदिशाल और हिन्जिली उनका मुख्य मुख्यालय बने। मुख्यमंत्री ने हिंजिली के लिए याचिका दायर की। इस पर एक श्वेत पत्र प्रकाशित लाना चाहिए कि उनके 24 वर्षों के शासन के दौरान हिंजिली की युवतियों के रोजगार के लिए क्या किया।

-धर्मेन्द्र प्रधान, केंद्रीय मंत्री

### कब्रों की रिपोर्टों से चिंतित



गाजा में सामूहिक कब्रों की रिपोर्टों से चिंतित हूं। स्वतंत्र जांचकर्ताओं को पहुंच की अनुमति दी जानी चाहिए। मृतकों के परिवारों को यह जानने का अधिकार है कि क्या हुआ। दुनिया को अंतरराष्ट्रीय कानून के उल्लंघन के लिए जवाबदेही का अधिकार है।

-एंटोनियो गुतरेस, यूएन महासचिव

### मोदी ने चुप्पी साध ली



कर्नाटक में महिलाओं के साथ हुए वीभत्स अपराध पर भी नरेंद्र मोदी ने चुप्पी साध ली है। प्रधानमंत्री को जवाब देना होगा- सिर्फ वोटों के लिए उन्होंने सैकड़ों बेटियों का शोषण करने वाले हैवान का प्रचार क्यों किया?आखिर इतना बड़ा अपराधी देश से फरार कैसे हो गया?

-राहुल गांधी, कांग्रेस नेता

### जीवन को मुस्कुराहट से गिनें




अपने बगीचे को फूलों से गिनें, कभी पत्तों के गिरने से नहीं; अपने दिनों को सुनहरे घंटों से गिनें, बादलों को बिल्कुल याद मत करो! रात को तारों से गिनें, परछाइयों से नहीं अपने जीवन को मुस्कुराहट से गिनें- आंसुओं से नहीं।

-आनंद महिंद्रा, उद्योगपति

## करंट अफेयर

# कोलंबिया के सैन्य अड्डे से 37 मिसाइलें चोरी हुई



कोलंबिया के राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो ने कहा कि देश के दो सैन्य अड्डों से हजारों गोलों (ग्रेनेड) और गोलियों की चोरी हुई है। पेट्रो ने एक संक्षिप्त बयान में कहा कि सेना ने इस माह निरीक्षण किया और पाया कि हजारों गोलियां, हजारों गोले और तोप रोधी 37 मिसाइलें सैन्य अड्डों से चुराई गई हैं। इन सैन्य अड्डों में से एक देश के मध्य भाग में जबकि दूसरा कैरेबियाई तट के निकट स्थित है। राष्ट्रपति ने कहा कि हो सकता है कि ये गोला-बारूद कोलंबियाई विद्रोही संगठनों के हाथ लगे हों या उन्हें अन्य देशों में आपराधिक समूहों को अवैध रूप से बेच दिया गया हो जिनमें हैती के विद्रोही भी शामिल हैं। उन्होंने कहा, 'जो सामान गायब है उसके संबंध में यही कहा जा सकता है कि सशस्त्र बलों में भी ऐसे लोगों के नेटवर्क हैं जो हथियारों की अवैध खरीद-फरोख्त में शामिल हैं।' राष्ट्रपति ने कहा कि सशस्त्र बलों को किसी भी आपराधिक संगठन से दूर रखने के लिए सैन्य अड्डों का निरीक्षण जारी रहेगा। सैन्य अडडों की जांच ऐसे वक्त हुई है जब कोलंबिया ने देश के दक्षिण-पश्चिम में विद्रोही संगठन 'एफएआरसी-ईएमसी' के खिलाफ लड़ाई फिर से शुरू की है।

## ऑफ बीट

# क्या न्यूज़ीलैंड का स्कूल फोन प्रतिबंध काम करेगा?



गठबंधन सरकार द्वारा न्यूजीलैंड के स्कूलों में इस सप्ताह छात्रों के मोबाइल फोन इस्तेमाल पर प्रतिबंध की प्रतिक्रिया सामने आई है और यह शंकालु से लेकर आशावादी तक हो सकती है। ऐसी दुनिया में जहां लगभग हर किसी के पास स्मार्टफोन है, यह उम्मीद की जाती है कि इस बारे में लगभग हर किसी की एक राय होगी। होना यह चाहिए कि जल्दबाजी में कोई भी फैसला करने से पहले सही गलत का अंतर समझ लिया जाए। दरअसल, जिन स्कूलों ने समय सीमा से पहले प्रतिबंध लागू किया, उन्होंने बच्चों के ध्यान और सीखने में सकारात्मक बदलाव की सूचना दी है। क्राइस्टचर्च में हॉर्नबी हाई स्कूल की हेड गर्ल ने कहा कि मैदान अब अंतराल और लंच के दौरान शोरगुल से भरा होता है। स्कूल के प्रिंसिपल ने कहा, 'काश हमने फोन पर प्रतिबंध पांच साल पहले लगाया होता।' दूसरी ओर, स्कूलों में फोन पर प्रतिबंध लगाने के पक्ष में मिले सबूत 'कमजोर और अनिर्णायक' पाए गए हैं। हालांकि इस नीति का उद्देश्य एक 'सकारात्मक वातावरण बनाना है जहां युवा न्यूजीलैंडवासी उस चीज़ पर ध्यान केंद्रित कर सकें जो सबसे महत्वपूर्ण है'।

**अपने विचार**

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।





## गुजरात में पीएम मोदी ने कांग्रेस को ललकारा शाह ने भी किया हमला

# एसटी-एससी व ओबीसी के आरक्षण में कटौती कर मुस्लिमों को देना चाह रही कांग्रेस, आरक्षण न हटाया और न ही हटाया जाएगा

मोदी बुधवार से दो दिन के गुजरात दौरे पर हैं। पहले दिन वे शाम 4.30 बजे बनासकांठा के डीसा शहर पहुंचे, जहां विशाल जनसभा को संबोधित किया। उधर, कोरबा के कोरबा के कटघोरा में गृहमंत्री शाह ने कहा कांग्रेस के पास फेक न्यूज के सिवाय कुछ बचा ही नहीं है। जनजातीय समुदाय भी लोकसभा चुनाव में शामिल होगा

एजेंसी ▶▶ बांसकांठा

पीएम नरेंद्र मोदी बुधवार से दो दिन के गुजरात दौरे के पहले दिन वे शाम 4.30 बजे बनासकांठा के डीसा शहर पहुंचे, जहां विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि आज कांग्रेस कहती है कि भाजपा 400 सीटें इसलिए मांग रही है, जिससे कि आरक्षण खत्म कर सके। धर्म के आधार पर कांग्रेस ही एसटी, एससी, ओबीसी और पिछड़े वर्ग को मिले आरक्षण में कटौती कर मुस्लिमों को आरक्षण देना चाहती है। ये लोग कर्नाटक में यह प्रयोग कर चुके हैं।कर्नाटक में रातों-रात सभी मुस्लिमों को ओबीसी घोषित कर उन्हें 5 प्रतिशत आरक्षण दे दिया। ये लोग ऐसा पूरे देश में करना चाहते हैं। जब तक भाजपा है, जब तक मोदी है, एसटी एससी, ओबीसी और सामान्य वर्ग के लोगों को जो आरक्षण मिला है, वह कोई नहीं छीन सकता।

**धर्म के आधार पर कांग्रेस चला रही अपनी राजनीति**

### अब हो गए पस्त तो फेक वीडियो पर उतरे

फेक वीडियो को लेकर उन्होंने कहा कि पहले चरण में इंडी गठबंधन पस्त हुआ और दूसरे चरण में ध्वस्त हो गया। ये लोग मुहब्बत की दुकान चलाने निकले थे। लेकिन दुकान में फेक वीडियो बनाने का काम शुरू कर दिया। इन लोगों ने इतने साल देश पर राज किया। इनके इतने सारे पीएम रहे। फिर भी आज इनकी लोगों को सामने जाने की हिम्मत नहीं है। अब ये फेक वीडियो बना रहे हैं।



**गुजरात दिवस : विकास की नई ऊंचाइयों को छूता रहे गुजरात**

पीएम मोदी ने गुजरात के राज्य स्थापना दिवस पर गुजरात के लोगों को शुभकामनाएं दीं। अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर लिखा कि गुजरात राज्य दिवस के इस शुभ अवसर पर हम गुजरात के लोगों की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत उल्लेखनीय उपलब्धियों और जीवंतता को याद करते हैं। मैं प्रार्थना करता हूं कि राज्य आने वाले समय में विकास की नई ऊंचाइयों को छूता रहे।

छत्तीसगढ़ के कोरबा में गरजे गृह मंत्री शाह

## आरक्षण पर कांग्रेस भ्रम फैला रही

लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा धुआंधार प्रचार कर रही है।राज्य में तीसरे चरण के मतदान से पहले केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह बुधवार को कोरबा के कटघोरा में उन्होंने जनसभा को संबोधित किया।शाह ने कहा कि मैंने सरोज पांडेय से कहा था मैं कोरबा जरूर आऊंगा। मैं भगवान राम के ननिहाल आया हूं। कांग्रेस 70 साल से राम जन्मभूमि के मसले को लटकाती रही। हमने प्राणप्रतिष्ठा करके जय श्रीराम कर दिया। 500 साल के बाद यह मौका आया है।



### कांग्रेस के लिए वोटबैंक ही सबसे जरूरी

शाह ने कहा कांग्रेस के लिए वोटबैंक ही सबसे जरूरी है। भूपेश सरकार ने नक्सलवाद को बढ़ाया। 5 साल में कई राज्यों से भाजपा ने नक्सलवाद को समाप्त किया है। भाजपा नक्सलवाद को खत्म कर देगी। शाह ने पीएम मोदी के 10 साल का रिकॉर्ड और 25 साल का एजेंडा भी है। पीएम मोदी ने कहा था हमारी सरकार गरीबों की होगी।

### खरगे जी चार जून को भाई-बहन आपकी बलि ले लेंगे

शाह ने परिवारवाद के मुद्दे पर कांग्रेस पर जोरदार हमला बोला है। उन्होंने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे पर झूठ बोलने का आरोप लगाया है। शाह ने कहा कि खरगे जी आप एक परिवार के भाई-बहन के लिए झूठ क्यों बोल रहे हैं? चार जून को आपकी पार्टी के हारने के बाद हार का ठीकरा आप पर ही फूटेगा आप की बलि चढ़ा दी जाएगी।

**भूपेश सरकार ने दिया नक्सलवाद को बढ़ावा**

छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के भूपेश कक्का की सरकार नक्सलवाद को बढ़ावा देती रही, लेकिन हमारे विष्णुदेव जी की सरकार बनने के बाद 4 महीने में ही 95 नक्सलियों को ढेर कर दिया गया।

**कांग्रेस के अधीररंजन ने कहा**

### टीएमसी से बेहतर होगा, भाजपा को वोट दें



**बेरहामपुर** । वरिष्ठ कॉन्ग्रेस नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता अधीर रंजन चौधरी ने बुधवार को पश्चिम बंगाल के बेरहामपुर में एक राजनीतिक रैली में बीजेपी के लिए वोटिंग की अपील कर दी। वायरल वीडियो में अधीर रंजन चौधरी वीडियो में कहते दिख रहे हैं, टीएमसी को वोट देने के बजाए भाजपा को वोट देना चाहिए।

### टीएमसी ने कुणाल को पद से हटाया



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की सत्तारुढ़ तृणमूल कांग्रेस पार्टी ने कुणाल घोष को पार्टी के प्रदेश महासचिव पद से हटा दिया। सत्ताधारी पार्टी ने बुधवार को इसकी घोषणा की। तृणमूल ने लिखा कि घोष कई ऐसी बातें कह रहे हैं जो पार्टी के विचारों के अनुरूप नहीं हैं। इसलिए यह स्पष्ट करना बहुत जरूरी था कि वह जो कह रहे थे, वह पूरी तरह से उनकी निजी राय थी। पार्टी से कोई लेना-देना नहीं है।

### कॉमेडियन रंगीला वाराणसी से लड़ेंगे



**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव में वाराणसी से पीएम नरेंद्र मोदी के खिलाफ कॉमेडियन श्याम रंगीला भी मैदान में उतरेंगे। उन्होंने टेलीविजन शो में दिखने के अपने सपने को फिलहाल छोड़कर राजनीति से कॉमेडी की दुनिया में प्रवेश करने की योजना बनाई है। राजस्थान के 29 वर्षीय रंगीला ने ऐलान किया है।

**वीसी से चुनाव प्रचार की याचिका खारिज**

### फिर तो दाऊद इब्राहिम भी प्रचार करेगा



दिल्ली हाईकोर्ट में एक याचिका दायर कर मांग की गई कि जेल में बंद नेताओं को वर्चुअल मोड में लोकसभा चुनाव प्रचार करने की इजाजत दी जाएकोर्ट ने याचिका को खारिज कर दी और याचिकाकर्ता को जुर्माने की चेतावनी भी दी। हाईकोर्ट के जस्टिस मनमोहन की अध्यक्षता वाली बेंच ने याचिकाकर्ता को फटकार लगाई। उन्होंने कहा कि एसे में तो दाऊद इब्राहिम चुनाव लड़ेगा और वीसी से प्रचार करेगा।

दिल्ली में बोले राजनाथ

### भारत अब दुनिया का एक ताकतवर देश बन गया, विश्व भी मानने लगा



भाजपा के वरिष्ठ नेता और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह नेउत्तर पूर्वी दिल्ली से भाजपा के लोकसभा उम्मीदवार मनोज तिवारी के समर्थन में रोड शो किया। रोड शो में लोगों का विशाल हुजूम था। इस अवसर पर भाजपा के प्रमुख स्टार प्रचारक सिंह ने कहा कि भारत अब दुनिया का एक ताकतवर देश बन गया है। सिंह ने कहा कि हमारा भारत पीएम मोदी के नेतृत्व में एक नई सोच के साथ आगे बढ़ रहा है। दुनिया देख रही है कि भारत अब पहले का भारत नहीं रहा है।

नड्डा का शिमोगा सम्मेलन

### देश में धार्मिक आधार पर आरक्षण के लिए कोई जगह नहीं



भाजपा अध्यक्ष जेपीनड्डा कर्नाटक के शिमोगा में एक बौद्धिक बैठक में शामिल हुए। नड्डा ने कहा कि राज्य में सीएम सिद्धारमैया के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार ने मुसलमानों को ओबीसी कोटा से 4 फीसदी आरक्षण दिया था। उन्होंने मुस्लिमों के लिए आरक्षण पर टिप्पणी करते हुए कहा कि बीआर आंबेडकर ने कहा कि धार्मिक आधार पर आरक्षण के लिए कोई जगह नहीं है।हम मुस्लिम समुदाय के खिलाफ नहीं हैं, लेकिन हमें यह समझना होगा कि संविधान स्पष्ट रूप से कहता है कि धर्म के आधार पर कोई आरक्षण नहीं होगा, लेकिन कांग्रेस धूर्त और विभाजनकारी मंसूबे रखती है।

खरगे ने कहा

### अमेठी में वहीं का होगा कैंडिडेट, घोषणा जल्द



उत्तर प्रदेश की रायबरेली और अमेठी लोकसभा सीट पर नामांकन की प्रक्रिया शुरू है और पर्चा भरने की अंतिम तारीख तीन मई है। अमेठी सीट से चुनाव लड़ने पर राहुल गांधी कई बार कह चुके हैं कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के आदेशका पालन करेंगे। खरगे ने कहा, जो होंगे, वहीं के होंगे। इसकी घोषणा जल्द ही की जाएगी।

शिवपाल के बोल

### भाजपा को बड़े मार्जिन से जिताना है, अखिलेश 'सन्न'



**इटावा।** लोकसभा चुनाव के लिए एक दूसरे पर शब्द बाण चला रहे नेता कभी कभी कुछ ऐसा बोल जाते हैं। इटावा के जसवंतनगर विधानसभा क्षेत्र में सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने कर दिया है। डिंपल यादव के समर्थन में जनसभा को संबोधित करते हुए यादव ने सपा की जगह भाजपा को जिताने की अपील कर दी।अखिलेश यादव समेत वहां मौजूद हर कोई चौंक गए। शिवपाल को बाद में गलती का अहसास हुआ।

प्रियंका का दावा

### आज देश में करोड़ों लोग बेरोजगार,सरमा को कोसा



**गुवाहाटी।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा चुनाव प्रचार के लिए असम पहुंची हुई हैं। यहां धुबरी में में एक जनसभा को संबोधित कर कांग्रेस नेता ने जमकर सीएम हिमंत बिस्व सरमा और भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि यह सरकार पूरी तरह से अपने हितों पर केंद्रित है। उन्हें जनता के संघर्षों की चिंता नहीं है। आज बेरोजगारी सबसे ज्यादा है। 70 करोड़ लोग बेरोजगार हैं।

**खबर संक्षेप**

### पत्थर खदान में विस्फोट तीन श्रमिकों की मौत



**विरुधुनगर।** तमिलनाडु के विरुधुनगर में बुधवार को पत्थर खदान में विस्फोट से कम से कम तीन श्रमिकों की मौत हो गई। उनके अंगभंग होकर बिखर गए। विस्फोट के कारण खदान में धुएं और रेत का गुबार छा गया और आसपास के इलाकों में रहने वाले लोगों ने धमाका महसूस किया। नाराज लोगों ने खदान बंद करने की मांग करते हुए विरोध प्रदर्शन किया।

### नामग्याल ने भरा पर्चा लद्दाख भाजपा में बगावत



**नई दिल्ली।** केंद्रशासित प्रदेश लद्दाख की एकमात्र लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी ताशी ग्यालसन ने नामांकन दाखिल किया। इस दौरान लद्दाख भाजपा के अंदर जारी अंदरूनी कलह सामने आ गई। पार्टी ने लद्दाख के मौजूदा सांसद जामयांग सेरिंग नामग्याल का टिकट काटकर ताशी ग्यालसन को प्रत्याशी बनाया है। पार्टी के इस फैसले से नामग्याल विद्रोह पर उतर आए ,परचा भी भर दिया।

### विज का छलक उठा दर्द अपनों ने किनारे किया



**चंडीगढ़।** अंबाला छावनी में भाजपा की विजय संकल्प रैली का आयोजन किया गया, जिसमें अनिल विज ने भारी भीड़ जुटाकर अपनी ताकत दिखा दी। एक बार फिर विज का दर्द छलका। विज ने कहा कि कुछ ने मुझे मेरी ही पार्टी में बेगाना कर दिया। कई बार बेगाने अपनों से ज्यादा काम कर जाते हैं। सीएम नायब सैनी ने बंतो कटारिया को जिताने की अपील की।

## हिंदू विवाह की आधुनिकता पर सुप्रीम कोर्ट नाराज

# भारतीय समाज में शादी एक पवित्र रिश्ता नाच-गाना और शराब से नहीं होती शादी

### सर्वोच्च अदालत ने तलाक से जुड़े एक मामले को लेकर नाराजगी व्यक्त की

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश की सर्वोच्च अदालत ने तलाक से जुड़े एक मामले को लेकर नाराजगी व्यक्त की है। अदालत ने हिंदू विवाह प्रक्रिया पर जोर देकर कहा है कि इसे नाच-गाना और खाने-पीने तक जैसे आयोजन तक ही सीमित नहीं बनाना चाहिए। भारतीय समाज में शादी एक पवित्र रिश्ता होता है। इसे बनाकर रखना चाहिए। जज बीवी नागरत्न और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की बेंच ने तलाक के एक केस की सुनवाई के दौरान कहा कि शादी केवल नाच-गाना, खाने-पीने, शराब और दहेज का मौका नहीं होता है। लेकिन लोग विवाह को व्यवसायिक लेनदेन में लगे हुए हैं जबकि विवाह महिला और पुरुष के बीच के रिश्ते को जोड़ने के लिए होता है। यहीं आगे चलकर पति-पत्नी के रूप में जीवन निर्वहन करते हैं। कोर्ट ने तलाक के एक मामले पर सुनवाई की। याचिका में यह बात कही गई कि दोनों के बीच जो शादी हुई वो वैध नहीं थी।



**शादी के विचार से पहले ही समझें हिंदू विवाह**

बेंच ने ये भी कहा कि भारत में शादी को बहुत ही पवित्र माना जाता है। हिंदू विवाह दो लोगों के बीच ही नहीं बल्कि एक ऐसा संस्कार है जिसे भारतीय समाज के मूल्यों के बारे में पता चलता है। हम युवा पुरुष और महिलाओं से अपील करते हैं कि इस रिश्ते में जाने से पहले गहराई से भारतीय समाज के इस संस्था की पवित्रता पर विचार करें।

### रजिस्ट्रार जारी नहीं करते हिंदू मैरिज सर्टिफिकेट

अदालत ने शादी को लेकर कहा कि केवल रजिस्ट्रेशन करा लेना ही विवाह को वैधता नहीं देता है। कई ऐसे उदाहरण हैं जो कागज के आधार पर रजिस्ट्रेशन करा लेते हैं। रजिस्ट्रार द्वारा ऐसा कोई सर्टिफिकेट जारी नहीं किया जाता ।

### एक्ट 8 से नहीं मिल जाती शादी की वैधता

कोर्ट ने कहा कि हिंदू मैरिज एक्ट की धारा 8 के तहत आज के समय में लोग शादी रजिस्टर कराना चाहते हैं। इस एक्ट के तहत सिर्फ रजिस्ट्रेशन करा लेना ही शादी को वैध नहीं बनाया है। जोड़ा माता-पिता विदेश में रहने के दौरान वीजा आवेदन के लिए शादी के रजिस्ट्रेशन को लेकर तैयार हो जाते हैं।

**कोर्टरूम में ही जज सुनाने लगे पीड़ा**

### संडे-मंडे तो छोड़िए पर्वों पर भी छुट्टियां नहीं

जब अदालत ने मामले की सुनवाई शुरू की तो सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने बेंच से माफी मांगते हुए इसे 2 बजे शुरू करने की मांग की और कहा कि एक अन्य संवैधानिक पीठ में उन्हें जाना है। जस्टिस गवई ने कहा, जो लोग आलोचना करते हैं, वे नहीं जानते कि हमारी शनिवार-रविवार को भी छुट्टियां नहीं होती हैं। यहां तक कि त्योहारों में भी छुट्टी नहीं होती।

**शाह फेक वीडियो मामले पर बोले रेड्डी**

## मैंने वीडियो शेयर नहीं किया, हम 'अकाउंट' संचालित नहीं करते

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमित शाह के फर्जी वीडियो मामले पर सीएम रेवंत रेड्डी के वकील ने दिल्ली पुलिस के नोटिस का जवाब देते हुए कहा है कि आईएनसी तेलंगाना ट्विटर अकाउंट को वह संचालित नहीं करते हैं। रेवंत रेड्डी के वकील ने अपना जवाब दाखिल किया है और कहा है कि वह केवल दो ट्विटर अकाउंट (सीएमओ तेलंगाना और उनका निजी अकाउंट) का ही इस्तेमाल करते हैं। इस वजह से दिल्ली पुलिस द्वारा उठाया गया सवाल अप्रासंगिक है। उस वीडियो को अपलोड करने या साझा करने के लिए उनके अकाउंट का इस्तेमाल नहीं किया गया था।



### 16 अन्य लोगों को भी नोटिस भेजा था

इस मामले में दिल्ली पुलिस ने रेवंत रेड्डी के अलावा 16 अन्य लोगों को भी नोटिस भेजा था। बताया जा रहा है कि अगर किसी व्यक्ति को दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 160/91 के तहत नोटिस दिया जाता है, तो वह व्यक्ति या तो जांच अधिकारी के सामने उपस्थित हो सकता है या कानूनी प्रतिनिधि भेज सकता है।

### पुलिस 8 राज्यों में कार्रवाई कर रही

गौरतलब है कि अमित शाह के भाषण का एक फेक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा था, जिसमें वो कथित तौर पर कहते सुनाई देते हैं कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनेगी तो गैर-संवैधानिक एससी, एसटी और ओबीसी के रिजर्वेशन को हम समाप्त कर देंगे। इस मामले में दिल्ली पुलिस 8 राज्यों में कार्रवाई कर रही है। 2 लोगों को गिरफ्तार भी किया जा चुका है।

**हाईकोर्ट में दो घंटे चली सुनवाई**

## निर्दलीय विधायकों के इस्तीफे के मामले में फैसला सुरक्षित

एजेंसी ▶▶ शिमला

हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट ने निर्दलीय विधायकों के इस्तीफे के मामले में अदालत में 2 घंटे तक सुनवाई चली। हाईकोर्ट ने फैसले को सुरक्षित रख लिया है।

मुख्य न्यायाधीश एमएस रामचंद्र राव और न्यायाधीश ज्योत्सना रिवाल दुआ की खंडपीठ ने इस मामले को सुना। विधानसभा अध्यक्ष की ओर से सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिएइस मामले की पैरवी की। उन्होंने अदालत को बताया कि निर्दलीय विधायकों की ओर से सौंपे गए इस्तीफे को स्वीकार करना या न



करना स्पीकर के प्रशासनिक कार्यक्षेत्र में आता है। निर्दलीय विधायकों ने 22 मार्च को इस्तीफे सौंपे और 23 को भाजपा में शामिल होकर 24 को चार्टर प्लेन से घूमने जाते हैं। ऐसे में इसे स्वेच्छा से दिया गया इस्तीफा कैसे माना जाएगा? निर्दलियों ने जब इस्तीफे सौंपे, तब विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर उनके साथ मौजूद थे। स्पीकर इस मामले में कार्रवाई कर सकते हैं।

**कांग्रेस ने संविधान बदलने का कुत्सित काम किया था, इमरजेंसी लगाई**

# भाजपा ने संविधान संशोधनों के माध्यम से सामाजिक न्याय की लड़ाई और बाबा साहब की परिकल्पना को आगे बढ़ाया: अरुण

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

उत्तर प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री और भाजपा नेता असीम अरुण ने बुधवार को दिल्ली स्थित केंद्रीय कार्यालय में प्रेसवार्ता को संबोधित किया करते हुए भाजपा द्वारा सामाजिक न्याय की यात्रा को आगे बढ़ाने और संविधान को मजबूत बनाने के लिए कालांतर में किएगए संशोधनों का विवरण दिया।

अरुण ने बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर द्वारा स्थापित संविधान को रेखांकित किया और कांग्रेस कार्यकाल में संविधान के बेसिक स्ट्रक्चर को बदलने के लिए किए गए दुष्परिणामी प्रयासों की जमकर आलोचना की। अरुण ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार हर वो काम कर रही है, जिससे संविधान को और मजबूती मिल सके। बाबा साहब ने संविधान के आस पास जो चार दीवारी बनाई है, जिसे बेसिक स्ट्रक्चर कहते हैं, उसको बदलने का अधिकार किसी को नहीं है। संविधान की चार दीवारी के आस पास जो फर्नीचर रखा उसको बदलने का अधिकार संविधान में है और उसका बहुत ही सकरात्मक प्रयोग भाजपा ने किया है। अरुण ने तुलना करते हुए बताया कि भाजपा सरकार द्वारा नवीनतम संशोधन में



"नारी शक्ति वंदन अधिनियम" के माध्यम से सामाजिक न्याय को स्थापित करने लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित की गई। ऐतिहासिक रूप से वंचित समूह अनुसूचित जाति तथा जनजाति के लिए जो आरक्षण था, उसे भाजपा सरकार ने ही पिछड़ा वर्ग समाज के लिए भी लागू किया। पीएम ने सामान्य वर्ग में आर्थिक रूप से ईडब्ल्यूएस को आरक्षण देने की शुरुआत की। इसी प्रकार के अहम संविधान संशोधनों द्वारा भाजपा ने संविधान को मजबूत करने, सामाजिक न्याय की लड़ाई और बाबा साहब की परिकल्पना को आगे बढ़ाने के लिए अनेक कार्य किया है।

अरुण ने स्वर्गीय इंदिरा गांधी के कार्यकाल का उल्लेख करते हुए कहा कि जब इंदिरा गांधी को हाईकोर्ट द्वारा एक केस में अयोग्य करार दे दिया गया था और उनकी प्रधानमंत्री की कुर्सी जा रही थी, तब उन्होंने संविधान में एक संशोधन किया, जिसके जरिए ये कहा गया कि सुप्रीम कोर्ट और किसी भी न्यायपालिका को प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और स्पीकर के चुनाव को चुनौती देने का अधिकार नहीं होगा। यह कांग्रेस द्वारा संविधान के बेसिक स्ट्रक्चर को बदलने का कुत्सित प्रयास किया गया। बाद में न्यायपालिका ने अपनी शक्ति का प्रयोग करके इसे लागू नहीं होने दिया। उन्होंने कहा कि इसके बाद भी, इंदिरा गांधी ने स्वयं को सत्ता में बनाए रखने के लिए देश में इमरजेंसी लगाई। संविधान बदलने और सस्पेंड करने वाला सबसे दुष्परिणामी प्रयास कांग्रेस द्वारा किया गया था। इसके विपरीत भाजपा ने जब भी संविधान में संशोधन किया है, तो वह सिर्फ सामाजिक न्याय की यात्रा को आगे बढ़ाने और मजबूत बनाने के लिए किया है।

## आवासीय रियल एस्टेट क्षेत्र में निवेश तीन गुना के पार

**नई दिल्ली।** आवासीय रियल एस्टेट खंड में निवेश मार्च तिमाही में तीन गुना से अधिक होकर 5,743 करोड़ रुपये हो गया। रियल एस्टेट परामर्श कंपनी कुशमैन एंड वेकफील्ड (सीएंडडब्ल्यू) के अनुसार, यह कुल रियल एस्टेट क्षेत्र में कुल प्रवाह का 63 प्रतिशत है। सीएंडडब्ल्यू की बुधवार को जारी पूंजी बाजार की रिपोर्ट में कहा गया कि मार्च तिमाही के दौरान रियल एस्टेट में निवेश बढ़कर 9,124 करोड़ रुपये हो गया, जो पिछले साल समान अवधि में 8,830 करोड़ रुपये था। रिपोर्ट के अनुसार, कुल निवेश में से आवासीय खंड में निवेश बढ़कर 5,743 करोड़ रुपये हो गया, जो पिछले साल समान तिमाही में 1,735 करोड़ रुपये था।

# आखिरकार गोदरेज ग्रुप का बंटवारा हुआ फाइनल, जानिए किसे मिलेगी कौन सी कंपनी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश के सबसे पुराने कारोबारी समूहों में गिने जाने वाले गोदरेज ग्रुप का बंटवारा अब फाइनल हो चुका है। साल 1897 में अर्दशीर गोदरेज ने इस ग्रुप की नींव रखी थी। गोदरेज ग्रुप की मार्केट वैल्यू 4.1 अरब डॉलर आंकी गई है।

- गोदरेज ग्रुप की मार्केट वैल्यू 4.1 अरब डॉलर आंकी गई

अब गोदरेज परिवार ने ग्रुप के बंटवारे पर मुहर लगा दी है। ग्रुप की कंपनियों को आदी गोदरेज, नादिर गोदरेज, जमशेद गोदरेज और स्मिता गोदरेज के बीच बांट दिया जाएगा। एक रिपोर्ट के अनुसार, आदी गोदरेज और नादिर गोदरेज को इस बंटवारे के तहत लिस्टेड कंपनियों की मेजॉरिटी हिस्सेदारी मिलेगी। उधर, गोदरेज एंड बॉयस का कंट्रोल जमशेद गोदरेज और स्मिता गोदरेज को मिल सकता है। रिपोर्ट के अनुसार, इस बंटवारे को फाइनल कर जल्द ही इसकी सार्वजनिक घोषणा कर दी जाएगी।

### साल 1897 में अर्दशीर गोदरेज ने इस ग्रुप की नींव रखी थी

#### कई सेक्टर में फैला हुआ है गोदरेज ग्रुप का कारोबार

गोदरेज ग्रुप का कारोबार इंजीनियरिंग, होम एप्लायंस, सिक्योरिटी, एग्रीकल्चर, रियल एस्टेट और कंज्यूमर प्रोडक्ट्स सेक्टर में फैला हुआ है। साल 1897 में बनी गोदरेज इंडस्ट्रीज लिमिटेड की गोदरेज एग्रोवेट में 64.89 फीसदी, गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स में 23.74 फीसदी और गोदरेज प्रॉपर्टीज में 47.34 फीसदी हिस्सेदारी है। गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स ग्रुप की सबसे बड़ी कंपनी है। 30 अप्रैल को इसका मार्केट कैप 1.26 लाख करोड़ रुपए था।




#### गोदरेज ग्रुप ने साध ली है चुप्पी

इस बंटवारे में रॉयल्टी, ब्रांड यूज और जमीन के इस्तेमाल को लेकर भी बड़े फैसले लिए जा सकते हैं। ऐसा माना जा रहा है कि ग्रुप की अनलिस्टेड कंपनियां और लैंड बैंक डेवलपमेंट जमशेद गोदरेज और स्मिता गोदरेज को दिया जा सकता है। फिलहाल गोदरेज ग्रुप ने इस बारे में चुप्पी साध ली है।

#### जमशेद और स्मिता के हिस्से में जा सकती है जीएंडबी

गोदरेज ग्रुप की 5 कंपनियां लिस्टेड हैं। इनमें गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड, गोदरेज प्रॉपर्टीज, गोदरेज इंडस्ट्रीज, गोदरेज एग्रोवेट और एस्टेक लाइफसाइंसेज शामिल हैं। ये कंपनियां आदी गोदरेज और नादिर गोदरेज के हिस्से में जा सकती हैं। गोदरेज एंड बॉयस एक प्राइवेट कंपनी है। कंपनी की वेबसाइट के अनुसार, गोदरेज ग्रुप की लगभग 23 फीसदी हिस्सेदारी ट्रस्ट के पास है, जो पर्यावरण, स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में इस पैसे को खर्च करता है।

## सालाना आधार पर 12.4 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई

# जीएसटी संग्रह दो लाख करोड़ रुपये के पार अप्रैल में रिकॉर्ड 2.10 लाख करोड़ रुपये

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वित्त मंत्रालय ने एक बयान में कहा, 'सकल जीएसटी संग्रह अप्रैल 2024 में 2.10 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गया। यह सालाना आधार पर 12.4 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि को दर्शाता है, जो घरेलू लेनदेन (13.4 प्रतिशत वृद्धि) और आयात (8.3 प्रतिशत वृद्धि) में मजबूत वृद्धि के दम पर संभव हो पाया।'

### एक साल पहले 1.87 लाख करोड़ रहा

मूल रूप से बेची गई वस्तुओं और दी गई सेवाओं पर लगने वाला कर जीएसटी मार्च के महीने में 1.78 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा जबकि एक साल पहले अप्रैल 2023 में यह 1.87 लाख करोड़ रुपये था।

*उठाए कदमों से जीएसटी संग्रह में वृद्धि : कर विशेषज्ञों का कहना है कि अप्रैल में मजबूत जीएसटी राजस्व एक बढ़ती अर्थव्यवस्था, कंपनियों के स्तर पर अनुपालन पर जोर देने और समय पर लेखा परीक्षा एवं जांच के अलावा विभाग के स्तर पर उठाए गए कदमों को दर्शाता है। वित्त मंत्रालय के मुताबिक, पिछले महीने केंद्रीय जीएसटी संग्रह 43,846 करोड़ रुपये और राज्य जीएसटी संग्रह 53,538 करोड़ रुपये रहा।*

*देश का सकल जीएसटी संग्रह अप्रैल में सालाना आधार पर 12.4 प्रतिशत बढ़कर 2.10 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गया। घरेलू लेनदेन तथा आयात में मजबूत वृद्धि से यह संग्रह बढ़ा है। यह पहला मौका है जब किसी महीने में माल एवं सेवा कर (जीएसटी) का संग्रह दो लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा है।*



### वित्त मंत्री ने प्रयासों की सराहना की

सीतारमण ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर इस उपलब्धि को हासिल करने में राजस्व विभाग के केंद्रीय व राज्य अधिकारियों तथा केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के 'ईमानदार और सहयोगात्मक प्रयासों' की सराहना की।




- घरेलू लेनदेन तथा आयात में मजबूद वृद्धि से संग्रह बढ़ा
- यह पहला मौका जब जीएसटी संग्रह दो लाख करोड़ से अधिक
- जीएसटी मार्च के महीने में 1.78 लाख करोड़ रुपए से अधिक रहा

### जीएसटी संग्रह में महाराष्ट्र सबसे आगे

राज्यों के कुल जीएसटी संग्रह के मामले में महाराष्ट्र 37,671 करोड़ रुपये के संग्रह के साथ सबसे आगे है। महाराष्ट्र में जीएसटी संग्रह अप्रैल में 13 प्रतिशत बढ़ा है। अप्रैल में 15,978 करोड़ रुपये के संग्रह के साथ कर्नाटक जीएसटी राजस्व में दूसरा बड़ा योगदानकर्ता है जबकि गुजरात ने 13,301 करोड़ रुपये के राजस्व के साथ 13 प्रतिशत की सालाना वृद्धि दर्ज की।

### जीएसटी संग्रह में उत्तर प्रदेश चौथे स्थान पर

उत्तर प्रदेश ने अप्रैल में कर राजस्व में 19 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करते हुए माल एवं सेवा कर (जीएसटी) के मासिक संग्रह में तमिलनाडु को पीछे छोड़ दिया है। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, पिछले महीने उत्तर प्रदेश में जीएसटी संग्रह 19 प्रतिशत बढ़कर 12,290 करोड़ रुपये पर पहुंच गया, जो महाराष्ट्र, कर्नाटक और गुजरात के बाद सबसे अधिक है।

### तमिलनाडु खिसक कर पांचवें स्थान पर

इसके साथ ही उत्तर प्रदेश जीएसटी संग्रह के मामले में चौथे स्थान पर पहुंच गया। वहीं तमिलनाडु 12,210 करोड़ रुपये के कर संग्रह के साथ चौथे से पांचवें स्थान पर खिसक गया। तमिलनाडु का जीएसटी संग्रह अप्रैल में छह प्रतिशत बढ़ा है। परंपरागत रूप से तमिलनाडु में जीएसटी संग्रह सर्वाधिक जनसंख्या वाले राज्य उत्तर प्रदेश की तुलना में अधिक रहता रहा है।

## वित्तीयवर्ष 2023 के मुकाबले वित्तीयवर्ष 2024की खास बातें

नई दिल्ली। कारोबार वृद्धि -बैंक ने लगातार वृद्धि दिखाई है। कुल कारोबार वर्ष-दर-वर्ष 9.50% बढ़कर 450007 करोड़ रुपए (तिमाही-दर-तिमाही 435456 करोड़ रुपए से 3.34% बढ़कर) हो गया। सकल अग्रिम वर्ष-दर-वर्ष 15.62% बढ़कर रु. 186877 करोड़ (तिमाही-दर-तिमाही 179195 करोड़ रुपए से 4.29% बढ़कर)। कुल जमा वर्ष-दर-वर्ष 5.53% बढ़कर 263130 करोड़ रुपए (तिमाही-दर-तिमाही 256261 करोड़ रुपए से 2.68% बढ़कर) हो गई। खुदरा, कृषि और एमएसएमई (रैम) क्षेत्रोंमेंअग्रिम -बैंक का रैमसेग्मेंट वर्ष-दर-वर्ष 13.88% बढ़कर 97516 करोड़ रुपए हो गया (तिमाही-दर-तिमाही 93720 करोड़ रुपए से 4.05 %बढ़कर)। यह वृद्धि खुदरा अग्रिमों में वर्ष-दर वर्ष 14.62% की वृद्धि, कृषि अग्रिमों में वर्ष-दर-वर्ष 13.16% वृद्धि और एमएसएमई अग्रिमों में वर्ष-दर-वर्ष 13.53% की वृद्धि से संभव हुई।

**यस बैंक को मिला जीएसटी नोटिस। (नई दिल्ली)।** यस बैंक को दो जीएसटी मांग नोटिस मिले हैं, जिनमें 6.87 लाख रुपये से अधिक का जुर्माना लगाया गया है। मणिपुर और पंजाब जीएसटी विभागों ने क्रमशः 5.05 लाख रुपये और 1.81 लाख रुपये से अधिक का जुर्माना लगाया है।

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**भारतीय रेल**

भारत सरकार
रेल मंत्रालय (रेलवे बोर्ड)

No. 2023/Track-III/CS/1 — New Delhi, dated 04.2024

शुद्धिपत्र – II

**विषय : इलेक्ट्रो–मैकेनिकल गेट सिस्टम फॉर बलास्ट होपर्स की आपूर्ति हेतु दिनांक 05.06.2024 को खोली जाने वाली निविदा संख्या टी एम – 2306**

तकनीकी और वाणिज्यिक पूर्व बोली सम्मेलन पर प्रतिक्रिया, वाणिज्यिक निविदा शर्तों और तकनीकी विशिष्टताओं एवं पूर्व बोली सम्मेलन के बाद अंतिम निविदा दस्तावेज और निविदा खोलने की तारीख में विस्तार से संबंधित शुद्धिपत्र–II वेबसाइट http://ireps.gov.in पर अपलोड कर दिया गया है।

(विजय सिंह)
कार्यपालक निदेशक, रेलपथ (एम. एंड एम.सी.)
रेलवे बोर्ड दूरभाष न. 011–47845531
ईमेलः vijay.singh.2017@gov.in

1321/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

ई–निविदा (ई–प्रोक्यूमेंट) के माध्यम से निविदा आमंत्रण

निम्नलिखित कार्य के लिये वरिष्ठ मंडल अभियंता/II, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल में ई–निविदा आमंत्रण।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | सीनियर डीईएन–II के एडी–ईएन/एम.यू.टी. क्षेत्राधिकार के तहत SSE/W/MUT और SSE/W/MOZ के अनुभाग में रेलवे हिस्से में ROB पर एंटी–क्रैश बैरियर का प्रावधान। |
| 2. | कार्य की अनुमानित लागत (रूपये) | आईआरईपीएस पर एनआईटी के अनुसार |
| 3. | बयाना राशि (रूपये) | आईआरईपीएस पर एनआईटी के अनुसार |
| 4. | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रुपये) | Rs. 0.00 |
| 5. | निविदा बोली प्रस्तुत करने और निविदा खोलने की तिथि और समय | 24.05.2024 को 15.00 बजे तक |
| 6. | वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | निविदा www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध। |

• ठेकेदारों को ई–टेंडर प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई–प्रोक्योरमेंट सिस्टम) IREPS) साइट यानी www.ireps.gov.in के अंतर्गत पंजीकृत होना चाहिए। • सभी नियमों और शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें। • मैनुअल निविदाये स्वीकृत नहीं की जायेगी। • निविदा दस्तावेज और बयाना की लागत केवल नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के माध्यम से स्वीकार्य होगी। सं: 128–डब्ल्यू/280/ई–निविदा सूचना/एनआईटी–07–24–25–डब्ल्यू–2 दिनांक: 30.04.2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ — 1293/24

**पहचान की अपील**



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक अज्ञात व्यक्ति (फोटो में दर्शाया गया) जिसका नाम **नामालूम,** पुत्र **नामालूम,** परिवार व पता **नामालूम, उम्रः** लगभग **35 वर्ष,** जो दिनांक **20.04.2024 को प्रातः 02:44 बजे बाहरी दिल्ली, मुकुंदपुर फ्लाईओवर, पेट्रौल पम्प के पास** मृत अवस्था में पड़ा मिला। इस संदर्भ में एक डीडी संख्या **115-ए, दिनांक 20.04.2024 को थाना जहांगीर पुरी, जिला उत्तर-पश्चिम, दिल्ली** में रिपोर्ट दर्ज है। मृतक के शव को 72 घंटे तक बीजेआरएम अस्पताल के मुर्दाघर में सुरक्षित रखा गया है। जिसका हुलिया नीचे दिया गया हैः-

**लिंगः** पुरूष, **आयुः** लगभग 35 वर्ष, **कदः** 5' 7" फीट, **रंगः** गेंहुआँ, **चेहराः** लम्बा, **शरीरः** पतला, **पहचान चिन्हः** माथे पर पुराने घाव का निशान, **पहनावाः** काले रंग का पजामा पहने हुए।

मृतक के बारे में कोई जानकारी या सुराग रखने वाला कोई भी व्यक्ति निम्नलिखित पते या टैलीफोन नंबर पर सूचित करेंः-

वेबसाइट: http://cbi.nic.in
ई–मेल: cic@cbi.gov.in
टेली. न.: 011-23014046, 23015218
फैक्स न.: 011-230111334

थाना प्रभारी
थाना जहांगीर पुरी, दिल्ली
फोन नं. 011-27631600, 27636000
मो. नं. 8750870228
DP/4866/NW/2024

## देश में बिजली की खपत अप्रैल में 11 प्रतिशत बढ़ी

**नई दिल्ली।** देश में बिजली की खपत अप्रैल में सालाना आधार पर करीब 11 प्रतिशत बढ़कर 144.25 अरब यूनिट रही है। मुख्य रूप से तापमान बढ़ने से बिजली खपत बढ़ी है। सरकारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। अप्रैल, 2023 में बिजली की खपत 130.08 अरब यूनिट थी। एक दिन में बिजली की अधिकतम मांग भी अप्रैल, 2024 में बढ़कर 224.18 गीगावाट (एक गीगावाट बराबर 1,000 मेगावाट) हो गई, जबकि अप्रैल, 2023 में यह 215.88 गीगावाट थी। बिजली मंत्रालय ने गर्मियों के दौरान बिजली की अधिकतम मांग लगभग 260 गीगावाट रहने का अनुमान लगाया है।



## घरेलू बाजार में यात्री वाहनों की बिक्री रफ्तार अप्रैल में पड़ी सुस्त

**नई दिल्ली।** देश में यात्री वाहनों की बिक्री नए वित्त वर्ष (2024-25) के पहले महीने में स्थिर रही। अप्रैल में वाहन की 3.38 लाख इकाइयां बेची गईं। बिक्री पर उच्च तुलनात्मक आधार प्रभाव और आम चुनावों के कारण कम मांग का असर हुआ। यात्री वाहनों की थोक बिक्री अप्रैल में 1.77 प्रतिशत वृद्धि के साथ 3,38,341 इकाई रही।


# विदेशी निवेशकों ने अप्रैल में निकाले 8,700 करोड़ रुपए

- एफपीआई ने लगातार दो माह तक खरीदी की थी
- अमेरिकी बांड में प्रतिफल बढ़ने से बदलाव देखा गया

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

लगातार दो माह तक खरीदार रहने के बाद अप्रैल में विदेशी निवेशक शुद्ध बिकवाल बन गए और उन्होंने 8,700 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर बेचे। मॉरीशस के साथ कर संधि में संशोधन से उपजी चिंताओं और अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल लगातार बढ़ने से रुख में यह बदलाव देखने को मिला।

डिपॉजिटरी के आंकड़ों से पता चलता है कि विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने मार्च में 35,098 करोड़ रुपये और फरवरी में 1,539 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश किया था।



लेकिन अप्रैल में यह रुझान पलट गया और एफपीआई ने 8,700 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी कर ली। वर्ष 2024 के पहले चार महीनों में भारतीय शेयर बाजार में एफपीआई का कुल शुद्ध निवेश 2,222 करोड़ रुपये और ऋण या बॉन्ड बाजार में 44,908 करोड़ रुपये रहा है।

*वैश्विक बाजारों से कमजोर संकेत उभरे : इसके अलावा अनिश्चित वृहद-आर्थिक स्थिति और ब्याज दर दृष्टिकोण के साथ वैश्विक बाजारों से कमजोर संकेत उभरते बाजारों के लिए अच्छे संकेत नहीं हैं। इसके अलावा तेल जैसे जिंसों की कीमतों में वृद्धि और अमेरिका में मुद्रास्फीति की ऊंची दर ने नीतिगत दर में फेडरल रिजर्व के कटौती करने की उम्मीदें कम कर दी हैं।*

### जॉब

☞ सुनहरा मौका वनविभाग ने निकाली सीधी पक्की भर्ती परमानेंट बेसेस पर (10000 पदों पर) पद - वनरक्षक, क्लर्क, चपरासी, माली, सैलरी- 25670+35850/- आवेदन -10+12TH पास लड़के लड़कियां आवेदन हेतु- आधारकार्ड, पासपोर्ट फोटो,मार्कसीट व्हाट्सएप /कॉल करें - 9046968782

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

# मई में शेयर बाजार में तेजी बने रहने की उम्मीद : विश्लेषक

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- पिछले तीन माह से शेयर बाजार में जारी तेजी बनी रहेगी
- आर्थिक वृद्धि के बेहतर रहने व सरकार दोबारा आने की उम्मीद

पिछले तीन महीनों से शेयर बाजार में जारी तेजी का सिलसिला मई में भी बने रहने की संभावना है। इसका कारण आर्थिक वृद्धि के बेहतर रहने की उम्मीद के साथ आम चुनावों में मौजूदा सरकार के दोबारा से सत्ता में आने की संभावना और घरेलू निवेशकों की मजबूत भागीदारी के साथ निवेशकों की धारणा का सकारात्मक होना है। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। इस साल जनवरी में 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 0.67 प्रतिशत नीचे आया था। हालांकि, फरवरी के बाद से बाजार में तेजी का सिलसिला बना हुआ है। इस दौरान बीएसई मानक सूचकांक सेंसेक्स 1.04 प्रतिशत चढ़ा जबकि मार्च में इसमें 1.58 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि हुई। अप्रैल में, सूचकांक 1.12 प्रतिशत चढ़ा। मास्टर कैपिटल सर्विस लि. के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अरविंदर सिंह नंदा ने कहा, 'कुल मिलाकर, बाजार में तेजी का सिलसिला जारी रहने की उम्मीद है। इसका एक प्रमुख कारण घरेलू संस्थागत निवेश्कों के साथ व्यक्तिगत निवेशकों दोनों की मजबूत भागीदारी है।'

*बाजार ने निवेशकों का भरोसा बढ़ाया : नंदा ने कहा, 'बाजार विभिन्न कारणों से रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गया है। सबसे पहले, भारतीय अर्थव्यवस्था में मजबूती के साथ सकारात्मक बाजार भावना ने निवेशकों के भरोसे को बढ़ाया है।' बीएसई सेंसेक्स इस साल नौ अप्रैल को कारोबार के दौरान 75,124.28 अंक के अपने उच्चतम स्तर पर पहुंच गया।*

*आठ अप्रैल को पहली बार पूंजीकरण 400 लाख करोड़ पारः सूचकांक ने उसी दिन पहली बार ऐतिहासिक 75,000 अंक के स्तर को पार किया। सेंसेक्स 10 अप्रैल को पहली बार 75,000 अंक के ऊपर बंद हुआ। बीएसई की सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण आठ अप्रैल को पहली बार 400 लाख करोड़ रुपये के पार चला गया।*

**पहचान की अपील**



एतदद्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक व्यक्ति जिसका **नामः नामालूम, पिता का नामः नामालूम, पताः नामालूम, उम्रः** 85 वर्ष, **लिंगः** पुरूष, **कदः** 5 फुट 2 इंच, **रंगः** गोरा, **पहनावाः** बिना कपड़े के, केवल डाइपर पहने है, का शव दिनांक **17.04.2024** को प्रातः 06:45 बजे ब्लॉक 5 के समीप, लोधी रोड, नई दिल्ली थाना लोधी रोड के क्षेत्र में पाया गया। इस संदर्भ में **DD No. 6A dated 17.04.2024** के तहत थाना लोधी रोड, दिल्ली में रिपोर्ट दर्ज है। अगर किसी को इस शव के बारे में कोई भी जानकारी मिले तो कृप्या निम्नलिखित फोन नम्बरों पर सूचित करें।

थानाध्यक्ष
थाना लोधी रोड, दिल्ली
फोन नं 011- 24611753, 8750870829

DP/5196/SD/2024

## राशिफल

**मेष** — संगीत में रुचि बढ़ेगी। कारोबार में वृद्धि होगी। विदेश जाने के योग बन रहे हैं। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। व्यर्थ के वाद–विवाद से बचने का प्रयास करें।

**वृष** — खर्चों की अधिकता रहेगी। कला एवं संगीत में रुचि हो सकती है। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं।

**मिथुन** — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। पठन–पाठन में रुचि बढ़ सकती है। परिवार में आपसी वाद–विवाद की स्थितियां बन सकती हैं।

**कर्क** — क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। धर्म–कर्म में रुचि बढ़ेगी। उच्च शिक्षा के लिए विदेश प्रवास हो सकता है। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा।

**सिंह** — कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन–सत्ता का सहयोग मिलेगा।

**कन्या** — कार्यभार में वृद्धि होगी। बौद्धिक कार्यों से धन प्राप्त होगा। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ेगा। क्रोध के अतिरेक से बचें। बातचीत में संतुलन बनाकर रखें।

**तुला** — लेखनादि–बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। रहन–सहन कष्टमय रहेगा।

**वृश्चिक** — संतान की ओर से सुखद समाचार मिलेंगे। भौतिक सुखों में वृद्धि होगी। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। खर्च भी बढ़ेंगे।


**धनु** — स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कला एवं संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। किसी दूसरे स्थान पर जाना पड़ सकता है।

**मकर** — आलस्य की अधिकता हो सकती है। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन–सहन अव्यवस्थित रहेगा। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ेगी।

**कुंभ** — क्रोध से बचें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन–सत्ता का सहयोग मिलेगा। बातचीत में संयत रहें। पठन–पाठन में रुचि रहेगी।

**मीन** — किसी रुके धन की प्राप्ति हो सकती है। कारोबारी कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

## शब्द पहेली - 5499



**बाएँ से दाए-**
1. छुट्टी, रजा-4
3. वध, आघात-4
5. दशानन-3
7. अनमोल, अनूठा-3
8. अनाथ, बेसहारा-3
10. खजूर-3
11. रहम करना-2,3
14. गहराई नापना-2,3
17. लगातार, सतत-5
20. संतुष्ट होना-2,3
23. बीच में, दौरान-3
24. खुश, आनंदित-3
25. शिक्षा-3
26. शोक-3
27. जांचना, परखना-4
28. धार्मिक विधि का आयोजन करने वाला-4

**ऊपर से नीचे**
2. मयखाना, मधुशाला-5
3. प्रेमकहानी-5
4. चापलूसी-4
6. नटना, वचन तोड़ना-4
7. फिजूल, व्यर्थ-3
9. अव्यवस्थित समूह, भीड़-3
12. गुजर करना-3
13. वेग, गति-3
15. खूबसूरत-3
16. पर्वतीय मैदान, समतल पर्वत-3
17. गुजारिश, मांग-4
18. सुअर-3
19. गुस्सा होना-5
20. ममतापूर्ण-5
22. अयोग्य, असंगत-4

**शब्द पहेली -5498 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क | ल | र | व | ■ | ■ | ■ | मु | का | ब | ला |
| मी | ■ | ■ | त | म | त | मा | ना | ■ | ■ | ज |
| श | ब | ■ | न | या | ■ | न | दी | ■ | जी | वा |
| न | र | क | ■ | न | म | क | ■ | ख | रा | ब |
| ■ | दा | म | न | ■ | जा | ■ | न | फा | ■ | ■ |
| ■ | न | ■ | ख | त | ■ | म | न | ■ | म | ■ |
| ■ | ■ | सा | रा | ■ | आ | ■ | द | म | न | ■ |
| अ | ना | र | ■ | र | स | म | ■ | त | ह | री |
| मा | ता | ■ | ल | क | ■ | सौ | त | ■ | र | त |
| न | ■ | ■ | च | म | क | दा | र | ■ | ■ | स |
| त | क | दी | र | ■ | ■ | ■ | ल | ल | का | र |

## सूडोकु नवताल - 5510

मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 8 | | | | 1 | 5 | |
| 2 | | | | | 1 | 8 | | |
| 3 | | | 4 | | 6 | 7 | | 9 |
| 5 | | | | | 9 | | | |
| | 9 | | 2 | 3 | 4 | | 7 | |
| | | | 1 | | | | | 8 |
| 4 | | 7 | 6 | | 5 | | | 1 |
| | | 6 | 7 | | | | | 4 |
| | 5 | 3 | | | | 2 | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5509 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 7 | 5 | 2 | 1 | 4 | 8 | 6 |
| 5 | 4 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 | 1 | 3 |
| 8 | 6 | 1 | 3 | 7 | 4 | 9 | 5 | 2 |
| 2 | 8 | 9 | 1 | 5 | 3 | 6 | 4 | 7 |
| 4 | 7 | 3 | 2 | 8 | 6 | 5 | 9 | 1 |
| 6 | 1 | 5 | 4 | 9 | 7 | 2 | 3 | 8 |
| 9 | 3 | 4 | 7 | 1 | 2 | 8 | 6 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 8 | 3 | 9 | 1 | 2 | 4 |
| 1 | 2 | 8 | 6 | 4 | 5 | 3 | 7 | 9 |

# स्पिनरों की शानदार गेंदबाजी से पंजाब ने सीएसके को हराया

- चाहर और बराड़ की फिरकी में उलझा चेन्नई
- बेयरस्टो ने 30 गेंद में 46 रन और रोसेयु ने 23 गेंद में 43 रन जड़े
- किंग्स ने सुपर किंग्स को 7 विकेट से हराया

भाषा ▶▶ चेन्नई

राहुल चाहर और हरप्रीत बराड़ की शानदार फिरकी गेंदबाजी के बाद जॉनी बेयरस्टो (30 गेंद में 46 रन) और रिली रोसेयु (23 गेंद में 43 रन) की आक्रामक बल्लेबाजी से पंजाब किंग्स ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टी20 मैच में बुधवार को यहां चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) को 13 गेंद शेष रहते सात विकेट से हराया। राहुल चाहर और बराड़ ने दो-दो विकेट चटकाने के अलावा अपने कोटे के चार-चार ओवर में बिना कोई बाउंड्री खाये क्रमशः 16 और 17 रन दिये। कप्तान रुतुराज गायकवाड़ की 48 गेंद में 62 रन की पारी के दम पर सीएसके ने पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर सात विकेट पर 162 रन बनाये। पंजाब ने 17.5 ओवर में तीन विकेट पर लक्ष्य हासिल कर 10 मैचों में चौथी जीत दर्ज की। चेन्नई की 10 मैचों में यह पांचवीं हार है। बेयरस्टो ने अपनी पारी में सात चौके और एक छक्का जबकि रोसेयु ने पांच चौके और दो छक्के जड़ें। दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 37 गेंद में 64 रन की साझेदारी कर मैच को सीएसके की पकड़ से दूर किया। इसके बाद शशांक सिंह (नाबाद 25) और कप्तान सैम कुरेन (नाबाद 26) ने चौथे विकेट के लिए 37 गेंद में 50 रन की अटूट साझेदारी कर टीम को आसान जीत दिला दी। गायकवाड़ ने बल्लेबाजी के लिए मुश्किल परिस्थितियों में एक छोर संभाले रखा और 48 गेंद की पारी में पांच चौके और दो छक्के लगाये। वह इसके साथ ही इस सत्र में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गये। उनके नाम 10 मैचों में 509 रन हो गये हैं। सीएसके के कप्तान पहले विकेट के लिए अजिंक्य रहाणे (23 गेंद में 29 रन) के साथ 50 गेंद में 64 और समीर रिजवी (23 गेंद में 21 रन) के साथ चौथे विकेट के लिए 34 गेंद में 37 और मोईन अली (नौ गेंद में 15 रन) के साथ छठे विकेट के लिए 15 गेंद में 38 रन की साझेदारी की जिससे सीएसके प्रतिस्पर्धी स्कोर तक पहुंच सकी। लक्ष्य का बचाव करते हुए सीएसके को पारी की दूसरी गेंद पर ही दीपक चाहर को चोटिल होने से झटका लगा। वह मांसपेशियों में खिंचाव के कारण मैदान से बाहर चले गये। उनकी जगह ओवर पूरा करन आये शारदुल ठाकुर (48 रन पर एक विकेट) का स्वागत प्रभसिमरन सिंह (13) छक्के से किया। आईपीएल पदार्पण कर रहे रिचर्ड ग्लीसन (30 रन पर एक विकेट) ने पारी के तीसरे ओवर में प्रभसिमरन को गायकवाड़ के हाथों कैच कराया। रोसेयु ने क्रीज पर आते ही ग्लीसन और फिर मुस्ताफिजुर रहमान के खिलाफ दो-दो विकेट पर चौके लगाये। दूसरे छोर से बेयरस्टो ने भी शारदुल के खिलाफ दो चौके लगा दिये जिससे पावरप्ले में पंजाब का स्कोर एक विकेट पर 52 रन हो गया। रुतुराज ने इसके बाद स्पिन गेंदबाजों का सहारा लिया लेकिन मैदान पर ओस के कारण रविंद्र जडेजा और मोईन प्रभावी गेंदबाजी नहीं कर सकें। बेयरस्टो ने जडेजा के खिलाफ दो चौके जड़ने के बाद मोईन के खिलाफ छक्का और चौका लगाकर उन्हें हावी होने का मौका नहीं दिया। शिवम दुबे (14 रन पर एक विकेट) ने 10वें ओवर में महेंद्र सिंह धोनी के हाथों बेयरस्टो की पारी को खत्म किया लेकिन रोसेयु पर इसका कोई असर नहीं पड़ा। उन्होंने इसी ओवर में छक्का और चौका जड़ने के बाद शारदुल के खिलाफ भी गेंद को दर्शकों के पास भेजा। ठाकुर ने हालांकि ओवर की आखिरी गेंद पर उन्हें बोल्ड किया।



## पंजाब किंग्स

| | |
|---|---|
| प्रभसिमरन का रितुराज बो ग्लीसन | 13 |
| जॉनी बेयरस्टो का धोनी बो दुबे | 46 |
| रिली रोसेयु बो शारदुल | 43 |
| शशंक सिंह नाबाद | 25 |
| सैम कुरेन नाबाद | 26 |
| अतिरिक्तः | 10 |

कुल योगः (17.5 ओवर में तीन विकेट पर) 163 रन
विकेट पतनः 1-19, 2-83, 3-113
गेंदबाजीः दीपक चाहर 0.2-0-4-0, शारदुल 3.4-0-48-1, ग्लीसन 3.5-0-30-1, मुस्ताफिजुर 4-1-22-0, जडेजा 3-0-22-0, मोईन 2-0-22-0, दुबे 1-0-14-1

## सीएसके

| | |
|---|---|
| रहाणे का रोसेयु बो बराड़ | 29 |
| रुतुराज गायकवाड़ बो अर्शदीप | 62 |
| शिवम दुबे पगबाधा बराड़ | 00 |
| रविंद्र जडेजा पगबाधा चाहर | 02 |
| समीर का हर्षल बो रबाडा | 21 |
| मोईन अली बो राहुल चाहर | 15 |
| महेंद्र सिंह धोनी रन आउट | 14 |
| डेरिल मिचेल नाबाद | 01 |
| अतिरिक्तः | 18 |

कुल योगः (20 ओवर में सात विकेट पर) 162 रन
विकेट पतनः 1-64 , 2-65 , 3-70, 4-107, 5-145, 6-147, 7-162
गेंदबाजीः रबाडा 4-0-23-1, अर्शदीप 4-0-52-1, कुरेन 3-0-37-0, बराड़ 4-0-17-2, राहुल चाहर 4-0-16-2, हर्षल 1-0-12-0

## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 9 | 8 | 1 | 16 |
| कोलकाता | 9 | 6 | 3 | 12 |
| लखनऊ | 10 | 6 | 4 | 12 |
| चेन्नई | 10 | 5 | 5 | 10 |
| हैदराबाद | 9 | 5 | 4 | 10 |
| दिल्ली | 11 | 5 | 6 | 10 |
| गुजरात | 10 | 4 | 6 | 8 |
| पंजाब | 10 | 4 | 6 | 8 |
| मुंबई | 10 | 3 | 7 | 6 |
| बेंगलोर | 10 | 3 | 7 | 6 |

ऑरेंज कैप



विराट कोहली
500 रन
बेंगलोर

पर्पल कैप



जसप्रीत बुमराह
14 विकेट
मुंबई

## खबर संक्षेप



### पंड्या पर 24 लाख रुपये लगा जुर्माना

**लखनऊ।** मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या पर लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में दूसरी बार टीम की ओवरगति धीमी रहने के कारण 24 लाख रुपए जुर्माना लगाया गया है। इंपैक्ट खिलाड़ी समेत बाकी खिलाड़ियों पर छह छह लाख रुपए या मैच फीस के 25 प्रतिशत में से जो कम हो, जुर्माना लगाया गया। मुंबई को लखनऊ ने चार विकेट से हराया। आईपीएल ने एक बयान में कहा, 'मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या पर टाटा इंडियन प्रीमियर लीग के 48वें मैच के दौरान धीमी ओवरगति के लिए जुर्माना लगाया गया है।'

### बीसीबी ने स्कूली मैच 20 ओवरों के किए

**ढाका।** बांग्लादेश में प्रचंड गर्मी और लू के कारण क्रिकेट बोर्ड ने स्कूली क्रिकेट मैच 50 ओवरों की बजाय 20 ओवर प्रति टीम कर दिए हैं। बांग्लादेश में अप्रैल से ही पारा 40 डिग्री से ऊपर चला गया है। बीसीबी के एक बयान के हवाले से ईएसपीएन क्रिकइन्फो की रिपोर्ट में कहा गया, 'देश में चल रही प्रचंड गर्मी के कारण बीसीबी की आयुवर्ग टूर्नामेंट समिति ने तय किया है कि 29 अप्रैल से प्राइम बैंक राष्ट्रीय स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट के बचे हुए सभी मैच टी20 प्रारूप में खेले जाएंगे।' देश में 14 जगहों पर हो रहे मुकाबलों में 64 जिला टीमें भाग ले रही हैं।

### टीम क्वालिफिकेशन हासिल करना लक्ष्य

**नई दिल्ली।** पेरिस ओलंपिक की व्यक्तिगत स्पर्धा के लिए क्वालीफाई करने वाले इकलौते भारतीय तीरंदाज धीरज बोम्मदेवरा ने कहा कि उनकी प्राथमिकता अब इन खेलों की टीम स्पर्धाओं में कोटा हासिल करने की है। इस 22 साल के रिकर्व तीरंदाज ने पिछले साल बैंकॉक में एशियाई क्वालीफाइंग टूर्नामेंट में रजत पदक जीत कर ओलंपिक की पुरुषों की व्यक्तिगत स्पर्धा के लिए क्वालीफाई किया था। धीरज ने कहा, 'हम व्यक्तिगत कोटा को टीम कोटा में बदलने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। हम इस पर लगातार काम कर रहे हैं, इसके लिए योजना बना रहे हैं और जितना संभव हो उतने टूर्नामेंट में भाग ले रहे हैं।'



क्रिकेट : एक दशक में पहली बार पूर्व कप्तान टीम से बाहर

# स्मिथ और मैकगुर्क बाहर, मार्श को कमान आस्ट्रेलिया की टी20 विश्व कप टीम घोषित

एजेंसी ▶▶ मेलबर्न

हरफनमौला मिचेल मार्श को टी20 विश्व कप के लिए आस्ट्रेलिया की 15 सदस्यीय प्रारंभिक टीम का कप्तान चुना गया जबकि अनुभवी स्टीव स्मिथ और युवा जैक फ्रेजर मैकगुर्क को टीम में जगह नहीं मिली है। यह एक दशक में पहली बार है कि पूर्व कप्तान और आस्ट्रेलिया के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में से एक स्मिथ को विश्व कप टीम से बाहर रखा गया है। चयनकर्ताओं ने ट्रेविस हेड, डेविड वॉर्नर और मार्श पर भरोसा जताया है।

आईपीएल में किसी टीम के साथ करार नहीं होने से भी स्मिथ को नुकसान हुआ। दुनिया के सर्वश्रेष्ठ टी20 बल्लेबाजों में शुमार स्मिथ ने 67 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 125.45 की स्ट्राइक रेट से 1094 रन बनाए हैं। वहीं आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स के लिए पांच मैचों में 237.50 की स्ट्राइक रेट से 247 रन बना चुके मैकगुर्क का दावा भी पुख्ता था लेकिन चयनकर्ताओं ने कैमरन ग्रीन और जोश इंगलिस को चुना। टीमों के पास 25 मई तक बदलाव का मौका होगा जिसके बाद आईसीसी की इवेंट तकनीकी समिति की मंजूरी लेनी होगी।





**आस्ट्रेलियाई टीम** मिचेल मार्श (कप्तान), एश्टोन एगर, पैट कमिंस, टिम डेविड, नाथन एलिस, कैमरन ग्रीन, जोश हेजलवुड, ट्रेविस हेड, जोश इंगलिस, ग्लेन मैक्सवेल, मिचेल स्टार्क, मार्कस स्टोइनिस, मैथ्यू वेड, डेविड वॉर्नर, एडम जम्पा।

### टीम के ऐलान में दिवंगत साइमंड्स के बच्चे भी शामिल

*आस्ट्रेलिया ने दिवंगत हरफनमौला एंड्रयू साइमंड्स के बच्चों को जून में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए आस्ट्रेलियाई टीम की घोषणा करने वाले 2007 विश्व कप विजेता टीम के प्रमुख सदस्यों में शामिल किया है। साइमंड्स का 46 वर्ष की उम्र में 2022 में एक कार दुर्घटना में निधन हो गया था। साइमंड्स के बेटे विल और बेटी चोले ने रिकी पोंटिंग, एडम गिलक्रिस्ट, माइकल क्लार्क और ग्लेन मैकग्रा जैसे धुरंधरों के साथ आस्ट्रेलियाई टीम का वीडियो पर ऐलान किया। विल ने एश्टोन एगर के नाम की घोषणा की और चोले ने मिचेल स्टार्क का नाम लिया। साइमंड्स आस्ट्रेलिया की दो विश्व कप विजेता टीम के सदस्य रहे।*



### अफगानिस्तान की टीम में आठ आईपीएल खिलाड़ी शामिल



**काबुल।** टी20 विश्व कप के लिए अफगानिस्तान की टीम में इंडियन प्रीमियर लीग खेल रहे आठ खिलाड़ियों को शामिल किया गया है जबकि कप्तान स्टार हरफनमौला राशिद खान होंगे। विश्व कप 2023 में टीम के कप्तान रहे हशमतुल्लाह शाहिदी को 15 सदस्यीय टीम में जगह नहीं मिली है। हजरतुल्लाह जजाई, सेदिकुल्लाह अतल और मोहम्मद सलीम सैफी को रिजर्व के तौर पर टीम में रखा गया है। राशिद, अजमतुल्लाह उमरजई, नूर अहमद, फजलहक फारूकी, नवीनुल हक, मोहम्मद नबी, रहमानुल्लाह गुरबाज, गुलबदन नायब इस समय आईपीएल खेल रहे हैं। अफगानस्तान को 20 टीमों के टूर्नामेंट में ग्रुप सी में वेस्टइंडीज, युगांडा और पापुआ न्यू गिनी के साथ रखा गया है। उसे तीन जून को प्रोविडेंस में युगांडा से पहला मैच खेलना है।

**अफगानिस्तान टीम**

राशिद खान (कप्तान), रहमानुल्लाह गुरबाज, इब्राहिम जदरान, अजमतुल्लाह उमरजई, नजीबुल्लाह जदरान, मोहम्मद इशाक, मोहम्मद नबी, गुलबदन नायब, करीम जनत, नांगयाल खरोती, मुजीबुर रहमान, नूर अहमद, नवीनुल हक, फजलहक फारूकी, फरीद अहमद मलिक। रिजर्व : सेदिकुल्लाह अतल, हजरतुल्लाह जजाइ, मोहम्मद सलीम सैफी।

खास खबर

## चार भारतीय मुक्केबाज सेमीफाइनल में पहुंचे



**अस्ताना।** भारतीय मुक्केबाजों आर्यन, यशवर्धन सिंह, प्रियांशु और साहिल ने बुधवार को यहां अपने-अपने मुकाबले जीतकर एएसबीसी एशियाई अंडर-22 एवं युवा मुक्केबाजी चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में जगह बनाई। आर्यन ने 51 किग्रा वर्ग में उज्बेकिस्तान के जुराएव शाकरबाय को सर्वसम्मत फैसले में 5-0 से हराकर भारत को अच्छी शुरुआत दिलाई। इसके बाद यशवर्धन (63.5 किग्रा) ने पहले दौर में पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए ईरान के मिराहमादी बाबाहेदारी को 4-1 से हराया। दूसरी तरफ प्रियांशु (71 किग्रा) और साहिल (80 किग्रा) को अधिक पसीना नहीं बहाना पड़ा और उन्होंने क्रमशः चीनी ताइपे के वू यू एन और तुर्कमेनिस्तान के यकलीमोव अब्दिरहमा के खिलाफ रैफरी के मुकाबला रोकने के फैसले के साथ अगले दौर में प्रवेश किया। जतिन हालांकि 57 किग्रा वर्ग में उज्बेकिस्तान के ए नोदिरबेक के खिलाफ 1-4 की हार के साथ प्रतियोगिता से बाहर हो गए।

### मयंक को बीसीसीआई अनुबंध मिलने की संभावना



**नई दिल्ली।** मुंबई इंडियंस के खिलाफ मैच के दौरान पेट की मांसपेशियों में चोट के कारण तेज गेंदबाज मयंक यादव के इंडियन प्रीमियर लीग के राउंड रॉबिन चरण के बाकी बचे मैचों में खेलने की संभावना काफी कम है। मयंक पिछले चार सप्ताह में दूसरी बार चोटिल हुए हैं। दिल्ली के इस 21 वर्षीय खिलाड़ी को हालांकि अपनी तेज गति से प्रभावित करने का ईनाम जल्द ही मिल सकता है। उन्हें उमरान मलिक, विद्वथ कावेरप्पा, विशाक विजयकुमार, यश दयाल और आकाशदीप के साथ भारतीय क्रिकेट बोर्ड द्वारा तेज गेंदबाजी अनुबंध दिया जाना लगभग तय है। इस अनुबंध के बाद मयंक राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी की स्पोर्ट्स साइंस और मेडिकल टीम की देखरेख में रहेंगे जो उनकी आईपीएल फ्रेंचाइजी लखनऊ सुपरजायंट्स से उनके चोट प्रबंधन और फिटनेस कार्यक्रम की जिम्मेदारी संभालेगी।

## मैड्रिड ओपन में आखिरी बार खेलते हुए हार के बाद भावुक हुए नडाल

एजेंसी ▶▶ मैड्रिड

बाईस बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन रफेल नडाल मैड्रिड ओपन के चौथे दौर में मिली हार के बाद भावुक हो गए, चूंकि यहां वह आखिरी बार खेल रहे हैं। पांच बार के चैंपियन नडाल को 31वीं रैंकिंग वाले जिरि लेहेका ने 7-5, 6-4 से हराया।

हार के बाद नडाल ने कहा, 'यह काफी कठिन दिन है लेकिन यही हकीकत है। मेरा शरीर और जिंदगी काफी समय से संकेत दे रहे हैं। मैं इस कोर्ट को अलविदा कह रहा हूं और मेरे लिए यह बहुत भावुक पल है। यहां की यादें सदैव मेरे साथ रहेंगी।' नडाल के हमवतन स्पेन के ही कार्लोस अल्काराज तीन घंटे तक चले मैच में जान लेनार्ड स्ट्रफ को 6-3, 6-7, 7-6 से हराकर अगले दौर में पहुंच गए। शीर्ष वरीयता प्राप्त यानिक सिनेर ने 16वीं वरीयता प्राप्त करेन खाचानोव को 5-7, 6-3, 6-3 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।

तीसरी वरीयता प्राप्त दानिल मेदवेदव ने अलेक्जेंडर बुबलिक को 7-6, 6-4 से हराया। महिला वर्ग में शीर्ष वरीयता प्राप्त इगा स्वियाटेक ने बीट्रिज हदाद माइया को 4-6, 6-0, 6-2 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। अब उनका सामना अमेरिका की 18वीं वरीयता प्राप्त मेडिसन कीस से होगा जिन्होंने आठवीं वरीयता प्राप्त ओंस जबाउर को 0-6, 7-5, 6-1 से हराया।





### बोपन्ना-एबडेन की जोड़ी मैड्रिड मास्टर्स से बाहर

**मैड्रिड।** शीर्ष वरीयता प्राप्त भारत के रोहन बोपन्ना और आस्ट्रेलिया के मैथ्यू एबडेन की जोड़ी पहले दौर में सेबेस्टियन कोरडा और जोर्डन थाम्पसन से अप्रत्याशित हार के बाद एटीपी मुटुआ मैड्रिड ओपन से बाहर हो गई। आस्ट्रेलियाई ओपन पुरुष युगल चैंपियन बोपन्ना और एबडेन को एक घंटे 17 मिनट तक चले मैच में अमेरिका और आस्ट्रेलिया की जोड़ी से 7-6, 7-5 से पराजय झेलनी पड़ी। पिछले साल बोपन्ना और एबडेन ने इंडियन वेल्स मास्टर्स जीता था और 43 वर्ष के बोपन्ना एटीपी मास्टर्स 1000 चैंपियन बनने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी भी बने।

## विश्व कप : न्यूयॉर्क में लाई जा रही हैं 'ड्रॉप इन' पिचें

एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क

आगामी टी20 विश्व कप के लिए फ्लोरिडा से 'ड्रॉप इन' पिचें न्यूयॉर्क लाई जा रही हैं जहां बाकी मैचों के अलावा नौ जून को भारत और पाकिस्तान के बीच ग्रुप चरण का मैच भी होना है। ये ऐसी पिच होती है, जिसे मैदान या वेन्यू से दूर कहीं बनाया जाता है और बाद में स्टेडियम में लाकर बिछा दिया जाता है। फ्लोरिडा में दिसंबर से दस ड्रॉप इन पिचें बनाई जा रही थी।

ये पिचें एडीलेड ओवल टर्फ सोल्यूशंस के मार्गदर्शन में बनाई जा रही हैं जिसकी अगुवाई एडीलेड ओवल के मुख्य क्यूरेटर डेमियर हॉग कर रहे हैं। आईसीसी की विज्ञप्ति के अनुसार चार पिचें नासाउ स्टेडियम में लगाई जाएंगी जबकि छह आसपास अभ्यास परिसर में लगेंगी। टूर्नामेंट के दौरान एडीलेड ओवल टर्फ सोल्यूशंस टीम न्यूयॉर्क में ही रहेगी ताकि पिच के रख रखाव में मदद कर सके। टूर्नामेंट दो से 29 जून तक अमेरिका और वेस्टइंडीज में खेला जाएगा।




सनराइजर्स को आरसीबी और सीएसके के खिलाफ मिली हार

# राजस्थान और हैदराबाद का मुकाबला आज

एजेंसी ▶▶ हैदराबाद

लक्ष्य का पीछा करते हुए भटकने वाली सनराइजर्स हैदराबाद शीर्ष पर काबिज राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ गुरुवार को इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में अपने अभियान को दर्रे पर लाना चाहेगी। रॉयल्स का प्लेआफ में स्थान लगभग पक्का है लेकिन सनराइजर्स के लिए इस मैच में बहुत कुछ दाव पर है।

कुछ दिन पहले तक शानदार फॉर्म में चल रही सनराइजर्स को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर और चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ लक्ष्य का पीछा करते हुए मिली हार का खामियाजा भुगतना पड़ा है। इन पराजयों के बाद टीम शीर्ष चार से बाहर हो गई। चार जीत और चार हार के बाद अब दस अंक लेकर 2016 चैम्पियन टीम पांचवें स्थान पर है।



### मध्यक्रम के बल्लेबाज नाकाम



पैट कमिंस की कप्तानी वाली टीम के शीर्ष और मध्यक्रम के बल्लेबाज लक्ष्य का पीछा करते हुए नाकाम रहे हैं जिससे कोच डेनियल विटोरी को स्वीकार करना पड़ा कि लक्ष्य का पीछा करते हुए अति आक्रामक खेलने की रणनीति गलत रही। सनराइजर्स ने इस सत्र में पहले बल्लेबाजी करते हुए दो बार 250 से अधिक स्कोर बनाया। वहीं लक्ष्य का पीछा करते हुए 200 से अधिक का स्कोर एक बार भी हासिल नहीं कर सकी। मुख्य कोच विटोरी ने आरसीबी से मिली हार के बाद कहा था, 'हम लक्ष्य देने में कामयाब रहे हैं और अब लक्ष्य का पीछा करना भी सीखना होगा।'

### हेड-अभिषेक पर निर्भर

सनराइजर्स बल्लेबाजी में ट्रेविस हेड और अभिषेक शर्मा पर काफी निर्भर है। दोनों के फ्लॉप होने पर सनराइजर्स की पारी भी चरमरा जाती है। एडेन माक्ररम को अब अपने चिर परिचित फॉर्म में लौटना होगा जिनका बल्ला अभी तक खामोश रहा है।

### रॉयल्स का शानदार सफर

रॉयल्स का अब तक का सफर बेदाग रहा है। पहले सत्र की विजेता टीम ने हर प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ उम्दा प्रदर्शन किया है और 16 अंक लेकर शीर्ष पर है। उसके पास जोस बटलर, यशस्वी जायसवाल और कप्तान संजू सैमसन जैसे फॉर्म में चल रहे बल्लेबाज हैं। शिमरोन हेटमायेर और रोवमैन पॉवेल के अलावा रियान पराग और ध्रुव जुरेल ने भी रन बनाये हैं।

## वैशाली ने ग्रैंडमास्टर का दर्जा मिलने पर जताई खुशी

एजेंसी ▶▶ चेन्नई



शतरंज की वैश्विक संचालन संस्था फिडे द्वारा हाल में आधिकारिक रूप से ग्रैंडमास्टर का दर्जा मिलने के बाद भारतीय शतरंज खिलाड़ी आर वैशाली ने खुलासा किया है कि ऐसा भी समय था जब यह इस उपलब्धि को हासिल करने को लेकर अनिश्चित थीं लेकिन अच्छे सहयोगी ढांचे की बदौलत ऐसा करने में सफल रहीं।

वैशाली ने स्पेन में लोब्रेगेट ओपन टूर्नामेंट में जरूरी 2500 ईएलओ अंक जुटा लिए थे और कोनेरू हंपी तथा हरिका द्रोणावल्ली के बाद ग्रैंडमास्टर बनने वाली तीसरी महिला बनीं थी। वैशाली को हालांकि आधिकारिक तौर पर यह दर्जा पिछले महीने टोरंटो में कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के दौरान फिडे परिषद की बैठक के बाद दिया गया। वैशाली ने साक्षात्कार में कहा, 'महिला ग्रैंडमास्टर बनने के बाद मुझे पता था कि किसी दिन यह ग्रैंडमास्टर में बदल जाएगा। मैंने इस उपाधि के बारे में इतना अधिक नहीं सोचा। हां, इसे आधिकारिक होने में कुछ समय लगा लेकिन मुझे खुशी है कि अंततः यह दर्जा मिल गया। मुझे देरी से कोई दिक्कत नहीं थी।'






# पनडुब्बी रोधी सुपरसोनिकः मिसाइल का सफल परीक्षण, अब समंदर की निगरानी होगी स्मार्ट

एजेंसी ▶▶ बालासोर

भारत को रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के मामले में एक और बड़ी कामयाबी मिली है। दरअसल भारतीय नौसेना ने पनडुब्बी रोधी मिसाइल सिस्टम का सफल परीक्षण किया है। भारतीय नौसेना ने बुधवार को ओडिशा में बालासोर के तट पर सुपरसोनिक मिसाइल असिस्टेड रिलीज ऑफ टॉरपीडो (स्मार्ट) मिसाइल सिस्टम का सफल परीक्षण किया। बुधवार सुबह करीब साढ़े आठ बजे डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप से सुपरसोनिक मिसाइल सिस्टम ने उड़ान भरी। यह अगली पीढ़ी का मिसाइल सिस्टम है, जो लाइटवेट टॉरपीडो डिलीवरी सिस्टम पर आधारित है। इसे डीआरडीओ द्वारा ही डिजाइन और विकसित किया गया है।

**1** भारतीय नौसेना ने बुधवार को ओडिशा में बालासोर के तट पर किया सफल परीक्षण


### सुपरसोनिक मिसाइल की

पनडुब्बी रोधी युद्ध में यह मिसाइल सिस्टम बेहद अहम है। यह मिसाइल लंबी दूरी के लक्ष्यों को भेदने में सक्षम है। स्मार्ट मिसाइल को युद्धक जहाज के साथ ही तटीय इलाकों से भी लॉन्च किया जा सकता है। यह मिसाइल अपनी अधिकांश उड़ान कम ऊंचाई पर हवा में पूरी करती है और अपने लक्ष्य के नजदीक जाकर मिसाइल से टॉरपीडो रिलीज होकर पानी के भीतर लक्ष्य को भेदने में सक्षम है। कैनिस्टर आधारित इस मिसाइल सिस्टम में कई आधुनिक सब-सिस्टम हैं, जिनमें दो चरणीय सॉलिड प्रोपल्शन सिस्टम, इलेक्ट्रोमैकेनिकल एक्टुएटर सिस्टम, नेविगेशन सिस्टम आदि शामिल हैं। यह सिस्टम एक कम वजनी टॉरपीडो को बतौर पेलोड साथ लेकर उड़ान भरता है, जिसमें पैराशूट आधारित रिलीज सिस्टम होता है। आज के परीक्षण में टॉरपीडो के मिसाइल सिस्टम से अलग होने और अन्य तकनीकी पहलुओं की जांच की गई।

### प्रणाली के विकास से हमारी नौसेना की ताकत और बढ़ेगी

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने स्मार्ट के सफल उड़ान-परीक्षण पर डीआरडीओ और उद्योग भागीदारों को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि प्रणाली के विकास से हमारी नौसेना की ताकत और बढ़ेगी। रक्षा अनुसंधान एवं विकास विभाग के सचिव और डीआरडीओ के अध्यक्ष डॉ. समीर वी कामत ने पूरी स्मार्ट टीम के सहक्रियात्मक प्रयासों की सराहना की और उत्कृष्टता के पथ पर आगे बढ़ने का आग्रह किया।

# विस्तारा विमान की इमरजेंसी लैंडिंग, ओलावृष्टि-बारिश से आई विंडशील्ड में दरार



**भुवनेश्वर।** ओलावृष्टि और तूफान के कारण विंडशील्ड में दरार आने के बाद विस्तारा के विमान यूके-788 की भुवनेश्वर हवाईअड्डे पर आपातकालीन लैंडिंग कराई गई। इसको उड़ान भरने के 10 मिनट बाद ही आपात्कालीन लैंडिंग करानी पड़ी। फ्लाइट में करीब 170 से 180 यात्री सवार थे, जो सभी सुरक्षित हैं। विंडशील्ड के अलावा, संरचना के कुछ हिस्सों को भी कुछ नुकसान हुआ है। विमान दोपहर करीब 1:45 बजे भुवनेश्वर से रवाना हुई थी और इसके 10 मिनट बाद वापस उतरने के लिए सहायता मांगी थी। यह हवाईअड्डे पर एक सामान्य लैंडिंग थी।

## पढ़ाई के लिए कनाडा गए गोल्डी ने अपराध की दुनिया में रखा था कदम

# मूसेवाला मर्डर केस के मास्टरमाइंड गोल्डी बरार की अमेरिका में हत्या?

एजेंसी ▶▶ चंडीगढ़

कुख्यात गैंगस्टर गोल्डी बरार की मौत की खबर सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। दावा किया जा रहा है कि लॉरेंस गैंग के सबसे खास गुर्गों में शामिल गोल्डी को अमेरिका में गोलियों से भून दिया गया है।



गोल्डी बरार



सिद्धू मूसेवाला

मीडिया रिपोर्ट्स में कहा जा रहा है कि उसकी हत्या की जिम्मेदारी उसके विरोधी गैंग के डल्ला-लखबीर ने ली है। हालांकि गोल्डी बरार की मौत की अधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हो सकी है। सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड का मुख्य संदिग्ध के तौर पर गोल्डी बरार की पंजाब पुलिस के साथ अन्य राज्यों की पुलिस को भी तलाश थी। गौरतलब है कि कुछ समय पहले ही केंद्र सरकार की ओर से गोल्डी को आतंकवादी घोषित किया था।

गोल्डी बरार का चचेरा भाई गुरलाल बराड़ लॉरेंस बिश्नोई का सबसे करीबी था। गुरलाल बराड़ की हत्या के बाद लॉरेंस गैंग ने सोशल मीडिया पर लिखा था कि अब नई जंग की शुरुआत है, सड़कों पर खून नहीं सूखेगा। इस बीच गोल्डी बराड़ स्टडी वीजा पर कनाडा पढ़ाई करने जा चुका था। मगर गुरलाल की हत्या के बाद वह जरायम की दुनिया में कूद पड़ा। कनाडा से ही गोल्डी ने हत्याओं की साजिश रचनी शुरू की और कई वारदातों को अपने गुर्गों से अंजाम दिलवाया। इन्हीं में एक वारदात थी गुरलाल सिंह की हत्या। 18 फरवरी 2021 को पंजाब के फरीदकोट में जिला यूथ कांग्रेस अध्यक्ष गुरलाल सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी गई। गोल्डी बराड़ ने अपने भाई की हत्या का बदला लेने की खातिर ही यूथ कांग्रेस नेता को मरवाया था।

*गायक सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड का मुख्य आरोपी गोल्डी मारा गया है। सूत्रों के अनुसार, अमेरिका में गोली मारी गई है। हत्या की जिम्मेदारी डल्ला-लखबीर गैंग ने ली है।*

**कनाडा में सबसे वांछित व्यक्तियों की सूची में था बरार**

**मौत की खबर सोशल मीडिया पर वायरल**

## बब्बर खालसा आतंकवादी संगठन से था संबंध

### मूसेवाला की हत्या की साजिश रची थी

*बहुचर्चित सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड में मुख्य वांटेड रहे गोल्डी बरार की हत्या पर कई जानकारियां सामने आ रही है। गोल्डी बरार को पूर्व में मूसेवाला हत्या का मुख्य संदिग्ध माना गया था। बाद में गोल्डी ने व्यक्तिगत रूप से हत्या करने की बात स्वीकार की। इसके पीछे उसने बताया था कि उसने 2022 में पंजाब में एक छात्र नेता की हत्या के प्रतिशोध के रूप में मूसेवाला की हत्या की साजिश रची थी।*

### आतंकवादी घोषित किया गया था

मूसेवाला हत्याकांड के बाद गोल्डी को आतंकवादी घोषित किया गया था। गृह मंत्रालय की ओर से गोल्डी के बारे में कहा गया था कि सतविंदर सिंह, जिसे सतिंदरजीत सिंह या गोल्डी बरार के नाम से भी जाना जाता है, का संबंध बब्बर खालसा आतंकवादी संगठन से था और उसने कई हत्याओं, हथियारों की अवैध तस्करी और चरमपंथी गतिविधियों में भी शामिल रहा।

### विदेश से मचा रखा था आतंक

गोल्डी बरार मूल रूप से पंजाब के मुक्तसर का रहने वाला था। उसके पिता पहले पंजाब पुलिस में सेवा दे चुके हैं। 2017 में छात्र वीजा पर कनाडा में स्थानांतरित होने के बाद, गोल्डी बरार प्रतिद्वंद्वियों को निशाना बनाने और धनी व्यक्तियों से पैसे ऐंठने जैसी आपराधिक गतिविधियों में शामिल हो गया। मई 2023 में, गोल्डी बरार को कनाडा में सबसे वांछित व्यक्तियों की सूची में 15वें स्थान पर रखा गया था। उसे हत्या, साजिश, अवैध बन्दूक व्यापार और हत्या के प्रयास से संबंधित आरोपों के कारण सूची में जोड़ा गया था। विदेश में रहकर भी वह पंजाब, हरियाणा और राजस्थान में उसका फिरौती, वसूली और कई हत्याओं से संबंध रहा।

## आईसीजे का रोक लगाने से इनकार

# इजराइल को जर्मनी देता रहेगा हथियार

**इजराइल को अमेरिका 65.6, जर्मनी 29.7 इटली 4.7% सप्लाई करता है हथियार**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

संयुक्त राष्ट्र की शीर्ष अदालत इंटरनेशनल कोर्ट ऑफ जस्टिस (आईसीजे) ने इजराइल को जर्मनी द्वारा की जाने वाली हथियार सप्लाई पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है। मध्य अमेरिकी देश निकारागुआ ने अंतरराष्ट्रीय न्यायालय में यह मामला दायर किया था और आरोप लगाया था कि जर्मनी ने इजराइल को सैन्य उपकरण भेजकर संयुक्त राष्ट्र नरसंहार संधि का उल्लंघन किया है लेकिन आईसीजे ने इसके खिलाफ फैसला दिया है।



### अंतिम फैसला आने में लग सकते हैं कई साल

*आईसीजे से अंतिम फैसला आने में वर्षों लग सकते हैं लेकिन यह फैसला आपातकालीन उपायों को तेजी से लागू करने के लिए दिया गया है। प्रधान न्यायाधीश नवाफ सलाम ने नीदरलैंड के हेग स्थित अदालत में यह फैसला सुनाया। सुनवाई के दौरान जर्मन सरकार ने कहा था कि यह मुकदमा अनुचित है। दूसरी तरफ इजराइल भी मजबूती के साथ इससे इनकार करता रहा कि उसका सैन्य अभियान नरसंहार संधि का उल्लंघन है।*

## चांद पर बर्फ ही बर्फ! भारतीय वैज्ञानिकों ने किया कमाल

# चंद्रमा की सतह के नीचे बर्फ पर नए शोध ने सबको चौंकाया

**भारत के चंद्रयान-2 चंद्र ऑर्बिटर के रडार डेटा का किया उपयोग**

**उत्तरी ध्रुवीय क्षेत्र में दक्षिणी ध्रुवों की तुलना में लगभग दोगुनी बर्फ**



एजेंसी ▶▶ बेंगलुरू

चांद पर पानी की खोज से जुड़े नए तथ्य सामने आए हैं। भारतीय और अंतराष्ट्रीय वैज्ञानिकों के एक हालिया अध्ययन से इस बात की उम्मीद जगी है कि चंद्रमा के ध्रुवीय गड्ढों में पहले के अनुमान से काफी अधिक सतह पर पानी बर्फ हो सकती है। इसरो ने बुधवार को कहा है कि आईएसपीआरएस जर्नल ऑफ फोटोग्रामेट्री एंड रिमोट सेंसिंग में प्रकाशित शोध से पता चलता है कि सतह के कुछ मीटर नीचे बर्फ की मात्रा सतह की तुलना में 5 से 8 गुना अधिक है।

### चांद पर पानी मिलने की संभावना

भारत के चंद्रयान-2 चंद्र ऑर्बिटर के रडार डेटा का उपयोग करते हुए निकाले गए निष्कर्ष संकेत देते हैं कि कुछ ध्रुवीय क्रेटर में बर्फ जमा हो सकती है। इसरो का कहना है कि नया अध्ययन चंद्रमा के वाष्पशील पदार्थों के इन-सीटू जांच के लिए उसकी भविष्य की योजनाओं का समर्थन करता है। पानी मानव जीवन के लिए एक बहुमूल्य संसाधन है। ऐसे में चंद्रमा की सतह के ठीक नीचे से बर्फ का होना एक नई संभावना पैदा करता है। चांद पर पानी की खोज को लेकर दुनियाभर के वैज्ञानिक सालों से खोज में जुटे हैं। इसको लेकर अलग-अलग तरह की जानकारी भी सामने आती रही है।

### वाष्पशील पदार्थों का पता लगाना होगा आसान

यह दबी हुई बर्फ चंद्रमा पर लंबे समय तक मानव उपस्थिति को बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण साबित हो सकती है। इसरो स्पेस एप्लीकेशन सेंटर (एसएसी) के टी चक्रवर्ती ने कहा, 'इस बर्फ के वितरण और गहराई की सटीक जानकारी भविष्य में इन चंद्र वाष्पशील पदार्थों का पता लगाने और नमूना लेने के लिए लैंडिंग स्थलों का चयन करने में महत्वपूर्ण साबित होगा। नासा के चंद्र टोही ऑर्बिटर (एलआरओ) पर सवार सात उपकरणों से डेटा का विश्लेषण करते हुए टीम ने पाया कि उत्तरी ध्रुवीय क्षेत्र में दक्षिणी ध्रुवों की तुलना में लगभग दोगुनी बर्फ है। माना जाता है कि बर्फ की उत्पत्ति प्राचीन चंद्र ज्वालामुखी के दौरान निकलने वाली गैस से हुई थी।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109